"जैनाचार्य न्यायांभोनिधि श्रीमद्विजयानंदसूरि—
(आत्मारामजी) महाराज"

" No man has so peculiarly identified himself with the interests of the Jain Community as Muni Atmaramji He is one of the noble band sworn from the day of initiation to the end of life to work day and night for the high mission they have undertaken. He is the high priest of the Jain Community and is recognised as the highest living authority on Jain Religion and literature by Oriental Scholars.'

(The worlds Parliament of Religions Chakago in America Page 21).

कुमारपालचरित्र.

लेखक

श्रीमद्वल्लभविजयजी शिष्यमुनि श्रीललितविजयजी

स्वर्गस्थ बाबु चूनीलालजी पन्नालालजी की
आर्थिक सहायतासें

प्रसिद्ध कर्त्री,

श्रीआत्मानंदजैनसभा भावनगर (काठियावाड)

दूसरी दफा प्रत १०००

वीरसंवत् २४४२-वि० सं० १९७३ आत्मसं० २१

सने १९१६

मुंबई, निर्णयसागर प्रेस.

पाटणनिवासी स्वर्गस्थ बाबु चुनीलालजी पन्नालालजी.

जन्म-कलकत्ता, संवत १९०७.   मृत्यु-मुंबइ, संवत [illegible].

अनुक्रमणिका.

विषय. पृष्ठ.

विषय.	पृष्ठ.

विषय.	पृष्ठ.

अर्हम्।

प्रस्तावना।

सन्त्यन्ये कवितावितानरसिकास्ते भूरयः सूरयः
क्ष्मापस्तु प्रतिबोद्धते यदि परं **श्रीहेमसूरेर्गिरा**।
उन्मीलन्ति महामहांस्यपि परे लक्षाणि रूक्षाणि खे,
नो राकाशशिनीं विना बत भवत्युज्जागरः सागरः॥

स्वर्गे न क्षितिमण्डले न वडवावक्त्रे न लेभे स्थितिं,
त्रैलोक्यैकहितप्रदाऽपि विधुरा दीना दया या चिरम्।
चौलुक्येन **कुमारपाल**विभुना प्रत्यक्षमावासिता,
निर्भीका निजमानसौकसि वरे, केनोपमीयेत सः॥

अखिलविद्यापारंगत, सकलशास्त्रनिष्णात, सर्वतंत्रस्वतंत्र, कलिकाल—सर्वज्ञ भगवान् श्रीहेमचंद्र सूरीश्वर; तथा उन के परमभक्त, परमार्हत, धर्मात्मा, अति दयालु, चौलुक्य चूडामणि, गुर्जरधराधि-

पति, राजर्षि श्रीकुमारपाल देव के भव्यजन मनोरंजन, लोकोत्तर, पवित्र जीवन–चरित्र के विषय में, पूर्वकाल के अनेक जैन विद्वानोंने विविध ग्रंथ लिखे हैं; इन महापुरुषों के अगण्य गुणगण का मुक्त कण्ठ से भक्तिभरित गानकर स्वनाम को कृतार्थ किया है। भावी जनप्रजा को, भक्ति का मार्ग दिखला कर, आत्मिक शक्ति के अभ्युदय करने में अत्यंत अवलंबन दिया है। हमारे सुनने और देखने में आजतक जितने ग्रंथ आये हैं, उन के नामादि पाठकों के जानने के लिए यहाँ लिखे जाते हैं—

१—कुमारपाल–प्रतिबोध, सोमप्रभाचार्यकृत।

इस का दूसरा नाम जिनधर्म–प्रतिबोध–हेमकुमारचरित्र–भी है। इस के कर्ता श्रीसोमप्रभाचार्य बडे भारी विद्वान् थे। इन्हों ने एक काव्य[1] लिखा है जिस के सौ

[1] विद्वानोंके अवलोकनार्थ वह काव्य हम यहां उद्धृत करते हैं—

कल्याणसारसवितानहरेक्षमोह–, कांतारवारणसमानजयाद्यदेव।
धर्मार्थकामदमहोदयवीर–, सोमप्रभावपरमागमसिद्धसूरे॥

इस काव्यके ऊपर स्वोपज्ञ व्याख्या है जिसमें पृथक् पृथक् १०० रीति से व्याख्यान लिखे हैं।

तरह से अर्थ किए हैं। इस निमित्त इन्हें 'शतार्थी' की बहुविद्वत्तासूचक उपाधि मिली थी। इन की कवित्व शक्ति बहुत अच्छी थी। जिन्हों ने इन की बनाई हुई 'सूक्तिमुक्तावली'[१]—जिस का अपर नाम सिंदूर प्रकर है—का पाठ किया है वे इस बात को अच्छीतरह जानते हैं। ये संस्कृत के समान प्राकृत भाषा के भी पूरे पारंगत थे। महाराज कुमारपाल देव के राज्यत्व काल में 'सुमतिनाथचरित्र' नामक एक बहुत बडा ग्रंथ प्राकृत में लिखा है। इस 'कुमारपाल चरित्र' में भी बहुत भाग प्राकृत का ही है। विक्रम संवत् १२४१ में इस ग्रंथ की समाप्ति हुई है। अर्थात् महाराज कुमारपाल की मृत्यु से ११ वर्ष बाद यह ग्रंथ लिखा गया है। ग्रंथ बहुत बडा है। श्लोकसंख्या कोई इस की ९००० के लगभग होगी।

२—मोहपराजयनाटक, यशःपालमंत्रीकृत।

सुप्रसिद्ध युरोपीय पंडित **पीटरसन** (Prof. Peterson.)

---

१ देखो निर्णयसागर प्रेस, बंबई, का छपा हुआ 'काव्यमाला सप्तम गुच्छक'

ने, पूनेकी डॅक्कन कॉलेज (Deccan College) के वि-
द्यार्थीओं के सन्मुख श्रीहेमचंद्राचार्य के विषय में एक
व्याख्यान दिया था। उस में, इस ग्रंथ के विषय में बो-
लते हुए उन्हों ने विद्यार्थीओं से कहा था कि—"इस
तुह्मारी कॉलेज के, उस अगले दिवान खाने के ही 'पु-
स्तक–संग्रह' में एक पुस्तक पडी है। जिस में यह वृत्तांत
लिखा हुआ है कि, कुमारपाल राजा ने किस वर्ष के
किस महीने और किस दिन को जैन धर्म स्वीकार
किया। क्रिश्चीयन लोकों के 'पीलग्रीम्स प्रोग्रेस' नामक
पुस्तक की तरह, अलंकार रूप से, कुमारपाल राजा के
जैनधर्म में दीक्षित होने का वर्णन किया गया है। यह
पुस्तक नाटकके रूपमें ताडपत्रपर लिखी हुई है, और
'मोहपराजय' इस का नाम है। हेमचंद्राचार्य से संबंध
रखने वाले इतिहास ऊपर, प्रकाश डालने वाली पुस्तकों
में से, यह पुस्तक सब से प्राचीन है। इस पुस्तक के
कर्ताका नाम यशःपाल है। कुमारपाल राजा की मृत्यु
के बाद, उस के राज्य का स्वामी जो अजयपाल हुआ

था उस का यह प्रधान था। इस 'मोहपराजय' नाटकमें, कुमारपाल राजा के साथ, **धर्मराज** और **विरतिदेवी** की पुत्री **कृपासुन्दरी** का पाणिग्रहण, तीर्थंकर महावीर और आचार्य हेमचंद्र की सन्मुख, कराया गया है। जैन धर्म की इस बडी भारी विजय की मिति संवत् १२१६ के मार्गशीर्ष मास की शुक्ल द्वितीया है। अर्थात् ईस्वीसन् ११६० में कुमारपाल राजा ने प्रगटरूप से जैनधर्म का स्वीकार किया था। इस तारीख के निश्चय में संशयित होने का कोई भी कारण नहीं है, क्यों कि यह पुस्तक ईस्वीसन् ११७३ से ११७६ के बीच में–अर्थात् इस उपरोक्त तारीख के बाद १६ वर्ष के अंदर ही—लिखी हुई होनी चाहिए।"

३—**प्रबंध-चिंतामणि, मेरुतुंगाचार्यकृत** । यह ग्रंथ बहुत अच्छा है। संस्कृत भाषामें, गद्यमें, इस की रचना की गई है। इस में अनेक ऐतिहासिक घटनाओं का उल्लेख है। राजतरंगिणी के ढंग पर लिखा हुआ है। आधुनिक पाश्चात्य विद्वानों ने इस ग्रंथ को अन्य सब

ऐतिहासिक लेखों से, अधिक विश्वसनीय माना हैं। गुजरात के इतिहास के लिए तो केवल यही एक आधारभूत ग्रंथ है। इस का इंग्रेजी में अनुवाद करा कर, बंगाल की 'रॉयल एशियाटिक सोसाईटी' ने प्रगट किया है। इस के अंत में कुमारपाल व हेमचंद्राचार्य का विस्तृत वर्णन है। संवत् १३६१ के फाल्गुन मास की शुक्ल पूर्णिमा को, काठीयावाड के प्रसिद्ध नगर 'वढवाण' में इस की समाप्ति हुई थी।

४—**प्रभावक–चरित्र, प्रभाचंद्राचार्यकृत।** इस ग्रंथ में, जगत् में जैनधर्म की प्रभावना करने वाले अनेक प्रभावक पूर्वर्षियों के जीवन चरित्र है। सारा संस्कृत–पद्यमय है। कविता बडी रमणीय है संस्कृत-साहित्य-प्रेमीयों को अवश्य अवलोकन करने लायक है इस में पूर्वकाल के २३ जन महात्माओं का वर्णन है। अंत में हेमचंद्राचार्य का भी विस्तार से उल्लेख है।

५—कुमारपालचरित्र, जयसिंह सूरिरचित।

६—कुमारपालचरित, श्रीसोमतिलकसूरिकृत।

७—कुमारपालचरित्र, श्रीचारित्रसुंदरकृत ।

८—कुमारपालचरित्र, हरिश्चंद्रकृत (प्राकृत)।

९—चतुर्विंशतिप्रबंध, श्रीराजशेखरसूरिकृत ।

१०—कुमारपालरास (गुजराती) श्रीजिनहर्षकृत।

११—कुमारपालरास (गुजराती) श्रावक ऋषभदासरचित ।

इन पुस्तकों के अतिरिक्त 'विविधतीर्थकल्प' 'उपदेशतरंगिणी' तथा 'उपदेशप्रासाद' आदि बहुतसे अन्य ग्रंथों में भी इन महापुरुषोंका वर्णन मिलता है ।

इस ग्रंथ-गणना में हमें अभी एक और महत्त्ववाले ग्रंथ का नाम लिखना बाकी है—जो कि इस प्रस्तुत चरित्र का मूल भूत है। इस का नाम है **'कुमारपालप्रबंध'** संवत् १४९९ में, तपगच्छाचार्य महाप्रभावक श्रीसोमसुंदरसूरीश्वरजी के सुशिष्य **श्रीजिनमंडनगणि** ने इस की रचना की है। सारा ग्रंथ सरल और सरस संस्कृतमय है। गद्य और पद्य से मिश्रित है। बीच बीच में प्राकृत—पद्य भी प्रसंगवश उद्धृत किए गए हैं। इस ग्रंथ

का चरित्रात्मक भाग, केवल कवि की कल्पना मात्र है, ऐसा नहीं है; परंतु यथार्थ ऐतिहासिक घटना स्वरूप है। इस का प्रमाण पाठकों को इस से मिल सकेगा कि, इस चरित्रको विश्वसनीय और उपयोगी समझकर बडौदे के विद्याविलासी नृपति श्रीसयाजीराव महाराज ने, पारितोषिक दे कर, विद्वान् श्रावक श्रीयुत मगनलाल चूनिलाल वैद्य (बडौदे) द्वारा, गुजराती भाषा में अनुवाद कराकर, राज्य की तर्फ से छपवा कर प्रकाशित किया है। इस पुस्तक में गुजरात के इतिहास की बहुत सी उपयोगी बाते हैं। अणहिलपुर-पाटन नगर की स्थापना (विक्रम संवत् ८०२) से ले कर कुमारपाल राजा (सं. १२३०) पर्यंत की गुर्जरराज्यप्रवृत्ति विगेरे इस में संक्षिप्त से वर्णन की गई है। सिद्धराज-जयसिंह का, बंगाल के महोबकपुर(महोत्सवपुर) के राजा मदनवर्मा के साथ, समागम होने का उल्लेख इसी ग्रंथ में मिलता है, जो बात, जनरल कनिंगहाम (General Cunningham) के 'हिंदुस्थान का प्राचीन भूगोल' (Archeological Re-

ports.) वाली हकीकत को पुष्ट करती है। जुदा जुदा देशों को जीतना, विद्याकला-कौशल्य आदि का देश में प्रचार करना, नीति और धर्ममय जीवन बिताने के लिए प्रजा को अनेक तरह से प्रवृत्त करना, हिंसा, व्यसन आदि अधःपात कराने वाले अकृत्यों का सर्वथा नाश करना और सोमेश्वर शत्रुंजयादि विविध तीर्थों का जीर्णोद्धार व अनेक नवीन मंदिरों का बनवाना इत्यादि विविध विषयों का मनोहर विवेचन इस पुस्तक में किया गया है। अधिक क्या? उस समय की राजकीय, धार्मिक और सामाजिक स्थिति का एक उत्तम चित्ररूप यह प्रबंध है। इसी ही 'कुमारपालप्रबंध' के ऊपरसे लेखक ने, संक्षेपमें, यह 'कुमारपालचरित' विशेषकर राजपूताना और पंजाबादि देशवासी जैनी भाईयों के हितार्थ हिंदी में लिखा है।

गुजरात में विद्या और शिक्षा का प्रचार अधिक होने से तथा साधुओं की स्थिति भी इस देश में अधिकतया रहने से संस्कृत प्राकृत भाषा में से सैंकडो ग्रंथों का,

गुजराती भाषा में अनुवाद होगया है। श्रावकगण पढकर जिससे धार्मिक ज्ञान की वृद्धि कर सकते हैं, ऐसे अनेक प्रकरणग्रंथ और कथाग्रंथ प्रगट हो चुके हैं। परंतु राजपूतानादि देशों में रहने वाले श्रावक कि जिन की संख्या गुजरात से कई गुणी अधिक है—और जो गुजराती भाषा नहीं समझ सकते हैं, उन की ज्ञानवृद्धि के लिए कोई भी साधन उपस्थित नहीं है। यह देख कर बडा खेद होता है। यदि स्वर्गस्थ महाप्रभावक परमगुरु न्यायांभोनिधि जैनाचार्य श्रीमद्विजयानंद सूरीश्वरजी के प्रचंड पुरुषार्थ रूप 'जैनतत्त्वादर्श, अज्ञानतिमिरभास्कर, तत्त्वनिर्णयप्रासाद और चिकागोप्रश्नोत्तर' इत्यादि ग्रंथरत्न न होते तो थोडा बहुत भी जो धार्मिक ज्ञान और जैनधर्ममें श्रद्धान, उक्त प्रदेश वाले रखते हैं, उतना भी नहीं रहता। यह उस प्रदेश वाले भाईयों को विचारना चाहिए और अपनी संतानों को स्वधर्म में दृढ करने के लिए तथा उन को शिक्षित करने के लिए अपनी मातृभाषा में नाना प्रकार के धार्मिक ग्रंथों का अनुवाद कराकर,

मुफ्त या थोडे मूल्य में देने चाहिए। जबतक समाज में, सब के समझने योग्य सरल भाषा में लिखी हुई पुस्तकों का अभाव है, तबतक, धर्म में यथार्थ दृढ श्रद्धान की भी न्यूनता ही समझनी चाहिए। ऐसी अवस्था में संभव है कि यह पुस्तक उक्त देशीय श्रावकों को अधिक प्रियकर होगा।

इस पुस्तक में दो ऐसे महान् पुरुषों का वर्णन है कि जिन की समानता करने वाला उन के बाद, फिर इस भारतवर्षमें कोई हुआ ही नहीं। इन पुण्य प्रभावकों के संपूर्ण गुणों का वर्णन तो साक्षाद् बृहस्पति भी करने को समर्थ नहीं है, परंतु 'शुभे यथाशक्ति यतनीयम्' इस सूक्ति के अनुसार प्रबंध के मूल लेखक (श्रीजिनमंडनगणि) ने, इन महात्माओं के प्रति अपना भक्तिभाव प्रकट करने के लिए, पूर्वग्रंथों द्वारा तथा वृद्ध जनों के मुखद्वारा, जो कुछ वृत्तांत श्रवण गोचर हुआ उस को भावी प्रजा के हितार्थ पुस्तक रूप से लिख कर, अपनी परोपकार वृत्ति प्रकट की। इन प्रातःस्मरणीय महर्षि

और राजर्षि के आदर्श जीवनका एक क्षण भी ऐसा नहीं है कि जिसका जानना अनुपयुक्त हों, परंतु पूर्वकालीन भारतीयों का, आधुनिकों की तरह इतिहास तत्त्व की तरफ विशेष लक्ष्य न होने से, इन महात्माओं के समग्र जीवनचरित्ररूप अमृत का पान कर, हम अपने आत्मा को संतुष्ट नहीं कर सकते। इस प्रबंध में जिन बातों का उल्लेख है, वह केवल खास खास विशेष घटनाओं का ही समझना चाहिए।

यहां पर हम यदि, पाठकों के सुबोधार्थ इन महापुरुषों के पवित्र चरित्रका कुछ सारांश लिखा देवें तो, संभव है विशेष उपयुक्त होगा।

महर्षि श्रीहेमचंद्राचार्य ।

स्तुमस्त्रिसंध्यं प्रभुहेमसूरेरनन्यतुल्यामुपदेशशक्तिम् ।
अतीन्द्रियज्ञानविवर्जितोऽपि यः क्षोणिभर्तुर्व्यधित प्रबोधम् ॥

श्रीसोमप्रभाचार्य ।

विक्रम संवत् ११४५ की कार्तिकी पूर्णिमा को, सकलसत्वसमूह को अद्वितीय आह्लाद उत्पन्न करने वाला, सांसारिक विषयों के आंतरिक दाह से संतप्त आत्माओं को शांति पहुंचाने वाला, सम्यग्ज्ञान दर्शन और चारित्र रूप अलौकिक रत्नों को अपने गर्भ में रखने वाले पवित्र जैनधर्मरूप महासागर की, आनंदोत्पादक भगवती अहिंसास्वरूपिणी ऊर्मियों को अखिल भूमंडल में फैलानेवाला, भव्यजनरूप कमनीय कुमुदों को विकस्वर करने वाला और अपनी अपूर्व ज्ञानज्योत्स्ना द्वारा, अज्ञानांधकार से

आच्छन्न भारत धरा को उज्ज्वल करने वाला, तथा जिस का प्रकाश शाश्वत रहने वाला है ऐसे लोकोत्तर चंद्रके समान, इस महामुनींद्र हेमचंद्रका, प्राचीदिक् सदृश पूजनीय देवी **पाहिनी** के पवित्र गर्भसे अवतार हुआ था। **'जगत् में, जब जब धर्म की कोई विशेष हानि होने लगती है तब तब, उसकी रक्षा करने ये लिए अवश्य ही किसी महाज्योति–युगप्रधानका अवतार होता है'** इस प्राकृतिक नियमानुसार, जब जैनधर्म में विशेष क्षीणता पहुंचने लगी, परस्पर सांप्रदायिक झगडों की जड जमने लगी, विपक्षियों की ओर से अनेक प्रकार के प्रहार पडने लगे और जैनों का आत्मसंयम शिथिल होने लगा, तब, समाज कोई न कोई ऐसी व्यक्ति की अपेक्षा कर रही थी कि जो अपने सामर्थ्य द्वारा, जैन-धर्मपर घिरा हुआ, इस विपत्ति रूप बादल का संहार करे। समाज के इस मनोरथ को भगवान् हेमचंद्र ने पूर्ण किया। इस प्रचंड गति वाले महान् वायु के सामर्थ्य से वह मेघाडंबर उड गया।

दीक्षा।

चंद्रगच्छ के मुकुट स्वरूप श्रीदेवचंद्रसूरि ने अपने ज्ञान बलसे, इस व्यक्तिद्वारा जैनधर्म का महान् उदय होने वाला, जानकर, नव वर्षवाले इस छोटे से बच्चे को ही, संवत् ११५४ में चारित्र रूप अमूल्य रत्न सौंप दिया! पाठकों को यह पढकर आश्चर्य होगा कि इतना छोटा बच्चा साधुपने की जिम्मेदारियों को क्या समझता होगा और साधु—जीवन की कठिनाईयों को कैसे सहन कर सकता होगा? तथा बहुतसे अज्ञान मनुष्य इस बातपर उपहास्य ही करेंगे। परंतु यह एक उन की अज्ञान जन्य भूल ही समझना चाहिए। महापुरुषों का चरित्र लौकिक न होकर लोकोत्तर होता है; यह अवश्य ध्यान में रखना चाहिए। चाहे, वे वय और शरीर से भले ही छोटें हों, परंतु सामर्थ्य उनका बहुत बडा होता है। वे अपने समकालीन लाखों मनुष्यों जितनी शक्ति, अकेले ही धारण करे रहते हैं। जगत् में उन की पूजा अपूर्व गुणों के कारण ही होती है; वय या शरीर के निमित्त

से नहीं। गुणाः पूजास्थानं गुणिषु न च लिङ्गं न च वयः। यदि जगत् का इतिहास ध्यान से देखा जाय तो इस बात के प्रमाणभूत बहुत से उदाहरण मिलेंगे। भारतवर्ष में अनेक ऐसे महापुरुष हो गये हैं, जिन्होंने, साधारण जनसमाज की चर्मचक्षुमें दीख पडनेवाली बाल्यावस्थामें ही, अपूर्व कार्य किए हैं। श्रीशंकराचार्य तथा महाराष्ट्रीय भक्तशिरोमणि ज्ञानदेव जैसे समर्थ पुरुषों ने, १५–१६ वर्ष जैसी अल्प वय में ही, गहन-तत्वपूर्ण भाष्य लिख डाले थे, कि जिन को समझने के लिए भी साधारण मनुष्यों की तो आयु ही खतम हो जाती है। जैनाचार्य श्रीअभयदेवसूरि, सोमसुंदरसूरि आदि अनेक पुरुषों ने बाल्यावस्था में ही बडे बडे प्रतिष्ठित आचार्यादि पद प्राप्त किये थे। प्रो. पीटरसन, इस अल्पवय में दीक्षा देने वाली बात ऊपर लिखते हैं कि—"देवचंद्रने इस छोटे से बच्चे को दीक्षा दे कर अपना शिष्य बना लिया; यह आश्चर्य जैसा मालूम देगा, परंतु इस में आश्चर्य होने का कोई कारण नहीं है। इस प्र-

कारकी प्रथा, इस देश (भारतवर्ष) में तथा अन्य देशों में, प्राचीन काल से चली आ रही है, और चल रही है।..........पुख्त उम्र वाले को ही साधु बनाना चाहिए; यह नियम है अच्छा, परंतु अन्य सभी धर्मों में देखा जायगा तो इस तरह अल्पवय वाले ही, बहुत से नवीन आचार्य पसंत किए गए मालूम देंगे।"

विद्याभ्यास।

पूर्व जन्मके सुसंस्कार और क्षयोपशम की प्रबलता के कारण थोडे समयमें ही, हेमचंद्र मुनि ने सर्व शास्त्रों का अध्ययन कर, पांडित्य प्राप्त कर लिया। स्मरण-शक्ति और धारणा-शक्ति बहुत तीव्र होनेसे अल्प परिश्रम से ही अपार ज्ञान संपादन कर लिया। विद्याभिरुचि अत्यंत तीव्र होने के कारण भगवती सरस्वती देवी प्रसन्न होकर, स्वयं वर प्रदान करने के लिए आई थी!

जितेन्द्रियता।

आप का आत्मसंयमन और इंद्रियदमन अत्यंत

उत्कट था। इतनी अल्प वय में इस प्रकार की वैराग्य वृत्ति का अस्तित्व होना, अत्यंत आश्चर्यकारक है। संसार भर में, सब से कठिन पाल्य नियम ब्रह्मचर्य है। जिनका वर्णन सुनकर रोमांच खडे हो आते हैं, ऐसे घोर तपों को, असंख्य वर्षों तक तपने वाले बडे बडे योगी भी, इस दुष्कर नियम की कठोर परीक्षा में, अनुत्तीर्ण हो गए हैं। उसी ब्रह्मचर्य को, पूर्णरूप से, हेमचंद्र मुनि ने किस तरह धारण किया था, यह इस चरित्रांतर्गत पद्मिनी (पृष्ठ २५.) वाले वृत्तांत के पढने से, अच्छी तरह ज्ञात हो जाता है। धन्य है, इस महापुरुषकी सत्त्वशीलताको! पूर्ण ब्रह्मवृत्ति को! निर्विकार दृष्टि को! और उत्कृष्ट योगिता को! अहो! कितनी जितेन्द्रियता? कैसी मनोगुप्ति? कितना बडा दृढसंकल्प बल? सच्च है इस प्रकारकी सच्चरितताके विना अद्भुत विद्यायें कब प्राप्त हो सकती हैं? और जगत्का भला भी कहां से हो सकता है? इस महात्माके ब्रह्म तेज से कोयलों का ढेर भी सुवर्णमय हो जाता था! (पृष्ठ २३.)

आचार्यपद ।

इस प्रकार हेमचंद्र मुनि के ज्ञानबल और चारित्रबल की उत्कृष्टता का प्रवाह श्रीसंघ में सर्वत्र प्रसर गया । 'अब जैनधर्म की विजयपताका थोडे ही समय में सारे भूमंडल में उडने लगेगी–' इस प्रकार संघ में आनंदवार्ता प्रवर्तने लगी । संघ के आग्रहसे तथा शासन की महिमा बढाने के लिए, गच्छाधिपति श्रीदेवचंद्रसूरि ने, नागपुर नगर में, संवत् ११६२ के साल में हेमचंद्रमुनि को आचार्यपद पर अभिषिक्त किया ।

शासनोद्धार करनेकी प्रतिज्ञा ।

जब आप को आचार्यपद प्राप्त हुआ और जैनधर्म की धुरा कंधे पर रखी गई, तब शासन की स्थिति देख कर आप के मन में अनेक प्रकार के विचार उत्पन्न होने लगे । जैनधर्म का उद्धार और प्रचार जगत् में किस तरह हो; यह बात दिन और रात मन में घूमने लगी । हर एक उपाय से भी परमात्मा के शासन की वैजयन्ती

पताका को, एक दफे फिर भी, भारतवर्ष में फरकानी चाहिए, ऐसा पूर्ण उत्साह के साथ दृढ संकल्प किया। जबतक, कोई राजा महाराजा इस धर्मका नायक न हो, तबतक यह संकल्प सिद्ध होना मुश्किल है; ऐसा विचार कर, किसी महाराज को प्रतिबोध करने के लिए, मंत्राराधन कर, देवसे वर माँगा। आपके प्रबल मनोबल से, संतुष्ट हो कर देव ने ईप्सित वरप्रदान किया।

गुर्जरपति सिद्धराजका समागम।

विविध देशों में विहार करते हुए, और उपदेशामृत-द्वारा अनेक भव्य जीवोंको प्रतिबोध करते हुए, क्रमसे गुर्जर राज्यनगर अणहिलपुर–पाटन में प्रवेश किया। इस समय महाराज सिद्धराज जयसिंह यहांपर प्रजाप्रिय नृपति थे। धीरे धीरे सारे शहरमें तथा राजदरबारमें आप की विद्वत्ताकी ख्याती होने लगी। जिसे सुन कर महाराज भी आपके दर्शन के लिए उत्कंठित हुए। प्रसंग वश एक दिन आपका और महाराजका समागम

हुआ। राजा आप की विद्वत्ता और सच्चरितता पर बडा मुग्ध हुआ। 'आप कृपाकर, निरंतर यहाँ आया करें और धर्मोपदेशद्वारा हमें सन्मार्ग बताया करें' इस प्रकारकी राजा की विज्ञप्ति, धर्म की प्रभावना के खातर, स्वीकार कर ली। राजा की इच्छानुसार, आप का आगमन निरंतर राज्य सभा में होता था। नाना प्रकारकी तत्त्वचर्चा हुए करती थी। देश देशांतरों से अनेक मतों के विद्वान् अपनी विद्वत्ता का परिचय देने के लिए सिद्धराज की सभा में उपस्थित होते थे। सब के साथ हेमचंद्राचार्य का वाद विवाद होता था और उसमें सदा आप ही का जय होता था।

जैनधर्म में अटल श्रद्धा।

आपका आत्मा जैनधर्म में पूर्ण रंगा हुआ था। आर्हत धर्म ऊपर आपकी अटल श्रद्धा थी। यदि, जैन-धर्म की जय ध्वनि को सर्वत्र फैलाने के लिए, जो, रसातल में भी जाना पडे, तो, आप वहां जाने के लिए

भी तैयार थे। इस प्रकारका जैनधर्म ऊपर जो आपका विश्वास था वह धार्मिक–मोह जन्य नहीं था, किंतु जैनधर्म की सत्यता के कारण था। आप एक स्तुति में वीतराग महावीर प्रभु की स्तवना करते हुए कहते हैं की
'न श्रद्धयैव त्वयि पक्षपातो न द्वेषमत्रादरुचिः परेषु।
यथावदाप्तत् परीक्षयाच्च त्वामेव वीर! प्रभुमाश्रितास्म॥'
अर्थात्–हे वीर! केवल श्रद्धा–अंध श्रद्धा–से ही तेरे में हमारा पक्षपात है तथा केवल द्वेषमात्रा से ही अन्यों में हमारा अनादर है, ऐसा नहीं; किंतु परीक्षापूर्वक, हमारा यह व्यवहार है। जैनधर्म के सिद्धान्तों को आप अखंडनीय समझते थे, और अपने ज्ञानबलसे उनकी अखंडनीयता, समस्त प्रवादीयों के सामने, अकाट्य प्रमाणों द्वारा बडी निर्भीकता के साथ सिद्ध करते थे। इसी ही स्तुति में आप अन्यत्र लिखते हैं कि—
'इमां समक्षं प्रतिपक्षसाक्षिणा-मुदारघोषामवघोषणां ब्रुवे।
न वीतरागात्परमस्ति दैवतं, न चाप्यनेकांतमृते नयस्थितिः'
अर्थात्–प्रतिपक्षीयों के सन्मुख बडी गर्जना करके कहता

हूं कि, जगत् में वीतराग के सदृश तो कोई अन्य देव नहीं है और अनेकांत (स्याद्वाद–जैन) धर्म के सिवाय कोई तत्त्व नहीं है ।

निष्पक्षपातता ।

हम ऊपर कह आये हैं कि, आपकी जो धार्मिक श्रद्धा थी वह पक्षपात पूर्ण न हो कर, तात्त्विकी थी । इस का प्रमाण, **सिद्धराज ने जब आपको यह पूछा था कि, 'जगत् में कौनसा धर्म संसार से मुक्त करने-वाला है ?'** इस के उत्तर में आपने जो पुराणान्तर्गत संखाख्यान का (पृष्ठ २९.) अधिकार सुनाया है, और धर्म गवेषणाके लिए जो निष्पक्षपात भाव प्रकट किया है, वह आपके जीवन के निष्कर्ष का एक असाधारण उदाहरण है । इस प्रसंग ने आपके जीवन को अत्यंत पवित्र सिद्ध करदिया है । यदि आप, उस समय, इस प्रकारका मध्यस्थतासूचक जवाब न दे कर, जिस धर्म के ऊपर आपका पूर्ण विश्वास था, उसी का नाम लेते, तो आपको कौन रोकनेवाला था ? ऐसा जगत् में कौन

था जो आपके कथन को खंडित कर सक्ता ? किन्तु आप यह अच्छी तरह जानते थे कि जो भव्य और निष्पक्ष-पाती धर्मेच्छु होगा उसको तो, गवेषणा करने पर, निस्संदेह एक जैनधर्म ही सत्य-धर्म प्रतीत होगा। क्यों कि आप ने भी स्वयं जैनधर्म को सत्यता के कारण ही स्वीकार किया था। प्रो. पीटरसन इस विषय में लिखते हैं कि-"सिद्धराज को धर्मसंबंधी जो शंकायें होती थी, उन को, अन्य आचार्यों की माफक, जैनाचार्य हेमचंद्र को भी, पूछता था और जब, अन्य आचार्य, राजाके मन को संतुष्ट कर सके ऐसा जबाब नहीं दे सकते थे, तब हेमचंद्र अनेक दृष्टांतों द्वारा, ऐसा रम-णीय उत्तर देता था कि, जिससे सिद्धराज का मन खुश खुश हो जाता था।............एक समय सिद्धराज के मनमें यह शंका हुई कि, 'जगत् में मनुष्य का स्थान कैसा है तथा मनुष्य का उद्देश्य क्या है और वह कैसे प्राप्त हो सकता है?' जुदा जुदा अनेक धर्माचार्यों के पास से उसने इसका जबाब मांगा परंतु किसी से

संतोषकारक जवाब न दिया गया। सब ही ने उत्तर देने के समय, अपना मत श्रेष्ठ बतलाकर, अन्य धर्मों की निन्दा की। अंत में सिद्धराज ने निराश हो कर, हेमचंद्राचार्य से इसका जवाब मांगा, तब, उस ने एक बहुत अच्छा दृष्टांत दे कर सिद्धराज की शंका का निराकरण किया।....सिद्धराज इस जवाब को सुन-कर बहुत खुश हुआ।" हेमचंद्राचार्य के इस निष्पक्ष-पातपणे ऊपर प्रो. पीटरसन स्वयं बडा मुग्ध हुआ था।

सिद्धराज का अवसान।

इस प्रकार, भगवान् श्री हेमचंद्राचार्य के सहवास से, सिद्धराज के मनमें, जैनधर्म के विषयमें, बहुत कुछ आदर उत्पन्न हो गया था। यद्यपि, स्पष्टपणे उसने अपने कुलधर्म का त्याग नहीं किया था, तथापि, जैनधर्म की तरफ उसका भक्तिभाव विशेष रहता था। हेमचंद्राचार्य को बडी आदर की दृष्टि से देखता था। 'सिद्ध-हैम-शब्दानुशासन' नामक महान् व्याकरण आ[illegible] के

कथन से बनाया था। यह राजा बडा न्यायी और विद्याविलासी था। ४९ वर्ष तक राज्य–भार वहन कर संवत् ११९९ में, इस ने देह छोड दिया।

हेमचंद्राचार्य का विहार।

जब तक, सिद्धराज जीवित था तब तक, बहुत कर के आपका वास, पाटन ही में रहता था। यद्यपि शास्त्रों में, मुनिजनों को चिरकाल पर्यंत, एक स्थान में रहने का निषेध किया है, परंतु भगवान् उत्सर्गापवाद और द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव के, पूर्ण ज्ञाता थे। अतः उन्होंने, अनेक प्रकार से, जैनधर्म की प्रभावना होने का महान् लाभ समझ कर, राजा के उपरोध से अधिक समय तक, पाटन में ही रहना स्वीकार किया था। गुरु महा-राज और श्रीसंघकी भी यही इच्छा थी। जब सिद्धराज का देह पात हो गया, तब आपने थोडे समय के लिए पाटन छोड दिया और अन्य प्रदेशों में विचरने लगे। इस विहार काल में आपने जैनधर्म की बहुत प्रभावना की। हजारों मनुष्यों को जैनधर्म का स्वीकार कराया।

अपने अपूर्व उपदेश द्वारा, प्रजा को नैतिक और धार्मिक जीवन का सन्मार्ग दिखाया। अवकाश के समय में अनेक ग्रंथों की रचना कर, जैन–साहित्य की शोभा में वृद्धि की और भारत की भावी प्रजा के ऊपर अत्यंत उपकार किया।

पुनः पाटन में प्रवेश।

सिद्धराज के बाद गुर्जरभूमि के अधिपती महाराज कुमारपाल देव हुए। कितनेक वर्षो तक तो आप अपने राज्य की सुव्यवस्था करने में तथा शत्रुओं का मान मर्दन करने में, लगे रहे। दिग्विजय करके अनेक राजाओं कों, अपनी आज्ञा के वशवर्ती किये। राज्य की सीमा भी बहुत दूर तक बढाई। जब राज्य निष्कंटक हो गया और किसी प्रकारका उपद्रव न रहा तब, आप शांति से प्रजा का पालन करने लगे। देशमें सर्वत्र शांति फैल गई और कला कौशल की वृद्धि होने लगी। यह सब वृत्तांत जब भगवान् हेमचंद्राचार्य को ज्ञात हुआ तब, आपको अत्यंत खुशी हुई। चित्त बडा प्रसन्न हुआ। शासनो-

द्वारकी की हुई प्रतिज्ञा के, पूर्ण होने का अवसर नजदीक आया हुआ समझ कर, पुनः पाटन नगर को पवित्र किया। श्रीसंघ ने, इस बखत आपका पुर-प्रवेश बडे समारोह से कराया। आपके आगमन से शहर में सर्वत्र हर्ष छा गया।

प्रतिज्ञा-पूर्ण, सफल मनोरथ।

कुमारपाल महाराज को, पूर्वावस्थामें--राज्यप्राप्ति के पूर्व में--आपने अनेक संकटों से बचाये थे। इस कारण वे, आपके उपकार भार से तो दबे हुए थे ही। इस समय आपने, महाराज को प्राणांत भय से रक्षित किए, जिस से, उस उपकार की सीमा, अत्यंत बढ गई। आपकी इस प्रकार, निष्कारण परोपकारता को जानकर, महा-राज बडे प्रसन्न हुए। आपकी तरफ उनका भक्तिभाव अत्यंत बढ गया। पूर्व में जो वचन दे चुके थे, उसका स्मरण हो आया। उदयन मंत्री द्वारा सूरीश्वरजी को अपने पास बुलाये और चरणों में मस्तक रख कर

कहा– "भगवन्! आपने जो जो उपकार, इस क्षुद्र प्राणी पर किये हैं, उनका बदला तो मैं अनेक जन्मों द्वारा भी नहीं दे सकता, परंतु इस समय, जो कुछ मुझे आपकी कृपा से मिला है, उसे स्वीकार कर, उपकार के अपार भार को कुछ हलका कर, इस सेवक को उपकृत कीजिए। इस राज्य और राजा के आप ही स्वामी है। यह जन, यह मन और यह धन सब आप ही की सेवामें समर्पण है। इस अनुचर की यह तुच्छ प्रार्थना स्वीकार करें।" राजा के इन नम्र वाक्यों को सुन कर सूरीश्वर अत्यंत आनंदित हुए। मनोरथों के सफल होने का समय सामने आया हुआ देख, क्षणभर, आनंद के अपार सागर में, निमग्न हो गये। आप उत्कृष्ट योगी थे। अत्यंत निस्पृही थे। महा दयालु थे। केवल परोपकार के निमित्त ही आपका अवतार हुआ था। आप को न धन की जरूरत थी, न मान की। न राज्य की इच्छा थी न पूजा की जरूरत थी! आपको केवल संसार मात्र के प्राणियों को अभय दान दिलाने की; और

परमात्मा महावीर के पवित्र शासन की वैज यंती पताका को, सारे भूमंडल में उडती हुई देखनेकी ही कामना, आपकी यह भव्य भावना, कल्पवृक्ष समान, सर्वेच्छायों को पूर्ण करने में समर्थ और तत्पर, ऐसे महाराजाधि-राज कुमारपालदेव द्वारा, पूर्ण होगी; ऐसा जान कर राजा से कहा—"राजन्! भिक्षा माँग कर, लूखे सुके अन्न द्वारा, उदरपूर्ति करने वाले, जंगलों और शून्य गृहों में भूमिमात्र पर पडे रहनेवाले और केवल परमात्मा का ध्यान धरने वाले हम योगियों को, तुमारा राज्य तो क्या परंतु देवाधिपति महेंद्र का महाराज्य भी, तुच्छ सा प्रतीत होता है। हमारे ब्रह्मानंद के अनंत सुख आगे, समग्र संसार का वैभव भी अणुमात्र ही प्रतीत होता है, तो फिर, परिणाम में विरस ऐसे इस तुच्छ राज्य को लेकर हम क्या करें? हमने जो तुमारे ऊपर उपकार किया है वह स्वार्थ साधन के लिए नहीं, किंतु, भावी काल में तुमारे द्वारा, जगत् का महान् उपकार होनेवाला समझ कर, हमारा मुख्य कर्तव्य जो,

संसार की सेवा करनेका है; उसका पालन करनेके लिए हमने तुमारी सहायता की है । पूर्व सुकृत के योगसे अब तुमें उत्तम संयोग मिलें हैं, इस से, इन के द्वारा, संसार को सुख पहुंचा कर अपने **प्रजापति** पद को सार्थक करो । यदि, हमारे उपकार का बदला देने की ही, तुमारी दृढ इच्छा है तो हमारी इच्छा पूर्ण करो । हम जगत्‌में अहिंसा, और जैनधर्म का पूर्ण रूप से उत्कर्ष देखना चाहते हैं; इस लिए, हमारी इन तीन आज्ञाओं का पालन करो, जिस से तुमारा और तुमारी प्रजा का कल्याण हों । प्रथम तो, प्राणी मात्र का वध बंध कर सब जीवों को अभय दान दो । दूसरा, प्रजा की अधोगति के मुख्य कारण, जो दुर्व्यसन–द्यूत, मांस, मद्य, शिकार आदि हैं उनका नाश करो । तीसरा, परमात्मा महावीर की पवित्र आज्ञाओं का पालन कर, उसके सत्य धर्मका प्रचार करो ।" महाराज कुमारपाल बडे कृतज्ञ थे, भव्य थे, दयालु थे और अल्प संसारी थे । अल्प ही समय

में मुक्ति जानेवाले होने से उन के विशुद्ध हृदय में, हेम-चंद्राचार्य के इस वचनामृत से बोधि--बीज अंकुरित हो गया। महाराज ने सूरीश्वरजी के चरणों में फिर मस्तक रख कर कहा--"भगवन् आप की सर्व आज्ञायें मुझे शिरसा वंद्य है! जीवित पर्यंत इन पवित्र आज्ञाओं का उत्कृष्टतया पालन करने में पूर्ण प्रयत्न करूंगा। आप ही मेरे स्वामी गुरु और प्राण स्वरूप हैं।" सूरीश्वरजी को, महाराज के इन वचनों से जो आनंद हुआ उस के वर्णन करने की शक्ति किसमें है।

जैनधर्म का साम्राज्य।

महाराज कुमारपाल ने उसी क्षण से, गुरु महाराज की आज्ञाओं को, अमल में लाने की शुरुआत की। धीमे धीमे आपने अपने सारे राज्य में से **हिंसा राक्षसी को देश निकाला दिया,** यहां तक की, मनुष्य 'मर' और 'मार' इन शब्दों को भी भूल गये! पशु से लेकर कीडी और जूं जैसे अति क्षुद्र प्राणी पर्यंत के किसी भी जीव

कों, कोई भी मनुष्य कष्ट नहीं पहुंचा सकता था ! ! मनुष्य जाति के अवनति के कारण भूत दुर्व्यसनों का भी देशमें से बहिस्कार कराया । अनीति का नाम तक भी प्रजा भूल गई। महाराज निरंतर सूरीश्वर का धर्मोपदेश सुनने लगे। दिन प्रति दिन जैनधर्म में श्रद्धा बढने लगी। जगत् जंजाल मिथ्या भासने लगा। संसार की विरसता का अनुभव होने लगा थोडे ही समयमें आपने जैन–शास्त्रोक्त उत्कृष्ट गृहस्थ जीवन गालने के लिए, द्वादशव्रत स्वरूप श्रावका धर्म अंगीकार किया। अनेक प्रकार से जैनधर्म की प्रभावना करने लगे। जैन समाज फिर एक दफे चतुर्थ काल का अनुभव करने लगा। सर्वत्र जैनधर्म की जय जय ध्वनि होने लगी। यह सब देख कर हेमचंद्राचार्य अपने जीवन को सफल समझने लगे। अपनी प्रतिज्ञा पूर्ण हुई देख, स्व आत्मा को कृतकृत्य मानने लगे। वीतराग के सत्यधर्म का इस प्रकार उत्कर्ष देख कर, सत्–युग की अपेक्षा कलियुग कोही

3

आप श्रेष्ठ कहने लगे। महाराज कुमारपाल के नित्यपाठार्थ जो आपने **'वीतरागस्तोत्र'** लिखा है, उस में आप कहते हैं कि—

यत्राल्पेनापि कालेन त्वद्भक्तेः फलमाप्यते।
कलिकालः स एकोऽस्तु कृतं कृतयुगादिभिः ॥

अर्थात्—हे वीतराग! जिस कलियुग में, अल्प समयमें ही तेरे भक्त श्रेष्ठ फल प्राप्त कर लेते हैं, वह कलिकाल ही हमारे लिए तो सदा रहो! हमें उस सत्–युग से क्या मतलब है कि जिस में, तेरे धर्म के विना व्यर्थ ही संसार में मारे मारे फिरते थे। आगे चलकर आप कलिकाल में भी वीतराग के शासन की एकच्छत्रता का वर्णन करते हुए कहते हैं कि—

श्राद्धः श्रोता सुधीर्वक्ता युज्येयातां यदीश तत्।
त्वच्छासनस्य साम्राज्यमेकच्छत्रं कलावपि ॥

अर्थात्—हे देव! यदि, शुद्ध श्रद्धा से निर्मल है अंतःकरण जिस का ऐसा, श्राद्ध तो श्रोता हो, और सक-

लशास्त्रपारंगत तत्त्वपारीण ऐसा, वक्ता हो, तो कलिकाल में भी तेरे शासन का एकच्छत्र साम्राज्य हो सकता है। यह श्लोक बडे मार्केका है, इसमें भगवान् श्रीहेमचंद्राचार्य ने अपने जीवन का अनुभव प्रगट किया है। वे कहते हैं कि जहाँ, युगान्तवर्ती सकलशास्त्र का पारगामी (मेरे समान,) जैनधर्मका वक्ता उपदेशक है, और चौलुक्यचक्रचूडामणि महाराज श्रीकुमारपाल देव जैसा श्रोता—श्रावक है, उस कलिकाल में भी जैन-शासन का, एकच्छत्र साम्राज्य हो इस में आश्चर्य क्या ?

सूरीश्वरकी ज्ञानशक्ति-ग्रंथनिर्माण।

भगवान् हेमचंद्राचार्य के जीवन को जगत् में शाश्वत प्रकाशित रखनेवाला और विधर्मीयों को भी आश्चर्य उत्पन्न करानेवाला, उनका अगाध ज्ञानगुण था। उनके जैसा सकलशास्त्रों में पारंगत, अत्यंत, ढूंढने पर भी कोई नहीं मिलेगा। इस अपरिमित ज्ञानशक्ति से मोहित होकर, तत्कालीन सर्व धर्मके विद्वानों ने "कलिकाल-

सर्वज्ञ" ऐसी महती उपाधि, उनको समर्पण की थी। सचमुच ही आप "कलिकालसर्वज्ञ" थे, इस में जरा भी अत्युक्ति नहीं। इस बातकी सत्यता, आपकी अपार ग्रंथरत्नराशी, आज भी जगत को करा रही है। आप के ग्रंथों के ढेर को देख कर पाश्चात्य विद्वान् भी विस्मित होते हैं। वे भी आपको "ज्ञान के महासागर" (ocean of Knowledge) कह कर बुलाते हैं। कहा-जाता है कि आपने अपने जीवन काल में ३५०००००० (साढे तीन क्रोड) श्लोक प्रमाण ग्रंथ लीखे थे। परंतु भारतवासीयों के दुर्भाग्य से बहुत से ग्रंथ काल के कराल गाल में दबगये—नष्ट हो गये। इतना होने पर भी, जितने ग्रंथ वर्तमान काल में विद्यमान हैं, वे भी थोडी संख्यावाले नहीं। विद्यमान ग्रंथश्रेणी ही आज विद्वत्समूह को विस्मय करा रही है। विद्याके सकल विषयों में आपकी अबाधित गति थी। कोई भी विषय ऐसा नहीं था कि जिसका आपने अवगाहन नहीं किया हो यां जिसके ऊपर, अपनी चमत्कारिक लेखिनी न

उठाई हो! व्याकरण, न्याय, काव्य, कोष, अलंकार छंद, नीति स्तुति इत्यादि सब विषयों पर आपने एक यां अनेक ग्रंथ लिखें हैं। कई कई ग्रंथ तो ऐसे अपूर्व हैं कि जिनकी समानता करने वाले, जगत् में दूसरे ग्रंथ ही नहीं है। हमारी बहुत इच्छा थी कि, हम इस लेख में आपके ग्रंथों का विस्तार से उल्लेख करेंगे। परंतु लेख बढ जाने के कारण, स्थानाभाव हो जाने से, उस इच्छा को पूरी नहीं कर सके। आप के ग्रंथों का समूह इतना बडा और विचित्र है कि यदि उसका विस्तार से विवेचन किया जाय तो एक खासा पुस्तक बन जाय।

शिष्यश्रेणि—और शरीरांत।

सूरि भगवान् का शिष्यसमूह बहुत बडा और प्रभावशाली था। साधु समुदाय में, प्रबंधशतकर्ता—श्रीरामचंद्र, महाकवि—श्रीबालचंद्र, अनेक विद्यासंपन्न—श्रीगुणचंद्र, विद्याविलासी—श्रीउदयचंद्र, इत्यादि मुख्य थे। श्रावकसमुदाय में, महाराज श्रीकुमारपाल देव, महामात्य श्रीयुत उदयन, राजपितामह श्रीआम्रभट, दंडनायक

श्रीवाग्भट, राजघरट्ट श्रीचाहड, श्रीसोलाक इत्यादि अनेक राजवर्गीय तथा लक्षावधि प्रजावर्गीय श्रीमंतादि थे।

इस प्रकार बहुत समय तक अपने देहपुंज के पवित्र प्रकाश से सूरीश्वरजीने जगत् को प्रकाशित किया अपने आयु की समाप्ति का समय प्राप्त हुआ देख, भगवान् ने सकल शिष्यगण को समीप में बुलाया। आत्मिक उन्नति के विषय में विविध प्रकार के हितकर वचनोंद्वारा अमृत-तुल्य उपदेश दिया। जिसे सुनकर महाराज कुमारपाल का हृदय भर आया। सूरि महाराज ने उनको सांत्वन करने के लिये अनेक मिष्ट वचन कहे। अंतसमय में आपने निरंजन, निराकार और सहजानंदी परमात्मा का पवित्र ध्यान कर, बहिर्वासना का त्याग किया। विशुद्ध आत्मपरिणति में रमण करते हुए, निर्मल समाधिसहित दशम द्वार से प्राण त्याग किया! संवत् १२२९ में सारें संसार को शोकसमुद्र में डबोकर, इस भूमंडल पर से कलिकाल सर्वज्ञ भगवान् श्रीहेमचंद्राचार्यरूप लोकोत्तर चंद्र, अस्त होगया!

उपसंहार।

पाठको ! सूरि भगवान् के इस चरित्र-सारांश से आप को यह ज्ञात हो जायगा कि, वे कैसे प्रभावशाली पुरुष थे, उन में कैसे कैसे गुणों का सन्निपात हुआ था। सचमुच ही वे एक अद्वितीय महात्मा थे। उन के गुणों का वर्णन करते प्रो. पीटरसन लिखते हैं कि— "हेमचंद्र एक बडे भारी आचार्य थे। दुनिया के किसी भी पदार्थ पर उन का तिल मात्र भी मोह नही था" तथा "उस महापुरुष ने अपनी बडी आयु और जोखमदार जिंदगी को बुरे कामों में न लगाकर, संसार का भला करने में बीताई थी। उन के किये हुए सुकृत्यों के बदल इस देश की प्रजा को उन का बडा भारी उपकार मानना चाहिए।" प्रोफेसर के इन वचनों में हम इतने शब्द और मिलायेंगे, और कहेंगे कि—वे एक बडे भारी महात्मा थे, पूर्ण योगी थे, उत्कृष्ट जितेन्द्रिय थे, अत्यंत दयालु थे, महा परोपकारी थे, पूरे निस्पृही थे, निष्पक्षपाती थे, सत्य के उपासक थे,

और कलिकालमें सर्वज्ञ थे। आप के जीवन से संसार का बहुत उपकार हुआ, जैनधर्म का उद्धार हुआ, और सत्य का प्रचार हुआ। धन्य है महात्मन्! तेरे पवित्र जीवन को! वंदन हे भगवान्। तेरे सम्यग् ज्ञान, दर्शन और चारित्र को!!

राजर्षि श्री कुमारपाल देव।

सत्त्वानुकम्पा न महीभुजां स्या-
दित्येष क्लृप्तो वितथः प्रवादः।
जिनेन्द्रधर्मं प्रतिपद्य येन,
श्लाघ्यः स केषां न कुमारपालः॥

(श्रीसोमप्रभाचार्यः।)

व्यावहारिक जीवन।

महाराज कुमारपालदेव इस कलियुग में एक अद्वितीय और आदर्श नृपति थे। आप बडे न्यायी दयालु, परोपकारी, पराक्रमी और पूरे धर्मात्मा थे।

विक्रम संवत् ११४९ में आपका जन्म हुआ था और संवत् ११९९ में राज्याभिषेक हुआ था। एक पुरातन पट्टावली में राज्याभिषेक की तिथी 'मार्गशीष शुक्ल चतुर्थी लिखी है। राज्यप्राप्ति के बाद लगभग १० वर्षपर्यंत आपने राज्य की सुव्यवस्था करने का, और उस की सीमा बढाने का प्रयत्न किया दिग्विजय कर के आपने अनेक बडे बडे राजाओं को अपनी प्रचंड आज्ञा के आधीन किये। आप अपने समय में अद्वितीय विजेता और वीर राजा थे। भारत वर्षमें, उस समय आप की बराबरी करनेवाला और कोई राजा नहीं था। आप का राज्य बहुत बडा था। श्रीहेमचंद्राचार्य ने 'महावीरचरित' में आप की आज्ञा का पालन "उत्तर दिशा में तुरकस्थान, पूर्व में गंगा नदी, दक्षिण में विंध्याचल और पश्चिम में समुद्र पर्यंत" के देशों में होना लिखा है। प्रोफेसर मणीलाल नथुभाई द्विवेदी लिखते हैं कि—"गुजरात याने अणहिल्लवाड के राज्य की सीमा बहुत विशाल मालूम देती है। दक्षिण में ठेठ

कोलापुर के राजा उस की आज्ञा मानते थे। और भेंट भेजते थे। उत्तर में काश्मीर से भी भेंटे आती थी। पूर्व में चेदी देश तथा यमुना पार और गंगापार के मगध-देशपर्यंत आज्ञा पहुंची थी। और पश्चिम में सौराष्ट्र तथा सिंधु देश और पंजाब का भी कितनाक हिस्सा गुजरात के ताबे में था। 'राजस्थान इतिहास' के कर्ता कर्नल टॉड साहिब को, चितौड के किले में, राणा लखणसिंह के मंदिर में, एक शिलालेख मिला था, जो संवत् १२०७ का लिखा हुआ है। उस में महाराज कुमार-पालके विषय में लिखा है कि "महाराज कुमारपाल ने अपने प्रबल पराक्रम से सब शत्रुओं को दल दिये जिसकी आज्ञाको पृथ्वी ऊपर के सब राजाओं ने अपने मस्तक ऊपर चढाई। जिसने शाकंभरी के राजा को अपने चरणों में नमाया। जो खुद हथियार पकड कर सवा लक्ष (देश) पर्यंत चढा, और सब गढपतिओंको नमाया। सालपुर (पंजाब) तक को भी उस ने उसी तरह वश किया।" (वेस्टर्न इण्डिया टाडकृत.)

इन सब प्रमाणों से महाराज कुमारपाल क राज्य के विस्तार का खयाल होजात है। भारत वर्ष में, इतने बडे साम्राज्य को भोगनेवाले राजा बहुत कम हुए।

आपकी राजधानी अनहिलपुर–पाटन, भारत के उस समय के सर्वोत्कृष्ट नगरों में से, एक थी। व्यापार और कलाकौशल से, बहुत बढी चढी थी। समृद्धि के शिखर पहुंची हुई थी। राजा और प्रजा के सुंदर महालयों से तथा मेरु पर्वत जैसे उंचे और मनोहर देव भुवनों से अत्यंत अलंकृत थी। हेमचंद्राचार्य ने 'द्याश्रय महाकाव्य' में इस नगरी का बहुत वर्णन किया है। सुना जाता है कि उस समय इस नगर में १८०० सो तो क्रोडा-धिपति रहते थे। इस प्रकार महाराज एक बडे भारी महाराज्य के स्वामी थे।

आप प्रजा का पालन पुत्रवत् करते थे। अपने राज्य में एक भी प्राणी को दुःखी नही रखना चाहते थे। प्रजा आपको 'राम' का ही दूसरा अवतार समझती थी। प्रजा की अवस्था जानने के लिए, गुप्त वेश से

आप शहर में भ्रमण करते थे। हेमचंद्राचार्य कहते हैं कि—"दरिद्रता, मूर्खता, मलिनता इत्यादि से जो लोक पीडित होते हैं वे मेरे निमित्त से हैं या अन्य से ? इस प्रकार औरों के दुःखों को जानने के लिए राजा शहर में फिरता रहता था।" इस प्रकार जब गुप्त भ्रमण में महाराज को जो कोई दुःखी हालत में नजर पडता था तो, आप झट अपने स्थान पर आकर, उस के दुःख दूर करने की चेष्टा करते थे। 'द्याश्रय महाकाव्य' के अंतिम सर्ग (२०) में भगवान् श्रीहेमचंद्र लिखते हैं कि—"महाराज कुमारपाल ने एक दिन रस्ते में, एक गरीब मनुष्य को, चिल्लाते हुए और जमीनपर पडते हुए ऐसे ५–७ बकरों को खींच कर लेजाता हुआ देखा। महाराज ने पूछा की 'इन मरे हुए जैसे बिचारे पामर प्राणिओं को कहाँ ले जाता है ? मनुष्य ने कहा 'इन को कसाई को यहाँ बेचकर, जो कुछ पैसा आयगा, उस से उदरनिर्वाह करूंगा। यह सुन कर महाराज बडे खिन्न हुए और सोच ने लगे कि 'मेरे दुर्विवेक से ही इस तरह लोक हिंसा में प्रवृत्त होते हैं

इस लिए धिक्कार है मेरे प्रजापति नाम को! इस प्रकार अपने आत्मा को ठपका देते हुए राजभवन में आए और अधिकारीयों को सखत आज्ञा दी कि—'जो झूठी प्रतिज्ञा करे उसे शिक्षा होगी, जो परस्त्रीलंपट हो उसे, अधिक शिक्षा होगी, और जो जीव हिंसा करे उसे, सब से अधिक कठोर दंड मिलेगा। इस प्रकार की आज्ञा पत्रिका सारे राज्य में भेज दो, अधिकारीयों ने उसी वखत उक्त फरमान सर्वत्र जाहिर कर दिया। इस प्रकार सारे महाराज्य में—यावत् त्रिकूटाचल (लंका) पर्यंत—अमारि घोषणा कराई। इस में जिन को नुकसान पहुंचा उन को तीन तीन वर्ष तक का अन्न दिया। मद्यपान का प्रचार भी सर्वत्र बंध कराया। *यज्ञयाग

---

* इस बात ऊपर गुजरात के प्रख्यात विद्वान्, सद्गत् प्रो.मणिलाल नथुभाई द्विवेदी लिखते हैं कि—"कुमारपाल ने जब से अमारी घोषणा (जीवहिंसा बंध) कराई तब से यज्ञयाग में भी मांस-बलि देना बंध हो गया, और यव तथा शाली होम ने की चाल शरु हुई। लोकों की जीव ऊपर अत्यंत दया बढी। मांस-भोजन इतना निषिद्ध हो गया कि, सारे हिंदुस्थान (बंगाला

मे भी पशुओं के स्थान पर अन्न का हवन होना शुरु हुआ! एक दिन महाराज सोये हुए थे। इतने में किसी के रोने की अवाज सुनाई दी। आप ऊठ कर अकेले ही उस स्थान पर पहुंचे। जा कर देखा तो एक सुंदर स्त्री रोती हुई नजर पडी। उसे पूछनेपर मालूम हुआ कि, वह एक धनाढ्य गृहस्थ की स्त्री है, उसका पति और पुत्र दोनों मर गये। वह इस लिए रोती थी कि, 'राज्य का पूर्वकाल से यह क्रूर नियम चला आता है कि, संतति हीन मनुष्य की मिल्कत का मालिक राज्य है' अतः इस नियमानुसार मेरी जो संपत्ति है वह तो सब राज्य ले लेगा तो फिर मैं अपना जीवन किस तरह बिताऊँगी। इस लिए मुझे भी आज मर जाना अच्छा है। महाराज

पंजाब, इत्यादि) में, एक या दूसरे प्रकार से, थोडा बहुत भी मांस, हिंदु कहलानेवाले, उपयोग में लाते है, परंतु गुजरात में तो उसका गंध भी लग जाय तो, झट स्नान करने लग जाते हैं; ऐसी वृत्ति लोकों कि उस समय से बंधी हुई आजपर्यंत चलीजा रही है।" (देखो 'द्व्याश्रयकाव्य' का गुजराती भाषांतर, गायकवाड सरकारका छपाया हुआ।)

ने यह सुन कर उसे आश्वासन दिया और कहा कि 'तूं मर मत। राजा तेरा धन नहीं लेगा। सुखपूर्वक तूं अपनी जिंदगी को धर्मकृत्य करने में बिता।' स्वस्थान पर आकर महाराज ने मन में सोचा कि इस प्रकार, राज्य के क्रूर नियम से प्रजा कितनी दुःखी होती होगी? आपका अंतःकरण दया से भर आया। प्रजा के इस त्रास को नहीं सहन कर सके। आपने अधिकारीयों को बुलाकर कहा कि—'निष्पुत्र मनुष्य की मृत्यु के बाद, उस की संपत्ति राज्य ले लेता है यह अत्यंत दारुण नियम है। इस से प्रजा बहुत पीडित होती है, इस लिए यह नियम बंध करो। चाहे भले ही मेरे राज्य की ऊपज में लाख दो लाख तो क्या परंतु क्रोड दो क्रोड रुपये का भी क्यों न घाटा आ जाय' अधिकारीयों ने आपकी आज्ञा को मस्तक चढाया और उसी क्षण सारे राज्य में इस कायदे की क्रूरता दाब दी गई जिस से प्रजा के हर्षका पार नहीं रहा।" तथा कर-दंड वगेरह भी आपने बहुत कम कर दिये थे। इस प्रकार आपने प्रजाकों अत्यंत सुखी कीथी।

धार्मिक-जीवन।

यहाँ तक हमने आपके व्यावहारिक-सामाजिक जीवन का उल्लेख किया। अब कुछ थोडे से शब्द, धार्मिक आत्मिक जीवन के विषय में, कह कर, इस प्रस्तावना की समाप्ति करेंगे।

आप जिस प्रकार नैतिक और सामाजिक विषयों में औरों के लिए आदर्शस्वरूप थे, उसी प्रकार धार्मिक विषयों में भी आप उत्कृष्ट धर्मात्मा थे, जितेन्द्रिय थे और ज्ञानवान् थे। श्रीमान् हेमचंद्राचार्य का जब से आपको अपूर्व समागम हुआ तभी से आपकी चित्तवृत्ति धर्म की तरफ जुडने लगी। निरंतर उन से धर्मोपदेश सुनने लगे। दिन प्रति दीन जैनधर्म प्रति आपकी श्रद्धा बढने तथा दृढ होने लगी। अंत में संवत् १२१६ के वर्ष में, शुद्ध श्रद्धानपूर्वक जैनधर्म की गृहस्थ-दीक्षा स्वीकार की। सम्यक्त्वमूल द्वादश व्रत अंगीकार कर, पूर्ण श्रावक बने! उस दिन से निरंतर त्रिकाल जिनेन्द्र भगवान् की पूजा करने लगे। परम गुरु श्रीहेमचंद्राचार्य की विशेष

रूप से उपासना करने लगे। और परमात्मा महावीर-प्रणीत अहिंसास्वरूप जैन-धर्म का आराधन करने लगे। आप बडे दयालु थे, किसी भी जीवको कोई प्रकार का कष्ट नहीं देते थे। पूरे सत्यवादी थे, कभी भी असत्य भाषण नहीं करते थे। निर्विकार दृष्टिवाले थे, निज की राणीयों के सिवाय संसार मात्र का स्त्रीसमूह आपको माता, भगिनी और पुत्रीतुल्य था। महाराणी भोपलदेवी की मृत्यु के बाद आजन्म ब्रह्मचर्य व्रत पालन किया था! राज्यलोभ से सर्वथा पराङ्मुख थे मद्यपान, तथा मांस और अभक्ष्य पदार्थों का भक्षण कभी नहीं करते थे दीन दु:खीयों कों और अर्थी जनों को निरंतर अगणित द्रव्य दान करते थे। गरीब और असमर्थ श्रावकों के निर्वाह के लिए दरसाल लाखों रुपये राज्य के खजाने में से दिये जाते थे। लाखों रुपयों व्यय कर जैन शास्त्रों का उद्धार कराया और अनेक पुस्तक-भंडार स्थापन किये। हजारों पुरातन जैनमंदिरों का जीर्णोद्धार कराकर तथा नये बनवा कर भारत-भूमि को अलंकृत

की। तारंगादि तीर्थ क्षेत्रों पर के, दर्शनीय और भारत वर्ष की शिल्पकला के अद्वितीय नमूने रूप, विशाल और अत्युच्च मंदिर आज भी आपकी जैनधर्म प्रियता को जगत् में जाहीर कर रहे हैं। इस प्रकार आपने जैनधर्म के प्रभाव को जगत् में बहुत बढाया। संसार को सुखी कर अपने आत्मा का उद्धार किया। एक अंग्रेज विद्वान् लिखता है कि—"कुमारपाल ने जैनधर्म का बडी उत्कृष्टता से पालन किया और सारे गुजरात को एक आदर्श जैन-राज्य बनाया।" अपने गुरु श्रीहेमचंद्राचार्य की मृत्यु से छ महीने बाद, १२३० में, ८० वर्ष की आयु भोगकर, इस असार संसार को त्याग कर स्वर्ग प्राप्त किया!

अंतिम निवेदन।

पाठको! ऊपर जिन दो महापुरुषों का संक्षेप में उल्लेख हैं उन ही पुण्यात्माओं का विस्तार इस चरित्र में है। इस को अच्छी तरह पढिये और अपने आत्मा को

निर्मल करिये. हर एक समाज और देश की उत्कृष्ट संपत्ति उस के आदर्श पुरुष ही है। मनुष्य जीवन को उन्नत करने के लिए महात्माओं का पवित्र जीवनचरित्र ही एक सर्वोत्तम साधन है। जिस समाज और देश को अपने, पूर्व के समर्थ पुरुषों के प्रचंड सामर्थ्य का खयाल नहीं है, उन के सुकृत्यों का अभिमान नहीं है और उन की आज्ञा का पालन नहीं है, वह समाज और देश कभी उन्नति पर नहीं पहुंच सकता। इसलिए, प्रिय जैनबंधुओं! ऐसे महात्माओं के जीवनचरित्रों कों पढकर अपने पूर्वजों के गुणों और सुकत्यों को अपने हृदय में स्थापन करो. उन की पवित्र आज्ञाओं का पालन करो और गये हुए जैन-धर्म के गौरव को, अपने पुरुषार्थद्वारा एक दफे फिर पीछा लाकर, जगत् को उस का सर्व श्रेष्ठत्व बतलादो!

अंत में इस चरित्र के लेखक स्नेहास्पद श्रीयुत मुनि

श्रीललितविजयजी महाराज का मैं उपकार मानता हूं कि जिन के प्रसंग से प्रस्तावना में मुझे महात्माओं के गुणानुवाद करने का यह सु अवसर मिला !

वीर सं. २४४२
माघ सुदि १५.

मुनि जिनविजय ।

॥ ॐ नमः ॥

श्रीकुमारपालचरित.

ॐनमः श्रीमहावीर-स्वामिने परमात्मने।
परब्रह्मस्वरूपाय, जगदानंददायिने ॥ १ ॥

इस भारतभूमिमें क्षत्रीलोग अपने नामानुसार राज्य रक्षणमें हमेशांसेंही प्रयत्न करते आये हैं, और कर रहे हैं. कालानुक्रमसें भिन्न भिन्न कारणोंद्वारा इनके छत्रीस वंशोंकी स्थापना हुइ है.[1]

(३६ वंशोंके नाम)

१ इक्ष्वाकु २ सूर्य ३ चंद्र ४ यादव ५ परमार ६ चोहाण ७ चौलुक्य ८ छिंदक ९ सिलार १० सैंधव ११ चावडा १२ प्रतिहार १३ चंदुक १४ राठ १५ कूर्पट १६ शक १७ करट १८ पाल १९ करंक

---

१ देखो टॉड राजस्थान भाग पहला.

२० वाउल २१ चंदेल २२ उहिल्ल २३ पौलिक २४ मौरिक २५ चंदुयाणक २६ धान्यपालक २७ राजपालक २८ अमंग २९ निकुंभ ३० दधिलक्ष ३१ तुरुंदलियक ३२ हूण ३३ हरियर ३४ नट ३५ माषर और ३६ पौषर.

इनमेंसें चौलुक्य वंशी राजा भूवड विक्रमसंवत्के आठमेंसैकेके लगभगमें कन्नोजकी "कल्याणी" नाम राजधानीमें राज्य करता था, इसने चावडा वंशके राजा जयशेखरकी गुर्जर भूमिपर अपनी सत्ता जमाई थी.

और यह राजधानी अपनी लडकी मिनणदेवीकों उसके विवाहसमय कंचुकदान (दाज) में दीथी, इसी गुजरात देशके अंतर्गत वढियार देशमें पंचासर गामके बाहिर एक जंगलमें जैनाचार्य श्रीशीलसूरिजी शकुन देखने जा रहे थे, उन्होने वहां एक वृक्षकी शाखाके साथ लटकाई हुई झोलीमें किसी सुंदर बालककों देखा, और पासमें खडी हुई उसकी

माताकों पूछा कि, बहिन! तुम कौन हो? उसने जवाब दिया कि रणभूमिमें मृत्युगत हुए गुजरातके राजाकी मैं राणी हूं और कन्नोज देशके भूवड राजाके भयसें इस पुत्रकी रक्षावास्ते यहां आकर रही हूं.

इसके बाद तीसरे पहरतकभी छायाकों झोलीपर स्थिर देख आचार्य महाराजने विचार किया कि यह लडका आगामी कालमें महाप्रतापी राजा होना चाहिये ऐसा विचार लडकेकों उसकी माता सहित गाममें पहुंचाया, और श्रावकोंकों सर्व वृत्तान्त सुना कर लडकेका वनराज यह नाम रखा, और श्रावकोंकों सर्व प्रयत्नपूर्वक उसकी रक्षा करनेका भी फरमान किया, लडका जब ९ वर्षका हुआ तो बच्चोंसें छत्र चामर आदि राजचिन्होंसें क्रीडा करने लगा; इस प्रकार कितनाकवक्त जानेपर श्रावकोंने उसकी माताकों कहा कि इस लडकेकों कोई शूरवीर आदमीकेपास रखनेकी जरूरत है.

लडकेकी माताको यह बात पसंद आई, इससें

उसने वनराजकों अपने भाई सूरपालके सपुर्द किया सूरपालकों चोरी करनेका व्यसन होनेसें वनराज भी मामेके साथ चोरी करना सीखा, एकदिन दोनो जन काकर गाममें कोई शाहुकारके घर चोरी करने गये, वनराजने दहींका एक बरतन देख कर उसमेंसें दहीं खाया, और शेष सर्व वस्तु छोडकर चला गया, प्रातःकाल हुआ तब उस दहींके भाजनमें लगी हुई हाथकी रेखाओंको देख शेठकी लडकी श्रीदेवीने विचार किया कि यह कोई भाग्यशाली मनुष्य है. आत्मा और परमात्माकी साक्षीसें मेरा इ-सका बहिनभाईका संबंध हो, अब मैं उसको देखेविना भोजन न करूंगी.

इस प्रतिज्ञाकी जब वनराजकों खबर पडी तो दूसरी रातकों वनराज श्रीदेवीके पास आया, और सर्व अपना वृत्तान्त कह सुनाया, श्रीदेवीने उसका सत्कार किया. वनराजने खुशी होकर कहा "तूं मेरी बहिन हुई, इस लिये मैं मेरे राज्याभिषेकमें तेरे

हाथसेंही तिलक कराउंगा," यह वचन देकर वहांसे अन्यत्र चला गया; एक समय जंगलमें उसे जांब नामा कोई आदमी जो कि जातिका बनिया होनेपर भी बडा लडवैया था मिला, उसकी सूरवीरों वाली चेष्टा देखकर वनराजने कहा मेरे राज्याभिषेकमें मुझे मिलना तुझे अपना प्रधान मंत्री बनाउंगा, जांबने इस आज्ञाको शिरपर चढाया, और राजकुमारकों कुच्छ रास्तेकी खरची देकर स्वस्थानपर चला गया, एक समयका जिकर है कि, राजा भूवडके नौकर सौराष्ट्र देशसें ६ महिनेके मामले में २४ लाख अशरफियें ४०० घोडे लेकर आ रहे थे, वनराजने उनपर एकदम हुमला किया, और सब कुछ खोस लिया—पीछे १ वर्षतक जंगलमें रह कर सैन्य एकत्र किया, और कन्नोजकी सत्ता अपने आधीन की, और नवीन नगर आबाद करनेके लिये अच्छे स्थानकी तालायश करने लगा.

---

१ खननी.

इतनेमें एक भरवाड (गुज्जर) जिसका नाम "अणहिल्ल" था, वनराजकों मिला, उसने खरगोश- (ससले) से डरकर जहां कुत्ता भागा था ऐसी जगह बतलाई वनराजने भी वह जगह पसंदकी, और गुज्जरके नामकों कायम रखनेवास्ते "अणहिल्लपुर नामसें नगर वसाया.

नगरमें बाजार मंदिर राजमहेल हवेलियां सभामंडप रंगमहेल भोयरे छज्जे विहारस्थान आरामस्थान अनाथाश्रम धर्मशाला दानशाला अश्वशाला हस्तीशाला आयुधशाला हुन्नरशाला नाटकशाला और भंड़ार आदि स्थान अद्वितीय शोभाशाली बनाये गये. और विक्रम संवत् ९०२ में श्रीमान् शील सूरिजीसें जिन चैत्योंकी और राज्यकी स्थापना करवाई, पूर्व प्रतिज्ञाके अनुसार श्रीदेवीसें राज्यतिलक करवाया, और जांबको बुला- कर उसे महामंत्री राजकार्यवाहक बनाया, यह राजा (वनराज) ५० वर्षकी उमरमें राज्य गादीपर

बैठा था, पुन्यात्मा कृतज्ञ राजाने अपने गुरु शील-सूरीजीके उपदेशसें जो जैनमंदिर तयार कराया था उसमें पंचासर गामसें पार्श्वनाथ स्वामीकी प्रतिमा मंगवा कर विराजमान की.

उसीही मंदिरमें अपनी भी आराधकके तौरपर मूर्ति तयार करा कर रखवाई, यह सब मंदिर मूर्ति-वगैरह पाटणमें आजतकभी मौजूद हैं, इस राज्यकी स्थापना जैनमंत्रोसें हुई है, इसीही वास्ते जैनेतर द्वेषी-लोग इस राज्यकी प्रशंसा करते शरमाते हैं.

वनराजने ६० वर्ष पर्यंत निष्कंटक राज्य किया, और ११० वर्षकी उमरमें इसका स्वर्गारोहन हुआ.

इसके पीछे योगराजने ३५ क्षेमराजने २५ भूव-डने २९ वैरसिंहने २५ रत्नादित्यने १५ सामंत-सिंहनें ७ वर्ष गुजरातकी राज्यसत्ता भोगी, इसत-रहसें चावडा वंशके ताबे (स्वाधीन) गुजरातका राज्य १९६ वर्षतक रहा, पीछे इनकी लडकीके वंशमें याने चौलुक्य वंशमें गया.

(चौलुक्य वंशकी व्यवस्था)

कन्नोजके राजा भुवडका कर्णादित्य नाम पुत्र था. उसका पुत्र चंद्रादित्य और चंद्रादित्यका सोमादित्य लडका था, सोमादित्यके राज १ बीज २ और दंडक ३ यह (३) पुत्र हुए, उनमेसें राजकी शादी अणहिल्लपुर पाटणके राजा सामंतसिंहकी बहिन लीलादेवीसें हुई थी, लीलादेवी गर्भवती ही कालधर्मकों प्राप्त हुई थी, इसलिये उसके उदरकों चीर कर बालक निकाला गया था, और उस लडकेका नाम "मूलदेव," रखा गया था सामंतसिंह दारू पीया करता था एक दिन दारूके नशेमें बेभान होकर उसने मूलदेवकों राजगादीपर बैठाया, और होश (चेतन) आनेपर उठा दिया, ऐसा दोदफा करनेपर मूलदेवकों गुस्सा आया. उसने सामंतसिंहकों मार डाला और स्वयं राज्य

---

१ इसके जन्मसमय मूलनक्षत्र था इसलिये लडकेका नाम मूलदेव रखा गया था.

गादीपर बैठ गया, इस राजाने ५५ वर्षतक अणहि-
ल्लपुर पाटणका राज्य किया.

इसके पीछे चामुंडराजाने १३ वर्षतक राज्य किया.

इसके पीछे इसका लडका वल्लभराज राजा हुआ, इसने केवल ६ मास राज्य किया.

इसके पीछे इसका छोटा भाई दुर्लभराज राजा हुआ, इसने ११ वर्ष ६ मास राज्य किया, और वैराग्य आनेसें अपने मंत्री भीमदेवकों राज्य सपुर्द कर स्वयं तीर्थयात्राकों चल निकला.

दुर्लभराज फिरता फिरता जब मालवामें आया तब राजा मुंजने उसे कहा "तुम हमसें लडाई करो अथवा राजचिन्ह छोड दो" यह राजा वैराग्यवान् था, विचारने लगा कि लडाई करनेसें धर्ममें अंतराय पडेगा, इसवास्ते मुझे राजचिन्होंकी कुछ जरूरत नही, ऐसा सोचकर उसने योगीका वेष स्वीकार किया, और राजचिन्ह छोड दिये.

इस समाचारके सुननेसें भीमदेवने बहुतही बुरा मनाया !!! गुजरात और मालवाकी राजधानियोंमें यह क्लेशका पहला कारण उपस्थित हुआ, भीमदेवकी बकुल देवी और उदयमती (२) राणिये थीं बकुल-देवीसे क्षेमराज और उदयमतीसें कर्णदेव (२) पुत्र हुए, भीमदेवने उदय मतीकों वचन दिया हुआ था कि "तेरे पुत्रकों राज्यगादि दूंगा" भीमदेव ४२ वर्ष तक राज्य भोगस्वर्गारूढ हुआ, इसके अनंतर कर्णदेव राज्यसिंहासन पर बैठा, इसकों लोग भोगीकर्णके नामसें बुलाते और पिछानते थे, इसकी राणीका नाम मिनल देवी था.

इसकी कुक्षीसें प्रतापी जहसिंह देवका जन्म हुआ, यह कुमार महाप्रतापी होनेसें स्वयमेव ३ वर्षकी उमरमें राजासिंहासनपर बैठगया था, उस वक्त राजाने ज्योतिषी लोगोंकों पूछा कि यह समय कैसा है ? उन्होने जबाब दिया कि, 'महाराज ! यह राज्याभिषेकका महामुहूर्त है, सुनकर राजाने

जयसिंह कुमारका उसी वक्त राज्याभिषेक किया, और जयसिंह देवकी राजसत्ता प्रवर्ताइ; कर्णदेव २९ वर्ष राज्य कर परलोक गत हुआ, इसके पीछे यह जयसिंह देव सिद्धराज बडा भारी राजा हुआ, एक दिन राजा जयसिंहदेवकी सभामें एक भाट आया, और राजसभाकों देखकर खुशीसें बोला अहो! "महाराज सिद्धराजकी सभाभी महाराज मदनवर्म्मा जैसीही है, सिद्धराजने आश्चर्यसें पूछा कि मदनवर्मा कौन है? भाट बोला राजन्! पूर्वदिशामें महोबकपुर नगर है उसमे विद्वान्‌शिरोमणी सर्व कलाकुशल दानेश्वरी मदनवर्मा राजा राज्य करता है, उसकी राजधानीका बयान करनेमें बृहस्पति भी अशक्त है.

इस बातपर राजा सिद्धराजकों विश्वास नही आया उसने तालायश करनेके लिये अपने एक हुश्यार मंत्रीकों भेजा, मंत्रीने भी ६ महीनेतक उस नगरमें ठहर कर सर्व हालात जानलिये, और आकर सिद्धराजसें कहा कि "महाराज! उस भाटका कहना सर्वथा

सत्य है उस नगरका वर्णन करना जिन्हाके अगोचर है." यह सुनकर राजाकी उस राजधानीके लेनेकी तीव्र अभिलाषा हुई.

और फौरन् अपने सैन्यकोंसाथ लेकर चल पडा, महोबक पुरसें ९ कोशके फासलेपर जाकर पडाव डालदिया, सिद्धराजकी फौजसें मदनवर्माकी प्रजाकों बडाभारी क्षोभ पैदा हुआ.

इधर राजा मदनवर्मा उद्यान क्रीडा (बगीचेकी सैर) करने गया हुआ था, वहां उसे किसी नोकरने आकर अरज की, कि "महाराज! गुजरातका राजा सिद्धराज फौज लेकर आपके साथ लडाई करने आया है!!!

इस बातकों सुनकर मदनवर्मा हसकर बोला कि "युद्ध करनेवास्ते १२ वर्ष धारानगरीमें पडा रहा था वह ही सिद्धराज कि दूसरा"?

जाओ सिद्धराजकों कहोकि तुम तो लोभ और धूर्तपणा करना जानते हो, अगर तुम हमारे राज्य-

पर हाथ डालनेकी मरजी करते हो तो हम लडाई करनेकों तयार हैं, और अगर पैसेके भूखे हो तो सोभी देनेको तयार हैं, यह बात मंत्रीवर्गने सिद्ध-राजकों कही तब सिद्धराजने ९६ क्रोड सोना मो-होरें मांगी, मदनवर्म्माकी आज्ञानुसार खुशीसें रुपया दिया गया, तोभी सिद्धराजके न जानेपर मदनवर्माके मंत्रियोंने कहा "आप अबीतक क्युं यहांसें कूच नही करते"? सिद्धराजने जबाब दिया मैं तुमारे राजाकों देखना चाहता हुं, मदनवर्माकों मालूम होनेसें सिद्धराजकों मुलाकातके लिये अपने मेहेलोमें आनेकी आज्ञा दी, परस्पर दोनों राजा हाथसें हाथ मिलाकर मिले.

मदनवर्माने सिद्धराजकों बैठनेवास्ते सुवर्णासन दिलाया, सिद्धराजके बैठ जानेपर मदनवर्मा हसकर बोला हे राजेंद्र! आज हमारा पूर्ण पुन्योदय जाग्या जो तुमारे जैसे प्राहुणे चलकर हमारे घर आये,

सिद्धराज—मुझे 'राजेंद्र' कहकर बुलाना अयुक्त है–पहले जो आप 'लोभी' और 'धूर्तका' खिताब दे चुके हैं वह ही सत्य है.

मदनवर्मा (हंसकर)—आपकों किसने कहा?

सिद्धराज—राजन्!—आपके मंत्री मंडलने.

मदनवर्मा—देव! कलियुगमें अल्प आयुः, परिमित लक्ष्मी, तुच्छ बल, इस हालतमें भी अगर आदमी संतोष न करे तो उसकों लोभी कहना क्या झूठ है?

सिद्धराज—सत्य है, धन्य है आपकी सहनशीलता और विचार बुद्धिकों, आप जैसे उदार और धर्मी-राजाओं के दर्शनसें मैं मेरा जन्म सफल मानता हूं, परमात्माकी कृपासें आप चिरकाल तक राज्य लक्ष्मीके भोगनेवाले रहें.

इस प्रकार वार्तालाप होनेसें परस्पर दोनो राजा-ओंके मनमें प्रेमके अंकुर पैदा हुए, और मदनवर्माने अपनी सर्व दर्शनीय वस्तुएँ दिखाकर सिद्धराजकों विदाय किया.

(श्री हेमचंद्राचार्यका जन्मवृत्तान्त)

एक समयका जिकर है कि जैनधर्मके आचार्य श्रीदत्तसूरजी विहार करते करते वागड देशके वटपद्र नगरमें गये.

वहां यशोभद्र नाम राजा राज्य करता था, वह स्वभावसेंही दयालु था, एक दिन उसने श्री सूरिजीके पास आकर भावसें नमस्कार किया.

और धर्म सुननेकी इच्छा भी प्रगट की, आचार्य महाराजने भी उसकों धर्मार्थी और धर्मके योग्य जानकर उपदेश दिया किः—

परिमियमाऊ जुव्वणमसंठियं वाहिवाहिरं देहं ।
परिणइविरसा विसया, अणुरज्जसि तेसु किं जीव? ॥ १
तत्तमिणं सारमिणं, दुवालसंगीई एसभावत्थो ।
जं भवभमणसहावा, इमे कसाया चइज्जंति ॥ २ ॥
पिउभाउ भयणि भज्जा-भडाण पचक्खमिक्खमाणाणं ।
जीवं हरइ मच्चु, नत्थि सरणं विना धम्मं ॥ ३ ॥

विवेकीकों थोडे निमित्तसें भी सन्मार्ग की प्राप्ति हो सक्ती है. एकदा किसी किसाणने अपने खेतमें आग लगाई, उसमें एक सापण जलकर मर गई, यह बनाव राजाने भी देखा और विचार किया कि गृहस्थाश्रम ऐसे ऐसे घोर पापोंकाही कारण है, इस लिये विवेकीकों आत्मकल्याण वास्ते इसका त्यागही श्रेयस्कर है, यह भावना उसकी इतने दरजेतक बढ-गई कि उसने संसार त्याग कर श्रीदत्तसूरिकेपास दीक्षा स्वीकार की, और यावज्जीव ६ विगयका त्याग और एकान्तरोपवास करनेका कठिन अभिग्रह धारण किया, थोडेही अरसेमें शास्त्रार्थका अध्ययन कर यह मुनि गीतार्थ हुआ, गुरुमहाराजने योग्य जानकर आचार्यपद प्रदान किया, इन्होंने बहुत अरसेतक भव्य जीवोंकों धर्ममें लगाया, और आयुःके आखीरमें शुद्ध अनशन कर स्वर्गारुढ हुए, इनके पीछे श्रीप्रद्युम्न सूरि पट्टधर आचार्य हुए, इनके बाद गुणसेन सूरि आचार्य हुए, इनके शिष्य देवचंद्रसूरी पट्टधर आचार्य

हुए, यह देवचंद्रसूरि बडेही त्यागी और वैरागी थे, एक दफा विहार चर्यासें चलते चलते धंधुका गाममें जो कि काठियावाडमें आजतक भी इसी नामसे महशूर और आबाद है आये.

इस नगरमें चांगिल[1] नामसें एक शाहुकार रहता था, उसकी धर्मपत्नी पाहिणी जैनश्राविका थी, इसकों एक दिन ऐसा स्वप्न हुआ कि "मैंने गुरु महाराजकों चिंतामणिरत्न दिया है."

सुबह उस धर्मात्माने यह स्वप्न श्रीदेवचंद्रसूरिकों सुनाया, और इसका फल पूछा, सूरि बोले बहिन! "थोडे अरसें में तुमारे घर बडा भाग्यशाली पुत्ररत्न पैदा होगा, तुमने वह लडका गुरुकों दे देना, भाविकालमें वह बालक जैन शासनका परम आधारभूत आचार्य होगा" इस प्रकार गुरुमुखसें स्वप्न

---

१ चांगिल "मोढ" जातिका बनिया था इस जातिके बनियोंकी धंधूकेमें आज कल भी सात आठसौ घरकी वस्ती है।

फलको सुनकर आनंद मनाती हुई पाहिनी घर पहुंची, दैवयोग उसी दिन उसके गर्भ रहा और विक्रम संवत् ११४५ कार्तिक शुक्ल १५ की रातकों पुत्रका जन्म हुआ.

इस समय आकाशमें देववाणी हुई कि "यह पुरुष महान् तत्त्ववेता जैन शासनका उद्धार करनेवाला सूरिशेखर होगा!" महोत्सवपूर्वक स्वजनोंने बालकका "चंगदेव", नाम रखा, कुमारकी उमर जब ५ वर्षकी हुई तब एक समय माताके साथ जिन चैत्यमें दर्शन करके गुरुवंदन करने गया, और वहांपर उसवक्त आए हुए देवचंद्रसूरिके आसनपर चढकर बैठ गया! यह देखकर गुरुने लडकेकी माताकों कहा भद्रे! मेरा कहा हुआ स्वप्नफल तुझे याद होगा, अब उस वचनकी सिद्धिका समय निकट आता है.

बच्चेकों पास बैठाकर गुरुमहाराजने उसके लक्षण देखे और कहा कि, "अगर यह बालक क्षत्री कुलमें

उत्पन्न होता तो सार्वभौम राजा होता! अब दीक्षा लेवे तो कलियुगमें भी सतयुग जैसी प्रवृत्ति करानेवाला भाग्यशाली हो सक्ता है! गुरुमहाराजसें इस बातकों सुनकर खुशी मनाती हुइ पाहिनी अपने घर पहोंची.

इधर सूरिजीने संघके आगेवानोंकों बुलाकर सर्व वृत्तान्त सुनाया और उनको साथ लेकर स्वयं चांगिल शेठके घर गये. उस समय शेठके घरपर न होनेसे पाहिनीने स्वयं गुरुमहाराज और संघका बडा सन्मान किया, और हाथ जोडकर पूछा कि— भगवन्! श्रीसंघकी मुझे क्या आज्ञा है?। श्रीसंघने कहा कि शासनके उदय वास्ते तुमारे पुत्ररत्नकी याचना करनेके लिये हम सब तुमारे घर पर आये हैं। पुत्ररत्नकी याचनाके लिये स्वयं चल कर आये हुये गुरुमहाराजकों और श्रीसंघकों देखकर पाहिनीके नेत्रोंसे हर्षके अश्रु आये, और

मनमें विचार करने लगी कि, एक तो गुरुमहाराज सहित श्रीसंघका मेरे घर आना हुआ है, इधर लडकेका पिता घर नही है, इस समय मुझे क्या करना चाहिये? क्षणमात्र तो मनमें विविध प्रकारके विकल्प हुए, परंतु अंत्यमें यही निश्चय हुआ कि, श्रीसंघका तीर्थंकरदेव भी मान रखते हैं इसलिये मुझे भी जरुरी है कि, भगवान् श्रीसंघका मान रखना, यह विचार कर स्वजनसम्मति से चित्तकी प्रसन्नतापूर्वक पाहिनीने लडका गुरुमहाराजको दे दिया! गुरुमहाराज भी वहांसें विहार कर करणावती नगरीमें गये, वहांपर उदयन मंत्रीके घर मंत्रीके बच्चोंके साथ चंगदेवकाभी रक्षण पालन होने लगा. बालककी वैराग्य दशा और नम्रता देखकर सर्व संघने एकही आवाजसें उसकी प्रशंसा की.

इधर जब चंगदेवका पिता घर आया तब पाहिनीने गुरुमहाराजकों पुत्र देनेका सर्व वृत्तान्त निवेदन

किया, पुत्रप्रेम एक अनिवार्य प्रेम है, इसवास्ते शेठने बडाभारी दुःख मनाया, और "जहां तक पुत्रका मुंह न देखलुं वहां तक आहार पाणी नही करुंगा" ऐसी धाग्णा करके घरसें निकल पडा और थोडे अरसेमें करणावतीमें आ पहुंचा, श्रेष्ठि व्याख्यानके समय वहां पहुंचा था, इस लिये उसे गुरुमहाराज की धर्मदेशना सुनने का प्रसंग मिल गया.

उस त्यागी गुरुके मुखारविंदसें धर्मदेशना सुनकर शेठका मन प्रमुदित हुआ, उसवक्त "उदयन" मंत्रीभी गुरुमहाराजको वंदन करनेके वास्ते वहां आया हुआ था उसने भक्तिपूर्वक चांगिल शेठकों अपने घर बुलाकर भोजन कराया, और पुत्रकों शेठकी गोदमें बेठाकर ३ कीमती वस्त्र और ३ लाख रुपै भेट किये, शेठ इस

१ एक कवीने इसपर क्या ही अच्छा कहा है.—

गोभद्रस्सगरस्तथा दशरथः श्रीमन्नृपः श्रेणिकः,
नागाख्यो रथिकः प्रसन्ननृपतिर्धात्रीधवः कोणिकः,
ज्ञानाढ्यो हरिभद्रसूरिमुनिपः, सूरिश्च शय्यम्भवः,
पुत्रप्रेमनिमोहिता भुवितले सद्ज्ञानभाजोऽपि हि ॥ १ ॥

बनावको देख हसकर बोला मंत्रिराज! आप मुझे ३ लाख रुपैका लोभ दिखाकर मेरा पुत्र लेना चाहते हैं. परंतु मेरा पुत्र अमूल्य है इसवास्ते मेरे इस पुत्रकी कीमतमें आपकी भक्तिही बसहै!!

मुझे आपके पैसेका प्रयोजन नही है. इसको तो में हाथ लगाना भी योग्य नहीं समझता! मैं अपना पुत्र अपनी खुशीसें आपको अर्पण करताहूं!!! इस बातकों सुनकर उदयन मंत्री अतीव प्रसन्न होकर बोला धन्य है आपकों जिन्होने ऐसी उदारता की है!!! आप जैसे सत्पुरुष जगत्में थोडे है. परंतु मेरी प्रार्थना है कि आप यह लडका गुरुमहाराजकों अर्पण करें तो बहोत अछा होवे, कारण कि गुरुमहाराजके पास रहनेसें यह बालक जगत्का पूजनीय होगा, चांगिलशेठ बोला यह विचार आपका मुझे सर्वथा मान्य है ऐसा करनेमें मुझे कोई तरहकी हरकत नही है। यह कहकर चांगिलने श्रीसंघके समक्ष बालक गुरु महाराजकों बडे आनंदसें समर्पण किया। गुरु-

महाराजने कहा हे भाग्यशाली! धनधान्य वगैरहके देनेवाले जगत्में अनेक हैं परंतु पुत्ररूपरत्न अपने उत्साहसें धर्मनिमित्त दान करनेवाले तुमारे जैसे पुन्यात्मा जगत्में थोडेही होंगे. पुत्रकों दीक्षा लेनेमें उत्साही देखकर चांगिलने खुशीसें आज्ञा दी। उदयन मंत्री आदिके बडे भारि उत्सव करनेपर शुभ मुहूर्तमें (विक्रम संवत् ११५४ मे) चंगदेवकों गुरुमहाराजने दीक्षा [1]दी। और दीक्षासमय इसका नाम "सोमदेव मुनि" रखा सोमदेव मुनि संयम क्रियाकों थोडेही दिनोमें भली प्रकार सीखगये, और गुरुमहाराजके साथ विहार करते हुए नागपुर पहुंचे वहां "धनद" शाहुकारके घर गोचरीलेने गये तब आहारमें घैंस मिलनेसें बडे मुनिकों पूछा महाराज! इसके घरमें अशरफीयोंका ढेर लगा हुआ है तोभी ऐसा साधारण भोजन क्यों करता है? वृद्धमुनि बोले—इसका

---

१ प्रस्तुत महर्षिकी दीक्षा खंभातमें होनेका लेख अन्यत्र देखा जाता है।

नसीब (भाग्य) खराब आरहाहै, इसवास्ते घरमेंसें धनको निकालकर उसे कोयले समझकर बाहेर फैंक रहा है, इसकों यह कोयलेही नजर आरहेहै.

इन दोनो मुनियोंकी इसबातकों शाहुकारने सुना और नीचे आकर सोमदेव मुनिको अरज की कि महाराज! आप कृपा करके इस ढेर पर हाथ रखें, जिससें मेरा दरिद्र दूर होवे सोमदेवने भी उस श्रद्धालुकी प्रार्थना स्वीकार करके उस ढेर पर हाथ रखा बस कहनाही क्याथा? उसी वक्त उस मुनिके तपके प्रभावसें उस शाहुकारका वैरी देवता भाग गया, और कोयलोंका ढेर सुवर्णरूपसें दीखने लगा, इस चमत्कारकों देखकर सकल संघने बडी भारी खुशी मनाई. और उसी दिनसें सोमदेव मुनिकों "हेमचंद्र" नामसे बुलाने लगे, इस मुनिने विनयादि गुणोसें गुरुमहाराज तथा श्रीसंघके मनको अत्यंत संतोष पैदा किया। एक समय सरस्वती माता का आराधन करने वास्ते "हेमचंद्र" मुनि काश्मीरदेशमें

जानेकों तयार हुये, इधर सरस्वती देवीने विचार कियाकि-कलीकालांधकारमें सूर्य समान होनेवाले यह मुनि यदि काश्मीरमें आवेंगे, तो इनकों बहोत विघ्न उपस्थित होंगे, इसवास्ते मैं ऐसा करूं कि मुनिकी कार्यसिद्धिभी हो जावे और परिश्रमभी न पडे, ऐसा विचार कर देवी मुनिके पास आई। मुनिको ज्ञान और ध्यानमें लीन देखकर प्रसन्न हुई और आम्नायसहित बहुत विद्या मंत्र देकर अदृश्य होगई, "देशाटन कुशलता का कारणहै यह समझ कर गुरुमहाराजकी आज्ञासें श्रीहेमचंद्रमुनि श्रीदेवेंद्रसूरि और मलय गिरिसूरिकों साथ लेकर गौडदेश तर्फ विहार करगये, जाते जाते खिल्लुर गाममें इनकों कोइ वृद्ध मुनि मिला, जोकि रोगी मालूम पडताथा—इन तीनहि मुनियोंने वृद्धकी खूब वेयावच्चकी और पूछाकि महाराज! आप कहां पधारनेका ईरादा रखते हैं? वृद्ध मुनिने कहा मेरा विचार गिरनारकी यात्राका है, हेमचंद्र मुनिने

गामके संघको बुलाकर कहाकि-इस वृद्ध मुनिजीकों सुखपूर्वक गिरनार पहुंचानेकी योजना करदी जावे तो अच्छा है.

श्रीसंघने खुशीसे इस बातकों स्वीकार किया-रात्रीकों प्रतिक्रमणादि नित्यकृत्य करके सोगये, और प्रातःकाल हुआ कि-हेमचंद्र आदि ३ हि मुनियोंनें अपने आपको गिरनार पर्वत पर देखा इतनेमें शासनदेवीने आकर कहा महाराज ! आप पुन्यशालियों की यहां ही कार्यसिद्धि होजावेगी इसवास्ते आप गौड, देश तर्फ न जावें. यह कहकर देवीने आम्नाय सहित केईएक औषधि मंत्र और उनके गुण बताये, और भक्तिपूर्वक नमस्कार कर स्वस्थानपर चलीगई. एक समय श्रीहेमचंद्रजीके गुरुमहाराजने इन तीनही मुनियोंकों श्रीसिद्धचक्रजीका मंत्र आम्नायसहित बताया उस मंत्रकी सिद्धिमें उत्तर साधकपणा पद्मिनी स्त्री करसक्ती थी. श्रीहेमचंद्रादि पद्मिनी स्त्रीकी तलाश करते हुए कुमार गाममे पहुंचे, इस नगरके

.ाहिर धोबी कपडे धोकर सुकाता था, उसमें एक कपडा अत्यंत खूशबूदार मालूम पडनेसें मुनियोने धोबीसे पूछा-यह कपडा किसका है? धोबीने कहा-हमारे गामके मालिककी स्त्रीका है, इसबातकों सुनकर मुनि गाममें गये, और उस ठाकुरकों मिले. गामके मालिक ठाकुरने पूर्ण भक्तिसें मुनियोंकों अपने स्थानमे उतारा दिया और उन मुनियोंके पास हमेशा उपदेश सुनने लगा—इन साधुओंके गुणों पर उसको बडा प्रेम उत्पन्न हुआ। एक दिन आकर बोला महाराज! आप जगत्सें सदा निरीह है. आपकों किसीसें कुछ प्रयोजन नही है तोभी मेरेलायक कोई काम होवे तो हुकम फरमाइये, मैं करेनेको तयार हुं. मुनियोंने उसकों बहुत दिनोंका परिचित जाणकर कहाकि-"हमारी श्रीसिद्धचक्रके मंत्रसाधनेकी मरजी है और वह मंत्र पद्मिनी स्त्रीके उत्तर साधक हुए विना सिद्ध नहि होसक्ता! हमने सुना है कि-आपकी स्त्री पद्मिनी है उसे साथ लेकर आप गिरनार पर

आवे और हमारे काममें मदद करें तो यह महान कार्यसिद्ध हो सक्ता है, स्वयं तुमने हाथमें खुली तलवार लेकर पास खडे रहना, उस वक्त यदि हमारे शरीरमें जराभी विकार देखो तो बेशक हमारी गरदन धडसें जुदी कर देने में पलभर देर न करनी !!! इतनी बात सुनकर ठाकुर आनंदसें बोला महाराज! आप तृण और मणिको लोह और सुवर्णकों समान दृष्टिसें देखनेवाले परम ब्रह्मके ध्यानसे आत्मसाधन करनेवाले परम योगी हैं आपका परमार्थरूप काम यदि मेरे कोई पदार्थसे सिद्ध होता होवे तो मुझे और क्या चाहिये!!! आप रैवताचलपर पधारो मैं पद्मिनीसह वहां आताहुं यह कहकर मुनियोंकों गिरनार तर्फ भेजा, और स्वयं पद्मिनीकों लेकर मुनियोंकें पीछेही पीछे वहां पहुंचा मुनियोंने गुरुमहाराजके हुकम मूजब अंबिका देवी की सहायतासें श्रीविमलेश्वरदेवकी आराधना की देवने प्रत्यक्ष होकरकर कहा "महाराज! आपके बुला-

नेपर मैं हाजर हुआहुं मुझसें कुछभी मांगिये" यह सुनकर श्रीहेमचंद्रजीने "राजाकों जैनी बनानेकी शक्ति मांगी, देवेंद्रसूरिजीने कांतिपुरीका जैनप्रासाद "सेरीषक नगरमें ल्यानेका वर मांगा–श्री मलयगि-

---

नोट–१ कलोल स्टेशन सें थोडे फांसलेपर पानसर सें करीबन ३ कोस पर यह एक प्राचीन नगर है, यहां थोडे दिन पहले कुछ प्रतिमाअें जमीन में सें निकली हैं जोकि बहुत प्राचीन हैं, और एक टूटे फूटे "बावन जिनालय" मंदिरका निशान भी अभीतक मौजूद है, इस वैरान खंडेर में श्रीपार्श्वनाथस्वामीकी बहुत बड़ी खड़ी एक खंडित प्रतिमा और परिघर भी हयात है कुछ लोगोंका यह भी ख्याल है कि अबीतक जमीन में अनेक प्रतिमाअें डटाई हुई हैं, पूर्वकालमें यह एक विख्यात तीर्थ था, अब यह स्थान प्रायः अप्रसिद्ध हैं, सुना है स्वर्गस्थ–शेठ–मनसुखभाई इस तीर्थ के पुनरुद्धार के लिये एक बडी रकम देना स्वीकार कर गये है, कुछ समयपूर्व हमने भी परमपूज्य प्रातःस्मरणीय श्रीमान् "हंसविजयजी" महाराजके साथ इस पवित्र तीर्थ की यात्रा की है, पंडित उत्तम विजयजी ने विक्रम संवत् १८८० में श्रीपार्श्वनाथ स्वामीका छंद बनाया है पार्श्वनाथ प्रभु के १०८ नामों का उल्लेख करते हुएवह लिखते है "जगत्वल्लभ कलिकुंड चिन्तामणि लोढण। "सेरिसा" स्वामी

रिजी महाराजने श्रीसिद्धांत की वृत्तियें करनेका वर मांगा—इसतरहसें इन तीनोंही महात्माओंने जुदेजुदे स्वस्वाभिष्ठ वर मांगे, सो देकर देव स्वस्थान परगया इस बातका अनुभव होनेसें उन साधुओंकी ध्यानकी धीरता ब्रह्मचर्यकी दृढता देवताकी करीहुई प्रशंसा आदिसें चकित होकर प्रातःकाल ग्रामाधिपतिने बहुत धनव्ययपूर्वक प्रभावना की और लोगोंके पास सर्व हकीकत जाहर की श्रीहेमचंद्रजीके इस प्रभावशालि वृत्तांतकों सुनकर और इनके विद्वत्ता आदि गुणोंसें रंजित होकर नागपुरके रहनेवाले "धनद" शेठने महामहोत्सवपूर्वक श्रीसंघ और गुरुमहाराजकी सम्मतिसें श्रीहेमचंद्रजीकों आचार्य पद दिवाया सुवर्ण जैसी कांति युक्त और चंद्र जैसी आल्हादक मूर्तिवाले होनेसें श्रीहेमचंद्रजीका नाम सर्व जनोंकों सार्थक लगने लगा.

नमिये" इससें सुप्रतीत है कि एकसौ वर्ष पहले यहां पार्श्वनाथ भगवान्‌का विख्यात तीर्थ था.

श्रीहेमचंद्राचार्यका सिद्धराजको धर्मोपदेश करना और सिद्ध हेम व्याकरणकी रचना—

एक समय सिद्धराज जयसिंहदेव सैर करनेकों जारहेथे, रास्तेमें हेमचंद्राचार्यकों देखा, और विचार करने लगे कि जरूर यह कोई महात्मा है, महात्मा पुरुषोंका दर्शन और उनकों प्रणाम करना बडा भारी पुन्यका काम है,[1] इस आशयसें अपने हाथीकों ठहरा कर वह राजा कुछ कहनेकी तयारी करताथा कि इतनेमेंही सूरिजी महाराजने प्रसन्नतापूर्वक कहा हे सिद्धराज भूपेंद्र! आपके गजराजकों आगे चलाइए, इन्द्रका ऐरावण हाथी तुमारे इस हाथीसें भयभीत होता है, परंतु आप पृथ्वीके स्वामी है इसवास्ते इंद्रभी इस विषयमें अशक्त है!! राजा इस प्रशंसावाक्यसें

---

१ साधूनां दर्शनं पुण्यम्, तीर्थभूता हि साधवः।
तीर्थं पुनाति कालेन, सद्यः साधुसमागमः॥

प्रसन्न हुआ, और बोला महाराज ! मेरी प्रार्थना है कि-आप प्रतिदिन मेरे पास पधारकर मुझे धर्मोपदेश सुनावें-हेमचंद्र महाराजनेभी उसकी प्रार्थना मनमें रखकर प्रतिदिन राजसभामें आना और धर्मोपदेश सुनाना शुरु किया.

एक दफा सिद्धराज भूपतिने श्रीहेमचंद्रजीकों पूछा कि महाराज ! सर्व मतावलंबी लोग स्वस्वप्रशंसा करनेमें तत्पर हैं अब किस धर्मकों साचा समझना चाहिये ? सूरि महाराज बोले पुराणमें एक शंखका आख्यान है उसपर आप ध्यान देवें—

पूर्व कालमें शंखपुर नगरमें "शंखनामा" कोई शाहुकार रहता था, उसकी "यशोमती" नाम एक स्त्री थी कोई कारण बणनेसें यशोमती उपरसें शंखका स्नेह कमती होगया. और दूसरी स्त्रीका विवाह करके उसीहीके स्नेहमें गलतान हुआ पहिली स्त्रीपर सर्वथा विरक्त बनगया बलकि-यहांतककि-यशोम-

तिका मुंह देखना भी उसने छोडदिया–इस संकटमें पडीहुई यशोमती विचारने लगी कि–गरीबीकी हालत आनी, पतिका मरजाना नरकमें वास करना स्त्रीकों इतना दुःखदाई नहीं कि–जितना सौकनके अपमानका दुःख है–परंतु कर्मके आगे किसीका जोर नही है, एक दिन उसने कोई सिद्ध पुरुषकी सेवा करके आदमीकों पशु बनानेवाला मंत्र प्राप्त किया, उस मंत्रके प्रभावसें उसने अपने पतिकों बैल बनादिया–लोगोंमें इस बातके मशहूर होनेपर यशोमतीकी निंदा फैली. परंतु कोई उपाय न होनेसें वह केवल पश्चात्तापकीही भागिनी हुई—प्रतिदिन उस बैलकों चरानेवास्ते यशोमती खुद् जंगलमें जाया करतीथी–एक दिन बैलकों चरने वास्ते छोडकर स्वयं एक वृक्ष नीचे बैठी अपने किये हुए इस बुरे कामकों यादकर रुदन कर रहीथी–इतनेमें शिव पार्वती विमानमें बैठे जा रहेथे–

पार्वती बोली—महाराज ! यह स्त्री क्युं रोतीहै ?

शिवजी—अपनी मूर्खतासें.

पार्वती—इसने क्या मूर्खता की है ?

शिवजी—पहले अपने पतिकों बैल बनाया और अब पछताती है !!

पार्वती—इस मूर्खनिने ऐसा क्युं किया होगा ?

शिवजी—तुमारी स्त्रियोंकी लीला ऐसीही है !!

पार्वती—महाराज ! ठीक कहो, क्या बात है ?

शिवजी—सर्व वृत्तान्त आद्योपान्त कह कर-तुमारे वश पडा सो बिचारा भाग्य योगसेंही बच सक्ता है.

पार्वती—प्राणनाथ ! कोई ऐसी औषधी है कि जिससें फिर यह आदमी बनजावे ?

शिवजी—प्रिये ! इस वृक्षके मूलमें एक वेल है उसका यह स्वभाव है कि-उसे सेवन करनेसें पशुसें मनुष्य हो सक्ता है.

इस वार्तालापकों सुनकर यशोमतीकों खुशी हुई, परंतु उसे यह मालुम नहीं था कि इन सर्वौषधियोंमें

कौनसी औषधि प्रभावशालिनी है? इसवास्ते उसनें सर्व औषधि उखाड कर अपने पति बैलके आगे डाली, उसके खानेसें वह पशु मनुष्य हुआ—यशोमतीकी इस क्रियासें लोगोंमें प्रशंसा फैली.

हे राजेंद्र! जैसे वह प्रभाववाली औषधी दूसरी औषधियोंमें छिपकर अपने दिव्य प्रभावकों प्रकट नहीं कर सक्तिथी, वैसेही सत्यधर्मभी अन्यधर्मोंसे मिलकर अपने प्रभावकों दिखा नहीं सक्ता. परंतु कोईकोई अनुभवी ज्ञानी सत्यवक्ता आप्त पुरुष असली रहस्यकों जाणता है और उसीहीके उपदेशसें अन्य जिज्ञासुभी जाण सक्ते हैं, इस वास्ते सर्व धर्मोंका परिचय करके उसमेंसें सत्यधर्मकों ग्रहण कीजीये.

राजा और पर्षदा प्रसन्न होकर—धन्य है आपकों और धन्य है आपकी समझकों! समयान्तरमें राजाने मुनिराजसे फिर यह प्रश्न किया कि, किन किन कामोंके करनेसें धर्म होता है?

गुरु बोले—

"पात्रे दानं गुरुषु विनयः सर्वसत्वानुकंपा,
न्याय्या वृत्तिः परहितविधावादरः सर्वकालम् ।
कार्यो न श्रीमदपरिचयः संगतिः सत्सु सम्यग्,
राजन् सेव्यो विशदमतिना सैष सामान्यधर्मः ।१।"

एकदा श्रीहेमचंद्रसूरिजी जयसिंह राजाके आग्रहसें पाटणमें चउमासा रहे और व्याख्यानमें नेमिनाथ स्वामीका चरित्र वांचना शुरु किया. उसमें ऐसा अधिकार आया कि, "पांच पांडव जैन दीक्षा पालकर शत्रुंजय पर्वत पर मोक्ष गये." इस अधिकारकों सुनकर ईर्ष्यालु ब्राह्मणोंसे रहा न गया! राजाके पास जाकर बोले-पृथ्वीनाथ! यह साधु असत्य बोलनेवाले और नास्तिक हैं!!

राजाने पूछा—क्यों?

ब्राह्मण बोले—महाराज! भारतमें पांडवोंके वास्ते जो इतिहास है उससें यह उलटा बताते हैं!

राजा—इसपर हम विचार करेंगे.

ब्राह्मण—पृथ्वीनाथ! धर्मद्वेषी और मृषा भाषियोंको शिक्षा देना आपका आवश्यक धर्म है.

राजा—बेशक! राजाका यही धर्म है, परंतु यह साधु धर्मद्वेषी और झूठ बोलनेवाले प्रतीत नहीं होते.

ब्राह्मण—(उदास होकर) आपकी मरजी! परंतु इन के वास्ते हमारे शास्त्र तो साफ कहते हैं कि—

"हस्तिना ताड्यमानोऽपि न गच्छेज्जैनमंदिरम्"

सुबह श्रीसिद्धराजने सूरिजीको बुलाया और सर्व लोगोंके समक्ष पूछा कि, पांडवोंका वर्णन आपके शास्त्रोंमें कैसा है? सूरिजी बोले, हमारे शास्त्रोंमें ऐसा ही लिखा है कि, जैसा हमने सुनाया है. और महाभारतमें हिमाद्रिगमनका वर्णन है, अब व्यासके किये भारतमें उन्ही पांडवोंका वर्णन है कि, दूसरोंका सो कौन जाने?

राजा—क्या महाराज! पांडव भी पूर्वकालमें बहुत हुए हैं?

आचार्य—हे राजेंद्र! सुनो, भारतमें ऐसा वर्णन है कि, भीष्म पितामहने अपने परिवारको कहा "मेरा अग्निसंस्कार ऐसी जगह पर करना जहां किसीका भी अग्निसंस्कार न हुआ हो"–इस बातको उन्होंने ध्यानमें रखा और भीष्मके गतप्राण होने बाद् हिमालय पर्वत पर संस्कार करनेको गये, तब वहां ऐसी देववाणी हुई कि–

"अत्र भीष्मशतं दग्धं, पांडवानां शतत्रयम् ।
द्रोणाचार्यसहस्रं तु, कर्णसंख्या न विद्यते."

हे राजशेखर! भारतके इस वाक्यसें आपका समाधान हुआ होगा! और श्रीशत्रुंजय पर्वत पर और नासिकमें पांडवों की मूर्तियें भी तयार हैं, इससे सिद्ध होता है कि, पांडव जैन हुए हैं.

राजा बोला अरे ब्राह्मणो! यह जैन मुनि कभी भी झूट नहीं बोलते, तुम लोग व्यर्थ ईर्ष्या करते हो!!

यदि तुमारे पास शास्त्रयुक्ति होवे तो बतलाओ!

इस तरह कह कर सूरि महाराजको विदाय किया. एकदा मालव देशको फतह करके राजा पाटण आया तब सर्व कवि लोगोंनें प्रशंसा की–हेमचंद्रसूरिनें भी अपूर्व रसयुक्त काव्योंसे प्रशंसा करी, जिसको सुनकर राजा अति प्रसन्न हुआ,* तब ब्राह्मण बोले म-

---

* 'देवचंद्रसूरिजीभी अनेक श्वेताम्बर मुनियोंकों साथ लेकर राजसभामें जानेकेलिये तयार हुए, और सर्व मुनिमंडलसें पूछा कि सभामंडपमें जाकर राजाकी स्तुति कौन करेगा? अनेक विद्वानोंसें मंडित राजसभामें जाकर निःशंक होकर बोलना और अखिल परवादियोंसें अपने वचनका उत्कर्ष दिखाकर भूपतिके मनकों रंजित करना जैसी तैसी बात नहीं थी सब मंडल परस्पर विचार करनेमें व्यग्र हुआ समय सावधान और विद्वानोमें केसरी हेमचंद्रजीने नम्र होकर कहा प्रभो! आपके चरणसेवकको यह काम दिया जावे तो वडा अनुग्रह हो! गुरुमहाराजने भी इनका उत्साह देख खुशीसें कहा "जाओ वत्स! फते करो' हेमचंद्रजीने प्रमुदित होकर गुरुमहाराजकी आज्ञाको शिरोधारनकर राजसभामें प्रवेश किया और राजाकी जय सूचक नवीन अतिशय लालित्यभरे काव्योंसें स्तुति की, सिद्धराज बहुत प्रसन्न हुए और पूछा आप कुछ देरसें आये इसका क्या कारण? हेमचंद्रजीने कहा किसी अवसरोचित कार्यमें लगे

हुए थे, राजाने कहा वह कार्य हमारे पास प्रकाश्य है? हेमचंद्रजीने जवाब दिया राजन्! वह कार्य आप संबधी ही था।

राजा कुछ आश्चर्यमें आकर—क्या काम था? हेमचंद्रजीने नीचेका काव्य उच्चारण किया

भूमिं कामगवि! स्वगोमयरसैरासिंच रत्नाकराः!,
मुक्ता स्वस्तिकमातनुध्वमुडुप! त्वं पूर्णकुंभी भव।
धृत्वा कल्पतरोर्दलानि सरलैर्दिग्वारणा स्तोरणा–
न्याधत्त स्वकरैर्विजित्य जगतीं नन्वेति सिद्धद्विपः॥

(रासमाला) और कु० पा० च० सें उद्धृत॥

भावार्थ–धर्मावतार! आप १२ वर्ष पीछे दिग्विजय करके आते हैं इसलिये 'कामधेनु' को धरतीसिंचन करनेके लिये, "समुद्र" कों मोतियों का 'स्वस्तिक' करनेके लिये, 'चंद्र' कों अपनी दिव्यकांति द्वारा भूलोक 'प्रकाशित' करने वास्ते 'दिग्गजों कों कल्पवृक्षोंके पत्तोंसें तोरण बनानेके वास्ते निमंत्रण करने गये थे यह सुनकर राजा और सकल सभासदोंने एकजुबानसें हेमचंद्रके वाक्चातुर्यकी प्रशंसा की सिद्धराजने प्रसन्न होकर श्रीदेवचंद्रसूरिजीकों प्रार्थना की भगवन्! मुझपर कृपालाकर इतना वचन देवें कि हेमचंद्रमुनिकों आचार्य पदवी देनेवक्त मुझे जरूर खबर दीजावे जिससें मैं अपनी इच्छानुसार लाभ लेसकुं गुरुमहाराजने कहा आप निश्चित रहें आपकी इच्छानुकूल ही किया जावेगा! सभाविसर्जन हुई। इससें यह प्रतीत होता है कि मालव युद्धसें पीछे आचार्य पदकी प्रतिष्ठा हुई है।

हाराज ! यह सब पंडिताई हमारे ही घरकी है क्यों कि, हेमचंद्रजीने हमारे व्याकरणादि शास्त्रोंसें ही यह शक्ति प्राप्त की है, राजाने इस विषयमें जब सूरिजीको पूछा तो, सूरजी बोले हम तो बाल्यावस्थामें श्रीजैनेंद्र व्याकरण पढे हैं! राजा बोला वह व्याकरण तो प्राचीन होनेसें लुप्तप्राय होगया है, सूरजीने कहा अगर आप सहायता करें तो हम नया भी तैयार कर सक्ते हैं—

राजाने कहा मुझसे जो सहायता बन सक्तिहो वह करनेको तयार हूं, आप हुकम करें. सूरजीने कहा काश्मीर देशके प्रवर नाम नगरके सरस्वतीभंडारसें व्याकरणकी आठ प्रतियें हमकों मंगवा दीजीये, राजाने फौरन मत्रीवर्गकों काश्मीर भेजा, उन्होंने वहां जाके सरस्वती का आराधन किया, सरस्वतीनें साक्षात् आकर कहा "श्रीहेमचंद्र जैनाचार्यपर मैं अतिप्रसन्न हुं. आप बेशक पुस्तक ले जाईये" यह सुन

खुशीसें पुस्तक लेकर मंत्री पाटण आये और सारा हाल राजाकों सुनाया, प्रसन्नतापूर्वक राजा बोला धन्य है हमारे देशकों जिसमें ऐसे भाग्यशाली पुरुष विचरते हैं, सूरीश्वरनेभी उन व्याकरणशास्त्रोंकों एक वर्षमें अवगाहन किया, और थोडेही अरसेमें सवा-लक्ष श्लोक प्रमाण पंचाङ्गी व्याकरण तयार किया, राजाने उस पुस्तकको पट्टहाथी पर रखवा कर सारे शहरमें बडे महोत्सवपूर्वक फिराया और आनंदसें राजसभामें पधराया.

यह पुस्तक सर्व विद्वानोंके समक्ष वंचा करके पूजा सत्कारपूर्वक भूपतिने अपने सरस्वतीभंडारमें स्थापन कराया-ब्राह्मण लोगोंसें यह समय देखा नहीं गया-राजाके पास आकर बोले हे राजेन्द्र! शुद्धाशुद्धकी परीक्षा किये विना इस पुस्तक कों सरस्वतीभंडारमें रखना यह सर्वथा अयुक्त है!

राजा—परीक्षा और क्या होनी चाहिए?

ब्राह्मण—काश्मीरमें सरस्वतीके प्रासाद सन्मुख

"चंद्रकांत" जलकुंड है, उसमें डालनेसें जो पुस्तक नष्ट नही होवे वह शुद्ध कहा जाता है, इस तरहके ब्राह्मणवचनोंसें राजाका चित्त फिर संशयाकुल हुआ. और उसनें अपने मंत्रियोंकों पुस्तक देकर काश्मीर भेजा, उन्होंने वहां जाकर वैसाही किया—सरस्वती माताके प्रसादसें और कलिकाल सर्वज्ञकी कृति होनेसें वह पुस्तक दो घडीमें कुंडसें बाहिर तर आया.

इस चमत्कारी वृत्तान्तको देखकर काश्मीरके राजाने वारंवार उस व्याकरणशास्त्रकी श्लाघा की, और कलिकाल सर्वज्ञकी प्रशंसा करके स्वस्थानपर गया—इधर मंत्रियोंने सिद्धराजके पास आकर आद्योपान्त सर्व वृत्तान्त सुनाया, सुनकर राजाने अपार खुशी मनाई और ३०० लिखारीयोंको बुलाकर इस ग्रंथकी नकलें करा प्रसिद्ध प्रसिद्ध भंडारोंमें रखवाई और इस व्याकरण की स्थानस्थानमें प्रवृत्ति कराई, इस समयमें अनेक महाकवियोंने इस तरह प्रशंसा की थी,

भ्रातः संवृणु पाणिनि प्रलपितं कातन्त्रकंथा वृथा,
मा कार्षीः कटुशाकटायनवचः क्षुद्रेण चांद्रेण किम्?।
कः कंठाभरणादिभिर्बठरयत्यात्मानमन्यैरपि,
श्रूयंते यदि तावदर्थमधुराः श्रीसिद्धहेमोक्तयः ॥ १ ॥

इस तरहसें कलिकाल सर्वज्ञ श्रीहेमचंद्रसूरिजीने "श्रीसिद्धराजजयसिंह" देवकों धर्मके सन्मुख किया, और राजाकी अधिक प्रवृत्ति धर्मतर्फ लगे इस विषयका प्रयत्न शुरु रखा.

चरित्रनायक कुमारपाल महाराजका जन्मवृत्तान्त ॥

इधर राजा 'भीमदेव' दधिस्थली (देथली) में राज्य करता था वहां उसके 'देवप्रसाद' नामा पुत्र हुआ, देवप्रसादका 'त्रिभुवनपाल' नाम पुत्र हुआ–त्रिभुवन-पालके 'काश्मीरदेवी' नाम स्त्री थी—इसकी कुक्षीसें 'कुमारपाल' नाम लडका पैदा हुआ–इस पुत्रके गर्भमे आनेपर काश्मीरदेवीकों ऐसी इच्छा हुई कि 'समुद्रपर्यंत पृथ्वीका पालन करूं, और सर्वजीवोंको जीवित दान देउं'—इससें काश्मीरदेवी और त्रिभुवनपालको ऐसा निश्चय हुआ कि यह बालक आगामी काल में बडा भारी प्रतापी और भाग्यशाली होगा—कामीरदेवीने गर्भसमय पूर्ण होनेपर पूर्व दिशा सूर्यकों प्रसूत करे त्युं इस भाग्यशाली और तेजस्वी पुत्ररत्नकों जन्म दिया, इस

बालकके जन्म समय प्रायः सर्वशकुन अनुकूल थे व्यतिपातादिका परिहार था दिग्मंडल प्रशान्त था पृथ्वी सरस थी पक्षीगणके शब्द अनुकूल थे परस्पर राजयुद्धभी बंद थे। पुत्रजन्मके समाचार सुनते ही त्रिभुवनपालने दासियोंकों पारितोषिक देकर संतुष्ट किया था बंदीमोचन पशुपालन अनुकंपा दान आदि सकल कार्य बडे उत्साह और समारोहसें किये गये थे १२ में दिन सकल स्वजनोंकों भोजन दिया गया वस्त्रादिसें सत्कार किया गया और उन सबकी सम्मतिसें कुमारका 'कुमारपाल' नाम रखा गया, विविध क्रीडाओंसें बाल्यावस्थाका अनुभव करते हुए चरित्रनायक युवावस्थाकों प्राप्त हुए पिताने एक सुंदरी सुशीला राजकन्याके साथ इनका विवाह कर दिया इनकी इस प्रथम पत्नीका नाम 'भोपलदेवी' था पूर्व संचित सुकृतके वशसें उपार्जित पुन्यके प्रभावसें कुमार सांसारिक सुखोंसें अपने जीवनकों सुखमय बनाने लगे.

कुमारपालके 'महिपाल' और 'कीर्तिपाल' दो छोटे भाई थे और प्रेमलदेवी देवलदेवी दो बैनें थीं, प्रेमलदेवीकी शादी गौर्जरपति राजा जयसिंहदेवके सेनापति 'कृश्नदेव' के साथ, और देवलदेवीकी शाकंभरी (सांभरके) राजाके साथ हुई थी, एकदफा कुमारपाल जयसिंह देवकी सेवा करनेकों पाटण आया.

तब राजाके पास बैठे हुए हेमचंद्राचार्यकों देखकर विचार करने लगा कि, यह जैनमुनि सर्वकलाओंमें प्रवीण सर्व शास्त्रोंके जाणकार राजमान्य होने चाहियें इनकी सेवा करनेसें मेरा भाग्य जरूरही खुलेगा, इस आशयसें कुमारपाल सूरिजीके उपाश्रये आने और धर्म सुणने लगा.

सूरिजीका धर्मस्नेह उसके हृदयमें वृद्धिगत होनेसे हररोज गुरूपदेशकों प्रेमसे ग्रहण करने लगा, एकदिन सूरीश्वर की देशनामें गुण प्राप्ति करनेका उपदेश चल रहाथा तब कुमारपालने पूछा महाराज! सर्व

गुणोंमें प्रधान गुण कौनसा है? आचार्य बोले "मैं तो परस्त्रीकों मातृभगिनी तुल्य समझना यह गृहस्थका सर्वोत्तम अतिशाई गुण मानता हुं"

इस गुणसें देवताभी मनुष्यकी सेवा करते हैं— और विना इसके स्वजनभी विरोधी होजाते हैं— गृहस्थ सर्वथा ब्रह्मचारी नही होनेपरभी स्वस्त्री संतोषसें ब्रह्मचारी कहा जाता है—जहांतक मनुष्य परस्त्रीलंपट नहीं है-वहांतक उसपर सकल जीवोंकी नजर ठंडी रहती है, उसका चित्त प्रसन्न रहता है, और वह धर्म सत्व महत्व कीर्ति प्रतिष्ठा राजसन्मान आदिका पात्रभी होसक्ता है, इसवास्ते यदि अपना उदय चाहते हो तो परस्त्रीसंगसें सर्वथा बचो.

ख्याल करो कि, एक स्त्रीके वास्ते तीन खंडके मालिक राजा रावणका क्या हाल हुआ था? लौकिक शास्त्रोंमें भी ऐसा जिकर है कि विष्णु भगवान् प्रसन्न होकर अर्जुन कों बोले तुम हमसें

कुछ वर मांगो, अर्जुन बोला हे प्रभु! आपकी कृपासे यह चाहता हुं कि, यावज्जीवतक परस्त्री और परद्रव्यका त्यागी होउं. मेरी जुबान कोई की निंदा करनेमें तत्पर न होवे, पद्मपुराणमें ऐसा जिकर है कि, जब रावणने सीताका हरण किया तब पीछेसें तालायश करते करते रामचंद्र और लक्ष्मणजीने सीताके कुंडल और कंकण देखे—रामचंद्रने पूछा भाई, लक्ष्मण! येह कुंडल और कंकण तेरी भोजाई के तो नहीं? लक्ष्मणजी बोले हे पूज्य भ्राता! मैं सीताजीके कुंडलोंकों नहीं जाणता, और कंकणोंकोंभी नही पिछानता, सिर्फ नूपुरोंकों पिछाणता हुं क्युं कि चरणकमलोंमें नमस्कार करनेसें इनपर मेरी दृष्टि पडतीथी इससें लक्ष्मणजीने यह आशय सूचन किया कि मैंने आजतक सीताके चरणोंविना दुसरे कोई अवयवपरभी दृष्टिभी नहीं दी—यहही मार्ग सर्व सत्पुरुषोंका है—"महाजनो येन गतः स पंथा" इत्यादि उपदेश सुननेसें और शुभ कर्मका उदय हो-

नेसें कुमारपालने "परनारी सहोदर" व्रत अंगीकार किया.

उसवक्त श्रीहेमचंद्र सूरजीने यह शिक्षा दी.

हरिणी छंद.

प्रसरति यथा कीर्तिर्दिक्षु क्षपाकरसोदरा-
भ्युदयजननी याति स्फार्ति यथा गुणपद्धतिः ।
कलयति परां वृद्धिं धर्मः कुकर्महतिक्षमः,
कुशलजनने न्याय्ये कार्यं तथा पथि वर्तनम् ॥१॥

इस प्रकारसें गुरूपदेशामृतका पान करता हुआ कुमारपाल कुछ अरसा पाटणमें रहा और राजा जय-सिंहदेवकी आज्ञा लेकर दधिस्थली (दहीथली) तर्फ विदाय हुआ—शेषकोई अन्यत्रका आवश्यक कार्य न होनेंसें सुखे सुखे वहांही रहने लगा.

सिद्धराज के संतान नहीं होनेसें वह बहुत फिकर किया करतेथे, एकदिन श्रीहेमचंद्रजीको साथ लेकर तीर्थयात्रा करनेकों निकले, शत्रुंजय महातीर्थकी

यात्रा करके बडे प्रसन्न हुए; तीर्थ रक्षावास्ते १२ गाम ईनाम दिये, और वहांसे गिरनार पर्वतपर पहुंचे, वहां की यात्रा करके अत्यंत खुशी मनाई, और ऐसा ठहराव किया कि "इस तीर्थपर कोईनेभी पलंगपर न बैठना, ज्यादा आहार न करना, स्त्रीका प्रसूत न कराना, दहीं न बलोना, (रिडकना)" वहांसें चलकर सोमेश्वरकी यात्रा करनेको देवपुर पाटण (जो कि आजकाल प्रभासपाटणके नामसें काठियावाड में प्रसिद्ध है) पहुंचे, वहां सोमेश्वरके दर्शन करके "कोडिनार" गये और वहां श्रीहेमचंद्र सूरजीकों अरज गुजारि कि महाराज! आप यहां अंबिका माताका आराधन करके पूछो कि "मेरी गादीपर कौन बैठेगा सूरिजीने ३ उपवास करके देवीकी आराधन की और प्रत्यक्ष बुलाकर पूछा तो जवाब मिला कि, सिद्धराजके पिता करणका बडा भाई क्षेमराज उसका पुत्र देवप्रसाद उसका लडका त्रिभुवनपाल जो अबी दहिथलीमें राज्य करता है. उसका

लडका "कुमारपाल" तुमारे पीछे जगत्प्रसिद्ध संप्रति महाराज जैसा राजा होगा—अंबिकाका यह कथन सूरजीने राजा सिद्धराजको सुनाया– राजाने इस विषयमें बहुत दुःख मनाया और इस वचनकी परीक्षा करने वास्ते ज्योतिषी लोक बुलाये उनकोंभी अति आदरपूर्वक पूछा तो जवाब मिला कि महाराज! आपकी राज्यसत्ताका कुमारपालही अधिकारी होगा! एकदिन कोई ब्राह्मणने आकर कहा "राजन्! आप पैदल चल कर सोमनाथ की यात्रा करो तो आपकी मन इच्छित कार्यसिद्धि होसक्ति है" राजाने वैसेही किया सोमनाथने दर्शन देकर कहा राजन्! "तेरे भाग्यमें पुत्र नही है" क्रोड उपायसेंभी कार्यसिद्धि नही होगी, यह सुनकर अत्यंत दुःखी हुआ राजा पाटण आया.

और कुमारपालके मारनेके उपाय सोचने लगा, बल्कि कुमारपालके बाप त्रिभुवनपालकों मरवा भी दिया.

कुमारपाल पिताकी अंत्य क्रिया करके पाटण आया. और बापके अकस्मात् मृत्युकी तालायश करने लगा–किसी वृद्ध आदमी द्वारा उसे मालुम हुआ कि तुमारे पिताकों इसतरहसे मरवा दिया गया है, और तुमारे वास्ते भी यह दिन जल्दी ही आने-वाला है, अब तुमको हुशियार रहनेकी जरूरत है, यह सुनकर कुमारपालने विचार किया कि किस्मतके फेरफारसें आदमीकी दशाका फेरफार होते देर नहि लगती, अब वक्त गुजारने वास्ते कोई निर्भयस्थान-पर जाना चाहिये, यह सोचकर "काहन"[1] नाम राज्याधिकारी जो कि इसका बनेवी लगताथा, उसके पास गया, और जाकर अपना कुलहाल सुनाया, काहनदेव बोला तुझेपास रखनेमें मुझे इनकार (ना) नहीं परंतु राजाकों मालुम पडनेपर तेरा और मेरा दोनोंका विनाश होगा, इसवास्ते वेश बदला कर

---

१ कृष्णदेव.

देशाटन करना ठीक है, समय समयपर राज्यतर्फकी खबरें मैं तुझे पहुंचाता रहुंगा.

काहनदेवका यह कहना कुमारपालकों पसंद आया—और अपनी स्त्री भोपलदेवी वगैरह सकल परिवारकों दहिथलीमेंही छोडकर आप अकेला देशान्तरमें निकल पडा, और जटाधारी तापस बनकर पृथ्वीमें घूमने लगा. फिरता फिरता एक दफा राज्यकी खबरें सुनने वास्ते पाटण आ पहुंचा—और कर्णमेरु मंदिरके पुजारीयोंमें मिलकर रहने लगा पुजारीयोंने उसे पिछान लिया, और राजाकों जाकर फौरम खबर दी. राजाने हुकम दिया कि, कल सब पुजारियोंको भोजन हमारी तर्फसें दिया जावेगा,

सब मिलकर राजघरमें आये इधर अपने पोशीदा (खानगी) सेवकोंकों राजाने समझा दियाथा कि "सब पूजारियोंके तुमने खुद पाओं धोने उनमेसें कुमारपालकों पिछाणकर मुझे खबर देनी" जिसके

पाओंमें छत्र और मच्छका चिह्न देखो उसकों कुमार-
पाल समझना.

यह खबर कुमारपालकोंभी पडी तब वह पुजा-
रियोंकों बोला भाई तुम यहां ठहरो, मुझे उलटी
होने लगी है, चित्त स्वस्थ होनेपर मैं भी आ कर
भोजन करताहुं, यह कहकर वहांसे निकला आलि-
गनाम कुंभारके घर गया और उससें अपना हाल
सुनाया. उसनेभी दया लाकर अपने घरपर मट्टीके
बरतनोंमें छिपाकर एकदिन रखा—राजाके नौक-
रोंने आकर तालायश की. परंतु खबर न पडनेसें
पीछे लोटगये, रातकों कुमारपाल और कुंभारकी
सुखप्रश्नादि बात होनेसें परस्पर दोनोंकी प्रीति हुई,
कुमारपालनें कहा मैं तुमारे इस उपकारकों कबी
नहीं भुलूंगा—प्राणदान यह सबसें बडा दान है,
यह कहकर कुमारपाल वहांसे निकल पडा, दैवयोग
जिस रास्ते कुमारपाल जाताथा उसी रास्ते पीछे पीछे
राजा जयसिंहकी फौज उस पकडने वास्ते आरहीथी

देखकर कुमारपाल घबराया, किसी दयालु जमीनदा-
रने बेरीके पत्तोंमें उसे छिपाकर रखा, सत्य कहा है
महात्मा भर्तृहरिने "वने रणे शत्रुजलाऽग्निमध्ये,
महार्णवे पर्वतमस्तके वा। सुप्तं प्रमत्तं विषमास्थितं
वा, रक्षंति पुण्यानि पुराकृतानि॥ कहींभी खबर
न मिलने से राजपुरुष पीछे लोटे, राजा जयसिंहने
निरास और दुःखी होकर ढंढेरा फिराया कि "जो
शखस कुमारपालकी खबर लावेगा, उसे मुहमांगा
दान दिया जावेगा" इधर बेरीके कांटोंके लगनेसें
कुमारपालके शरीरसें लोहीकी धाराओं चल रहीथी,
पेट भूखाथा, पग थके हुए थे, परंतु "अवश्यमेव
भोक्तव्यं कृतं कर्म्म शुभाऽशुभम्" इस वाक्य का
सतत स्मरण करते हुए और जमीनदारका परम उप-
कार मानते हुए चौलुक्यवंशमणिने आगे चलना
शुरु किया आपने वहांसें चलते हुए उस जमीनदा-
रकों कहा "बिना ही किसी स्वार्थके दूसरे ऊपर उप-
कार करनेवाले सज्जन थोडे हैं. और किये हुए उप-

कारकों नहीं भूलनेवाले उनसेंभी थोडे हैं" अबी मेरा वक्त खराब है. कबी दशा अछी आई तो तुमारे किये उपकारका बदला देउंगा यह कहकर दहिथलीतर्फ चल दिये और रस्तेमें विश्राम लेनेकों एक वृक्ष नीचे बैठे इतनेमें उस जगहपर एक चूहा अपने बिलमेंसें रुपये निकालकर बाहेर रखताथा कुमारपाल एकाग्र दृष्टिसें देख रहाथा, चुहेने २१ रुपये बाहेर निकाले और देखकर खुशीसें नाचने लगा, बाद अतिहर्ष मना कर उस चुहेने रुपयोंकों अंदर रखना शुरु किया. एक रुपया लेकर अंदर गयाके भाविभूप (राजा) ने शेष रुपये उठा लिये. चूहेको रुपये नहीं नजर आनेसे इतना दुःख हुआ कि फौरन् छाति फट जानेसें तडफ २ कर मरगया.

यह देखकर राजाने विचार किया की, अहो! अफसोस है. कि–धन जिनकों कुछ काममें नहीं आता उनसेंभी इसकी मूर्छा नही छूटती, इसमें अनादि कालका संस्कारही कारण है मेरे इस प्रमादसें

बिचारे चूहेकी जान गई, यह बुरा हुआ, इस तरह दयालु कुमारपाल मनमें पश्चात्ताप करता हुआ आगे चला, रास्तेमें उसे कोई शाहुकारकी लडकी अपने पिताके घरतर्फ जाति हुई मिली, उससें कुच्छ भोजन प्राप्त हुआ, प्रसन्नतापूर्वक भोजन करके उससें पूछा बैन! तुमारा और तुमारे पिता श्रीजीका नाम क्या है?

जबाबमें बाईने कहा कि, "उमरा" गामके प्रसिद्ध "देवसिंह" शेठकी मैं लडकी हुं, और मेरा नाम "श्रीदेवी" है—कुमारपालने श्रीदेवीकों कहा तुं आजसें मेरी धर्मबैन हुई और मेरे राज्य समयमें राज्यतिलक तेरे हाथसेंही कराउंगा—यह सुनकर श्रीदेवी खुशी मनाति अपने घर गई, और कुमारपाल दहिथलीमें पहुंचा, वहां आकर इसपर जयसिंहदेवके नौकरोंने घेरा डाला—उसवक्त कुमारपाल-सज्जन नाम कोई कुंभारके घरपर जाकर बोला भाई! "मुझे मरतेकों बचाओ तुमारा इस भवमें और भवा-

न्तरमें भला होगा" सज्जनने उसे ईंटोंके आवेमें रख-
कर बचाया, कुमारपालने सज्जनकों कहा तुमने मुझ-
पर पूरा उपकार किया है, अभीतक राजा मेरे साथ
वैर रखता है, इसलिये तुम मेरे परिवारको साथ
लेकर अवंतिनगरीमें जाओ, और मैं वोसीरीब्राह्मण-
को साथ लेकर परदेश जाता हुं, सज्जनने इस बात-
को कबूल किया, कुमारपाल अपने परिवारकों अवं-
तितर्फ रवाना करके खुद वोसिरीको साथ लेकर
कोई नगरतर्फ निकल पडा, और थोडेही अरसेमें
खंभात आ पहुंचा—नगरके, बाहेर श्रीहेमचंद्रसूरीश्वर
जैनाचार्य मिले, वह उसको अपने उपाश्रय लेगये,
और उदयन मंत्रीको सपुर्द किया.

कुमारपालने सूरिजीकों उदयनमंत्रीवास्ते पूछा,
कि यह शखस कौण है? सूरिजीने कहा इनका
नाम "उदयन" है, यह मूल मारवाड देशके रहीस
हैं, बडे भाग्यशाली धर्मी हैं, राजा सिद्धराजने इनकों
यहांके मंत्री बनाये हुए हैं ॥ अब कुमारपालने दुः-

खोंसे कायर होकर पूछा महाराज ! कबी मुझेभी सुख मिलेगा ? सूरिजीने निमित्त देखकर कहा तुम घबराओं नहीं, तुमारा दुःखका समय गया समझो, निश्चय तुमकों ११९९ मार्गशीर्ष वदि (४) रविवारके दिन पुष्य नक्षत्रमें दिनके तीसरे पहेर राज्य मिलेगा. यदि ऐसा न हुआ तो हम निमित्त देखना छोड देंगे ! इस वचनकों तुमने दिव्य वाक्य समझना, इस विषयका सब हाल लिख कर कुमारपाल और उदयनको देदिया, कुमारपाल नम्र होकर बोला साहेब ! यदि मुझे राज्य मिला तो मैं वह राज्य आपको भेट करके आपकी निरंतर सेवा करुंगा.

सूरिजी बोले हमें राज्यसें कुछ प्रयोजन नहीं है, तुमकों राज्य मिले तो जिनधर्मकी प्रभावना करनी,

केईएक दिनोंतक कुमारपाल उदयनके घरमें रहा, उधर जयसिंहदेवकोंभी यह खबर पहुंची, तो उसने अपनी फौज इसकों मारने वास्ते भेजी, कुमारपाल भयभीत होकर सूरिजीके पास आया, और बोला

महाराज! मैं शरणागत हुं, मेरी रक्षा करो. दयालु आचार्यनेभी मनमें दया लाकर गुप्त रीतीसें उसे पुस्तकोंके भंडारमें रखा.

शहरमें कुमारपालकी तालायश होनेलगी, फिरते फिरते राजाके नौकर उपाश्रयमें भी आये, सूरिजीसे कुमारपालकी खबर पूछी तब सूरिजीने अवसरोचित उनको योग्य जवाब देकर निकाल दिया, उनके चलेजाने बाद कुमारपालको पास बुलाकर सूरिजीने कहा तुमारा विघ्न टला समझो अब थोडेदिनोंमें तुमको खूब सुख मिलेगा, कुमारपाल हाथ जोडकर बोला महाराज! आपके दर्शन हुए तबसेही अष्टसिद्धि और नवनिधिकी प्राप्ति हुई समझता हूं, आपकी चरणसेवा मुझे निरंतर मिले इससेही मेरा कल्याण है आपकी कृपा है तो सर्वत्र निर्भय हूं—
"यं पालयंति विततातनया हि नित्यं, किं पीड्यते विषधरैः स कदाचनापि" ?

थोडे दिनोंके बाद उदयन मंत्रीने रास्तेका खर्च

देकर कुमारपालकों वहांसे बिदा किया क्योंकि एक ठिकाणे रहनेलायक वक्त नहीं था, कुमारपाल फिरता फिरता बडौदे आया और एक बनीयेकी दुकानसें खानेको चणे मांगे बनियेनें कहा "पहले पैसे दो पीछे चणे दूंगा." कुमारपालको गुस्सा आया, और म्यानमेंसे तलवार खैंची, बनियेके होश उडगये, और बोला ठाकुर साहेब! यह सब चणे आपकेही हैं मरजीमें आवे उतने ले लीजिये—सत्य कहाहै "ईसा पैगंबर मूसा पैगंबर दंडा सबका पगंदर." कुमारपाल उसकी नम्रतासे शांत हुआ, वहांसे चलकर थोडे अरसेमें भरुच पहुंचा वहां कोई ज्योतिषीकों मिला, उसे प्रणाम करके पूछा महाराज! मेरा शुभदिन कब आवेगा? उस वक्त एक काली चिडी (दुर्गा) मुनिसुव्रतस्वामीके मंदिरके ध्वजादंड और कलश उपर बैठकर आनंदसें कुछ खाती और बोलतीथी, निमित्तीयेने उसका शकुन देखकर कहा जिनेश्वर—देवकी भक्तिके प्रभावसें थोडेही अरसेमें तुमारा

महानुदय होगा, वहांसे चलकर कुमारपाल कोलापुर पहुंचा–वहां एक "सर्वार्थसिद्ध" नाम योगी रहता था, जो कि विद्या और मंत्रोंके प्रयोगोंकों अछीतरहसें जानता था, कुमारपालने उसकी भली प्रकारसे सेवा की प्रसन्नहोकर योगीने उसे राज्यप्राप्ति और इच्छित-धनप्राप्ति करनेवाले (२) मंत्र दिये, पहले मंत्रके साधनमें बहुत भी विघ्नथे तो भी सत्ववान् कुमार-पालने साधन करना प्रारंभ किया, काली चौदसकी रातकों श्मशानमें मृतककी छातिउपर अग्निका कुंड जलाया, और खुद उसकी कमर उपर बैठकर होम करने लगा, इतनेमें उस क्षेत्रका मालिक देवता भयानक रूपकों धारनकरके कुमारपालके सामने आकर बोला, अरे मूर्ख! मुझे बलिदान दिये विना तुं अपना काम कैसे करेगा? इतना उसके कहने-परभी कुमारपालने मनमें जरा मात्र खौफ न खाया और होमकी क्रिया जारी रखी, इतनेमेंही महा-लक्ष्मीदेवी प्रत्यक्ष होकर बोली हे धीर! मैं तुझे

गुजरातका संपूर्ण राज्य देती हूं परंतु यह तेरा मनोरथ पांच वर्ष पीछे फलेगा, यह सुनकर कुमारपाल अपना कार्य सिद्ध हुआ समझता हुआ योगीकों नमस्कार करके कल्याण कोरक देशके कांतिपुर नगरमें गया; वहां कुछ दिन ठहरकर अगाडी चला और कोलंब पट्टणकी सीमामें पहुचा, वहांके राजाकों महालक्ष्मी देवीने ऐसा स्वप्न दिया था कि, "भविष्यमें गुजरातके राज्यका मालिक होनेवाला महापुरुष तुमारे राज्यमें आवेगा उसका तुमने सत्कार करना," कोलंब राजाके नौकरोंने इसे देखा, और अपने स्वामीकेपास लेगये. कोलंबपतिने कुमारपालकों अपने आधे आसन उपर बैठाया, और महालक्ष्मीका कथन सविस्तर सुनाकर कहा—आप यह राज्य स्वीकार करें, मैं आपकी सेवा करूंगा. कुमारपालने कहा "आपके राज्यपर मैं अपनी सत्ता

"कांचि" के नामसें प्रसिद्ध एक शहर.

चलाऊं यह अनीति है, इस वास्ते यह काम करना मुझे सर्वथा अनुचित है, आपकी मेहरबानीकों मैं राज्यसेंभी ज्यादा मानता हूं—तो भी कोलंबराजाने कुमारपालकी यादगिरीवास्ते कुमारपालेश्वर नामका एक विशाल प्रासाद (मंदिर) बनवाया, और अपने राज्यमें रुपयोंपर कुमारपालका नाम मशहूर किया, स्नेही स्नेहके वास्ते, जितना करे थोडा है, कुमारपाल वहांसें "प्रतिष्ठानपुर"[१] वगैरह अनेक नगरोंकों देखता हुआ मालवदेशमें पहुंचा; और उज्जयनीमें जाकर अपने स्वजनोंकों मिला, एकदिन नगर बाहर फिरता हुआ कुमारपाल कुंडलेश्वरके[२] मंदिरमें गया और वहांपर विराजमान श्रीपार्श्वनाथकी प्रतिमाके दर्शन कर आत्माको कृतार्थ मानता हुआ चारो तर्फ

---

१ आजकाल पेठन नामसें दक्षिणमें मशहूर नगर।

२ आजकाल अवंतिपार्श्वनाथके नामसें प्रसिद्ध उजैनसें बाहिर थोडे फांसलेपर एक मंदिर।

ख्यालसें देखने लगा, इतनेमें एक शिलालेख उसके देखनेमें आया, जिसमें यह गाथा लिखी हुईथी.

(१०००) (१००) (९९)

पुण्णे वाससहस्से सयाण वरिसाण नवनवई कलिए।
होहि कुमरनहिंदो तुह विक्कमराय सारिच्छो ॥ १ ॥

भावार्थ ११९९ वर्षव्यतीतहोनेपर हे विक्रमराज! तुमारे जैसा कुमारपाल नामका प्रतापी राजा होगा, इस गाथामें अपना नाम और संवत् देखकर राजाकों शंका पैदा हुई, और वहां रहे हुए कोई वृद्ध विद्वानूकों पूछा यह शिलालेख किसने कब लिखा है? जबाबमें वृद्धने कहा "पूर्वकालमें यहां जैनमतके धुरंधर आचार्य सिद्धसेन दिवाकर आयेथे, उन्होनें अनेक प्रकारकी विद्या और चमत्कारोंसें राजा विक्रमकों परम जैनधर्मी बनायाथा, उनकी बनाई हुई ३२ बत्तीसीयोंसें कुंडलेश्वर महादेवके लिंगके फट जानेसे यह श्रीपार्श्वनाथकी प्रतिमा प्रकट हुई थी, उनसें विक्रमराजाने ऐसा प्रश्न पूछाथा कि, मेरे पीछे

मेरे जैसा कोई जैनराजा होगा या नहीं? उस प्रश्नके उत्तरमें श्रीसिद्धसेन दिवाकरने यह गाथा कहीथी. और राजाने शिलालेख करवाकर यहां लगवाया था इस बातको सुनकर कुमारपालको बडा हर्ष हुआ और बोला कि—धन्य है जैनाचार्योंके ज्ञानको और धन्य है इनके सत्यवक्तृत्वकों. थोडे दिन उज्जयनीमें ठहरकर अपनी स्त्री "भोपलदेवी" और मित्र ब्राह्मण जिसका नाम वोसिरी था उनकों साथ लेकर कुमारपाल दशपुर[1] नगरमें आया, नगरके बाहिर उद्यानमें नासिका उपर नेत्रटिकाकर पद्मासन लगाकर बैठा हुआ शांतवृत्तिवाला कोई योगी उनकी नज़र पड़ा उसे देखकर शांतचित्तसें कुमारपाल विचारने लगा कि दुनियामें अपने मनोरथोंको पूराकरनेवास्ते तालाव, नदी, बावडी, बगीचे वगैरहमें खुशीयोंको मनाने-

---

१ आजकाल "मंदसोर" के नामसें मशहूर आर. एम. रेल्वे पर एक शहर।

वाले मनुष्य तो ठेकाणे ठेकाणे देखे जाते हैं, परंतु जो महात्मा पर्वतोंकी गुफाओंमें अथवा जंगलोंमें रहकर उत्कृष्ट ज्योतिस्वरूपका ध्यान करते हैं, जिनके आनंदाश्रु जलको झरनोंका जल समझकर निर्भय जंगली पशु पीतेहैं, ऐसे महापुरुषोंकाही दर्शन दुर्लभ है, धन्यहै इनके जन्म और जीवितको ! इतनेमें योगीने भी अपनी समाधी खोली, तो कुमारपालने हर्षसें नमस्कार करके पूछा—योगीराज ! मैं स्नान दान ध्यान और ज्ञान इन (४) पदार्थोंका स्वरूप जाणना चाहता हूं आप कृपाकरके समझावें तो आपका महान् उपकार होगा. योगीने कहा मनका मल दूर करना यह परमस्नान है, जीवको निर्भय करना यह परमदान है, तत्वपदार्थका यथार्थ बोध होना यहि ज्ञान है, और मनको सर्वथा विषयोंसें विरक्त रखना यहही ध्यान है, यह सुनकर चरित्रनायक बडा खुश हुआ, वहांसें चलकर चित्रकूट (चितोड) पहुंचा, और वहां रामचंद्र नाम एक जैन मुनिकी मुलाकात होनेसें उससे चित्र-

कूटकी उत्पत्ति पूछी, मुनिने कहा—यहां पूर्वकालमें चित्रांगदराजा राज्य करताथा, उसने इस "कूट" नामा पर्वत उपर किला बंधाना शुरू किया था, दिनमें जितना बनाया जाता था रातकों गिरजाता था, (६) महिनेतक मेहनत की परंतु काम कुछ न बना, कूट पर्वतके अधिष्ठायकने कहा तुमारा यह काम बनना मुश्किल है, राजाने कहा "काम करूंगा अथवा प्राण देऊंगा" परंतु उद्यम तो नही छोडुंगा, कूटदेव बोला तुम अगर मेरा नाम कायम रखो तो तुमारा काम सिद्ध करूं, राजाने मंजूर किया, किला तयार हुआ. मंत्रीयोंने इस किलेका नाम "चित्रकूट" रखा, और इसनामसेंही नगर आबाद किया, यहां (१४) हजार क्रोडपति रहते थे, लक्षाधिपतियोंकों रहनेकी जगह उपर नहीं मिली इसलिये उनके रहनेवास्ते राजा चित्रांगदकी आज्ञासें नीचे तलाटी उपर अनेक मकान तयार किये गये, चित्रांगद राजाने यहां बहुत अरसे तक राज्य किया, इसके पीछे राजाकी

विश्वासपात्र "बर्बरिका" वेश्याके फूटकर दुसरे राजाकों मिलजानेसें यहांका राज्य कान्यकुब्ज देशके "शंभ-शील" राजाके हाथमें गया, और राजा चित्रांगद इसी कारणसें कुएमें पडकर मर गया, चित्रकूट (चितोड) सें निकला हुआ कुमारपाल सुकोशल मुनिकी गुफाकों देखकर सुकोशल[1] मुनिकी प्रतिमाकों नमस्कार कर कणौज पहुंचा, वहां नगर बाहर बहुतसे आंम देख-नेमें आये. कुमारपालने कोईसें कारण पूछा तो उसने जवाब दिया कि यहां आंमके वृक्षोंपर राजाका टेक्स नहीहै, यहसुनकर कुमारपालने प्रतिज्ञा की—कि राजा होकर मैं भी इसी तरह करूंगा, बाद वहांसे चलकर भविष्यका गुजरपति कुमारपाल काशी प-हुंचा वहां एक शाहुकारसें मुलाकात हुई. दूसरे दिन उसके घरकों राजाके नौकर लूट रहे थे और स्त्री मुक्तकंठ रुदन कर रहीथी देखकर कुमारपालने पूछा

---

१ जैन में प्रसिद्ध एक महात्मा.

कि आज यहां क्या उपद्रव हो रहा है? जवाबमें मालुम हुआ कि यह शाहुकार अकस्मात् मर गया है, इसके पुत्र नहीं थे इसवास्ते अपुत्रीयेका धन समझ कर राजपुरुष लूट रहे है. कुपारपालने विचार किया कि, पति और पुत्र दोनोंके अभावमें यह स्त्रियें इसधनसेंही अपनी जिंदगी गुजार सक्ति थी, उसेभी अगर राजाने लूटलिया है तो यह बिचारी कैसे जिंदगी बीतावेंगी? ऐसा करना दयालु राजाओंका काम नही हैं, मैं जब राजा होउंगा तब ऐसा अनीतिका धन सर्वथा न लेउंगा यह निश्चयकर और थोडा अरसा वहांपर गुजार कर कुमारपाल पटणेमे पहुंचा, वहांकी स्थिति आज वैराग्यकों पैदा करती थी, इस शहरमें नव नंदोंका समय बडाही उत्कृष्ट था; कुछ अरसा वहांपर रहके कुमारपालने राज्यगृहीमें जाकर मुकाम किया, वहांपर महापुरुष शालिभद्र और श्रेणीकपुत्र अभयकुमार, धनाशेठ, पुनियाश्रावक वगैरहकी आश्चर्यकारि बातों सुनता हुआ,

कुच्छ अरसा ठहरा, और पीछे अगाडी चला, जाते जाते कोई एक ऐसा स्थान आया कि, जहां सर्पका राज्यथा, कुमारपालने एक वृद्ध पुरुषकों पूछा, तो उसने जवाब दिया कि इस नगरका नाम "नागेंद्र-पत्तन" है, इसको नागकुमारने बसाया हैं, इसका सविस्तर वृत्तान्त ऐसा है कि, "यहां दानेश्वरी, भोगी और विवेकी, श्रीकान्त नाम राजा राज्य करताथा—मगर उसमें एक दुर्गुण था कि—थोडीथोडी बातमें गुस्से हो जाता था, एक दिन महलमें घूमते हुए ख्याल चुकजानेसें माथेमें थंभा लगनेसें आर्त्तध्यानमें मर गया और मरकर सर्प हुआ, भंडारपर मालिक होकर बैठ जानेसें कोई दूसरेकों राज्य लेने नही दे-ताथा, लोकोने सोचा कि, इसकोही राजा रहेने दो, उस दिनसें आजतक यही प्रथा चली आती है" थोडे अरसेमें शेष दर्शनीय देशकी यात्रा समाप्त करके कुमारपाल पाटण पहुंचा ॥

कृश्नदेवकों खबर पडनेसें उसने सामने आकर

सन्मानपूर्वक नगर प्रवेश कराया. एक दिन कुमार-पाल स्नान करताथा, इतनेमें उसके मस्तक ऊपर बैठ कर काली चीडीने शुभसूचक आवाज किया, तब कोई निमित्तियेने कहा (७) दिनमें तुमकों राज्य मिलेगा, यह सुन कर कुपारपाल बडा खुश हुआ और निमित्तियेकों दान सन्मान देकर विदाय किया.

इस समय सिद्धराज जयसिंहदेवका अंतकाल हो चुकाथा, इससें राज्यगादि देनेके वास्ते सामंत और मंत्री लोगोंने कृश्नदेवकों हुकम किया कि—इस राज्यके हक्कदारोंकों हमारे पास हाजर करो, कृश्न-देवने भी कुमारपालको (२) भाईयों सहित सभा-में लाकर खडा किया, उनमेसें एक कुमारकों आगे किया तब वह मंत्रियोंके पास आकर हाथ जोड आधीनतासें बोला—'मुझे क्या हुकम है ?' मंत्रियोंने उसे कमजोर जानकर निकाल दिया, दूसरेको भेजा तो वह मंत्रीयोंकों देखकर घबराया शरीरसें कपडे

गिरजानेपर भी उसे खबर न रही, मंत्रीयोंने उसेभी बिलकुल नापसंद किया, उनके पीछे कुमारपालको भेजा उसने मंत्रीयोंसें कुछभी खौफ न खाया, बलकि निर्भय होकर प्रसन्न मनसें राज्य गादिपर बैठगया; इसकी इस चेष्टाकों देखकर मंत्रीयोंने अतिशय हर्ष मनाया, बंदीलोगोंने खुश होकर गुण गाया, और मंत्री सामंतोने महोत्सवपूर्वक विक्रम संवत ११९९ मगसर वदि (४) पुष्य नक्षत्र मीन-लग्न आदि उच्च ग्रहोंका योग आनेपर कुमारपालका राज्याभिषेक किया ॥

इस वक्त महाराज कुमारपालकी उमर ५० वर्षकी थी, इस खुशीके समयमें स्त्रियोंने धवल मंगल गाये, मंत्री सामंतलोगोंने हाथी घोडे मोति माणिक्य भेट किये.

छत्र और चामरोंके होते हुए, लोगोंके जयजय-कार करते हुए, सर्व ऋद्धि और परिवारसहित

कुमारपाल भूपालने पट्टहाथीपर सवार होकर राज-महेलोंमें प्रवेश किया.

राज्यतिलक श्रीदेवीके हाथसें कराया गया उद-यनको मुख्य मंत्री बनाया। जिस किसीने पहली अवस्थामें जो कुछ उपकार किया था, उन सबको बुला कर यथायोग्य सन्मानित किये। उदयनके पुत्र वागभट्टकों नायब दीवान बनाया। आलिंग कुंभारको चित्रकूट (चित्तोड) तावेके ७०० गामोंका मालिक बनाया, उसीके वंशज आजकाल सगरा राजपूतके नामसें मशहूर हैं। जिसने बेरिके कांटोंमें छिपाकरके रखा था उसकों खास अंगरक्षक बनाया। वोसिरि ब्राह्मण जो मालवेकी मुसाफरीमें साथ था उसे लाटदेश बक्षीस किया। श्रीदेवीको धोलका दिया! चणे देनेवाले वनीयेंकों बडोदरा दिया, इस तरहसें सर्व उपकारी लोकोंकों बुलाया, परंतु धर्मका अंतराय होनेसें मुख्य उपकारी हेमचंद्र सूरिजीकों याद न किया!! इधर हेमचंद्रसूरिजीने भी जब

कुमारपालको राज्य मिला सुना, तो करणावतीसें विहार करके पाटण पधारे! उदयनमंत्रीने प्रवेश महोत्सव किया, सूरिजीने मंत्रीसें पूछा कि-राजा कभी मुझेभी याद करता है, कि नही? मंत्रीने कहा महाराज! कबी नहीं। सूरिजीने कहा जीवोंको सुखमें धर्म और धर्मके उपदेष्टा याद मुश्किलही आते हैं, तोभी आज उनको कहना कि नवी रानीके मकानमें न जावें। मंत्रीने वैसेही जाकर कहा राजा नहीं गया, रातकों उस मकानपर बिजली पडी,

---

१. *Page 18*, Bombay Gazetter Vol. I, Part I.

Devsuri who was living and preaching in the Jain Temple of Arishṭanemi at कर्णावती, *that is modern Ahmedabad* (हालनुं अमदावाद), was there visited by Kumudachandra. P. 170.

Karna had 3 ministers मुञ्जल, शान्तु, उदय. उदय was a Shrimâli Vânia of Marwar. शान्तु built a Jain temple called शान्तुवसहि and उदय built at कर्णावती a large temple called उदयवराह containing 72 images of तीर्थंकरs.

मकान टूट पडनेसें रानी मरगई राजाने इस बातकों सुनकर बडा आश्चर्य मनाया; और मंत्रीको पूछा तुमकों यह खबर पहलेही किसने कही ? मंत्री बोला महाराज ! हमारे गुरुमहाराज श्रीहेमचंद्रसूरिजी तीनों कालकी बातें जाननेवाले अद्भुतज्ञानी हैं उन्होने मुझसें यह वृत्तान्त कहा था। राजा प्रसन्न होकर बोला क्या–हेमचंद्रसूरिजी यहां पधारे हैं ? मंत्रीने कहा जी हां। कई दिन हुए.

राजा—तो फिर हमकों खबर क्यों नहीं दी ?

मंत्री–महाराज अबभी क्या बिगडा है ?

राजा–अच्छा कल हमारे पास उनकों जरूर लाना।

मंत्रीने हेमचंद्रसूरिको आकर सर्व वृत्तान्त कह सुनाया, और प्रार्थना की कि आप-सुबह राजसभामें अवश्य पधारें, आपके वहां पधारनेसें धर्मकी उन्नति होगी। सूरिजीने भी मंत्रीके वचनको स्वीकार किया। दूसरे दिन योग्य शिष्यमंडलीकों साथ

लेकर सभामें पधारे। राजाने जब दूरसें सूरिमहाराजकों आते देखे तो सिंहासनसें उठ कर खडा होगया और अच्छी तरहसे नमस्कार कर सिंहासनपर बैठेनेके लिये प्रार्थना की। सूरिजीने कहा—यह आसन साधुलोगोंके लायक नहीं है। ऐसा कहकर काष्टके एक पाटपर राजाकी आज्ञा लेकर बैठ गये, राजा अत्यंत दुःख मनाकर—बोला महाराज! मैं आपको मुंह नही दिखा सक्ता, आपनेही मुझे भविष्यमें राज्य प्राप्तिकी खबर दी थी, आपहीके प्रतापसें खंभातमे मेरी जान बची थी, इस निःसीम उपकार कों भूलजानेंसे मैं कृतघ्नशिरोमणी हूं!!!

सूरिजी—राजाको दिलासा देकर—चौलुक्यचूडामणी! दुःख मनानेकी कुछ जरुरत नहीं, उपकारका बदला देनेके दिन तो तुमारे अभी आते हैं।

राजा—मैंने आपसें प्रतिज्ञा की थी कि—मुझे राज्य मिलेगा तो वह राज्य आपकों देकर आपकी सेवा करूंगा, इसवास्ते आप राज्यस्वीकार करें।

सूरिजी—राजन् ! हम त्यागी साधुओंकों राज्यसें कुछ प्रयोजन नहीं ।

राजा—तो फिर मैं आपके उपकारका बदला कैसे दूं ?

सूरिजी—जैनधर्मकी उन्नति करो । इससें हमको सब कुछ पहुंच जायगा ।

राजा हाथ जोडकर—आपकी आज्ञा शिरपर चढाता हूं । आज इस सौभाग्यशाली दिनकी खुशी मनाता हूं । एक प्रार्थना यह है कि आपके द्वारा धर्मके तत्वोंकों सुनकर आपकी आज्ञाका पालन करूंगा, आप कृपापूर्वक इस आश्रितपर दयाबुद्धि लाकर, प्रतिदिन पधारें और मुझे धर्म सुनावें तो मैं बहुत कुछ लाभ उठा सक्ता हूं ।

सूरिजी—तथास्तु, आप यदि सुननेकी इच्छा रखते हैं तो हम सुनानेकों तयार हैं !

इस तरह वार्तालाप होनेके बाद समय हो जानेसे सूरीश्वर शिष्य-समेत उपाश्रयमें आये ।

राजाकी इच्छानुसार प्रतिदिन राजसभामें आकर धर्मोपदेश सुनाने लगे। "परोपकाराय सतां विभूतयः" सत् पुरुषोंकी विभूतियें जगत्के उपकारकेही वास्ते होती हैं। सूरिजीके उपदेशसें राजाकी मनोवृत्ति और नीति धर्मसें वासित होने लगी, उसने दिनके आठ विभागोंमें सर्व कार्योंको नियत समयमें करनेका दृढ विचार करलिया। प्रथमविभागमें खर्चलायक धनका विचार (१)। दूसरेमें लोगोंकी रक्षाके उपायका विचार (२)। तीसरेमें देवपूजा करनी (३)। चौथेमें खजानेका हिसाब लेना (४)। पांचमेमें गुफिया नोंकरोंको परदेश भेजना (५)। छठेमें सैर करने जाना (६)। सातमेमें हाथी घोडे शस्त्र वगैरहकी हिफाजत (रक्षा) करनी (७)। आठमेमें दूसरे राजाओंको वश करनेवास्ते नवी फौज तयार करनेके अनुकूल उपाय ढूंढने (८)। रात्रिके ९ हिस्सोंमेंसे—प्रामाणिक पुरुषोंसें बातचीत करनी (१) शास्त्रका स्मर्ण करना (२) वाजोंका

सुनना (३) सोना (४) ध्यान करना (५) मंत्र-
जापकरना (६) ब्राह्मणोंका पोषण (७) और
वैद्योंकी मुलाकात (९) ।

कुमारपाल हरएक काम हुशीयारीसें खुदही करता
था, इसी सबब वृद्ध मंत्री लोगोंकी पूछ थोडी होनेसे
एकदिन उन कमनसीबोंने राजाके घात करनेका
निश्चय किया, परंतु राजाकों मालुम होनेसें फौरन उन
सबकों यमराजाकी मुलाकात करा दी, और पूर्व-
जन्मके पुन्यसें निष्कंटक राज्य पालने लगा, इधर सिंधु
नदिके पश्चिम किनारे उपर "पद्मपुर" नगरमें "पद्म-
राजा" राज्य करता था, उसकी लडकी पद्मिनी स्त्रीके
लक्षणोंवाली थी, नाम उसका "पद्मावती" था, वह
कुमारपालपर अत्यंत रागिनी थी, उसके पिताने उसे
(१६) वारांगणा सात क्रोड रुपैये और (७००) सिंधी
घोडे देकर पाटणभेजी, और राजा कुमारपालके साथ
विवाह करादिया, इस बातसें क्रुद्ध होकर कोई मूल-
देव नामका राजा कुमारपालसें लडनेकों आया, मगर

हार खाकर पीछे गया ! बाद राजा दिग्विजय करनेकों निकला पूर्वदिशामें कुरू, कुशावर्त, पांचाल, दशार्ण, विदेह, और मगध, आदि। उत्तरमें काश्मीर, जालंधर, सपादलक्षपर्वत पर्यंत देश । दक्षिणमें लाट, महाराष्ट्र और तैलिंगादि जनपद । पश्चिममें सुराष्ट्र, ब्राह्मण, वाहक, पंचनद, सिंधु सोवीर वगैरह देशोंकों स्वाधीन करके ११०००० घोडा, ११०० हाथी ५००० रथ, (७२) सामंत, १८०००० पयादोंकी सेना लेकर पाटणमें वापिस आया और सुखपूर्वक राज्य करने लगा। एकदफा राजा सभामें बैठा था उस-वक्त कुंकण देशके मल्लिकार्जुन राजाके बंदीने आकर अपने राजाकी प्रशंसा करते हुए कहा "सूरोंमें सूर और वीरोंमें प्रधान वीर "राजपितामह" मल्लिकार्जुन जगत्में जयवंत रहो। उसकी जुवानसें "राजपितामह" का विरुद सुनकर उसकेसाथ युद्ध करनेवास्ते कुमारपालने उदयनके पुत्र आम्रभट कों सैन्य देकर भेजा ! आम्रभट्टने मल्लिकार्जुनकों मारकर उसके

राज्यमें कुमारपालकी आज्ञा प्रवर्त्ताई। स्वामीकी आज्ञाके आराधनवास्ते योद्धे लोग सर्व शक्तिका उपयोग करते हैं। मल्लिकार्जुनका मस्तक सोनेसें मढाकर और उसके राज्यकी सर्वसार वस्तुएँ लाकर कुमारपालको भेट की। कुमारपालने अत्यंत प्रसन्नतासें आम्रभट्टकोंही "राजपितामह" का विरुद दिया और बहुतसा धन इनाम दिया। आम्रभट्टने वह सब रुपया उस वक्त याचकोंकों दान कर दिया। यह बात जब राजाने सुनी तब मंत्रीकों बुलाया और खफा होकर बोला" क्या तूं मुझसेभी ज्यादा महत्त्व रखता है जो इतना दान देता है? मंत्री बोला हां साहेब! मैं आपसें ज्यादाही महत्त्व रखता हूं। राजा बोला कैसे? मंत्रीने कहा स्वामिन्! आपके पिताजी केवल (१२) गामके मालिक थे, और मेरे पिता आप तो (१८) देशके मालिक हैं। सुनकर राजा बहुत खुश हुआ और मंत्री बहुत कुछ इनाम पाकर विदा हुआ। कुमारपाल महा-

राजकी एक बहिन जिसका नाम "देवलदेवी" था, शाकंभरी[1]के अरणोज राजासें विवाही हुई थी, उसके सामने अरणोजने हांसीसें जैन मुनियोंकों दुर्वचन कहा। सुनकर देवलदेवीने कहा स्वामीनाथ! आप मेरे शिरके ताज हैं, मालिक हैं, परंतु मेरे सामने आपको मेरे धर्मगुरूओंकों दुर्वचन नही बोलना चाहिए, दुसरी सर्व आज्ञा मुझे मान्य है— परंतु धर्मका राग मुझसें नहीं छूटेगा। इतना कहने-परभी अरणोराजने कुछ खयाल नही किया, बलकि ज्यादा बकने लगा। तब देवलदेवीने कहा अरे मूर्ख!! जंगली!! तूं पापसे तो नहीं डरता परंतु मेरे भाई कुमारपालसें भी नही डरता!!! इस बातकों सुनकर क्रूरप्रकृतिके अरणोराजने गुस्सेमें आकर स्त्रीकों लात मारके कहा "जा निकल जा मेरे घरसें और तेरे भाइकों जाकर जो कहना हो बेशक कह मुझे कुमारपालने जो करना हो सो करले!! मैं उसके

---

१ अजमेरके पास "सांभर" नाम का गाम।

बापकाभी भय नहीं रखता। इस तिरस्कारसें अति दुःखित हुई हुई बिचारी देवलदेवी पाटण आई और कुमारपालके पास जाकर सर्व वृत्तान्त कहकर रोई, कुमारपालभी जैन मुनियों उपर पूरा प्रेम रखताथा, बहिनकी जुबानी इस वृत्तान्तकों सुन कर उसने अरणोराजउपर चढाई की, और उससें युद्ध करना शुरु किया! अरणोराज बलवानभी था तोभी "यत्र धर्मो जयस्तत्र" कुमारपालने उसे पकड कर कहा—बोल तेरा क्या हाल करूं? अरणोराज बोला मैं आजसें तुमारा शरणागत हूं, मरजी आवेतो मारो मरजी आवेतो रखो! कुमारपालने उसे जैन मुनियोंकी सेवा करनी कबूल करा कर छोड दिया, और पीछे लोटते हुए चंद्रावतीके राजा विक्रमसिंहकों जोकि

१ यह गाम आबु पर्वतके पास आजकालभी इसीही नामसें मशहूर है उसवक्त यहां सामंतसिंह राजा राज्य करता था उसने शाकंबरी (सांबर) की सवारीमें जाते हुए राजाकों चंद्रावतीमें ठहराया और भोजन देनेकी प्रार्थना की राजाने मंत्री सामंतोंकों कुछ शिक्षा देकर भोजन करनेको भेजा और खुद अपने तंबुमें ही

बडा धोखेबाज था, युद्धमें जीता, और उसे साथमें पाटण लाकर पिंजरेमें डाल दिया, और उसके राज्यपर उसके मंत्री यशोधवलकों बैठा दिया, एक दिन राजाने मंत्रीयोंकों पूछा कि सिद्धराज मेरे जैसा था कि अधिक गुणवाला? मंत्री बोले महाराज! सिद्धराजमें (९८) गुण थे परंतु "परस्त्रीलंपटता और संग्राममें कायरता" यह दो दोष थे तुमारे में कृपणतादि (९८) दोष हैं, परंतु 'संग्रामसूरता और परस्त्री-सहोदरता' इन गुणोंसें वे सब दोष ढके गये हैं। सिद्धराजसें आपकी कीर्ति अधिक बढेगी। एक

रहे आखीर मंत्रिमंडलके तलायश करनेपर मालूम हुआ कि सामंतसिंहने "लाख" का मकान तयार कराया हुआ था उसमें भोजनके बहाने राजा कुमारपालकों बंदकर आग लगाना चाहता था परंतु राजा विचारचतुर था कैसे फसता? कुमारपाल जैसा बुद्धिमान् था वैसाही गंभीर भी था इसलिये उसने उसवक्त कुछ न कहकर "अरणोराज" का पराजय कर आते हुए "सामंतसिंह" कों युद्ध में पराजित करके काष्ठके पिंजरेमें डालकर उसे वैसी ही हालतमें साथ लेकर पाटण में प्रवेश किया।

दिन एक कविने आकर राजाकी स्तवना की। उसमें राजाको मेघकी उपमा दी। राजाने खुशी होकर कहा राजाकों मेघकी "उपम्या" देनी युक्त है, 'उपम्या' इस शब्दकों सुनकर कपर्दि मंत्रीने शरमाकर मुह नीचा करलिया राजाने पुच्छा मंत्रिराज ! क्यों क्या कारण है जो आपने मुह नीचा करलिया ? मंत्रीने कहा महाराज ! आप व्याकरण नहीं पढे इसवास्ते आपको शुद्धाशुद्ध शब्दकी खबर नहीं, देशान्तरोंमें आपकी अपकीर्ति होगी !! आपकी अपकीर्ति वह हमारीही अपकीर्ति है, इसलिए शरमसे मुंह नीचा करना पडता है। इस बातको सुनकर राजा दिलगीर होकर सुरि श्रीहेमचंद्रजीके पास गया, और जाकर सब बात सुनाई। सुरिजीने सिद्धसारस्वत मंत्रका आराधन बताया, उससें सरस्वती देवीकों प्रसन्न करके एक वर्षमें व्याकरण काव्यादिको पढकर राजाने कवियोंसें 'विचार चतुर्मुख' और 'कवि बांधव' विरुद प्राप्त किया।

पाटणमें संगीत कला.

एक समय राजा सभामें बैठा था, इतनेमें कोई परदेशीने आकर पुकार किया कि, महाराज! मुझे लूट लिया २!! राजा बोला किसने? परदेशी बोला, जिसके गलेमें सोनेकी जंजीर है ऐसे हरिणने। राजाने इस बातकों सुनकर अनुमान किया कि यह कोई गवैया है, और अपनी कुशलता बतानेको आया है! इधर राजाके पास "सोल्हाक" नामा गवैया था उसे बुलाकर हुकम किया कि तुम जंगलमें जाओ और वहां गायन करके हरिणकों पकड लाओ। सोल्हाकने वनमें जाकर गायन किया, उसे सुनकर वनमृग आसक्त हो गया। उसे साथमें लेकर सोल्हाक सभामें आया और गवैयेकी जंजीर उसके गलेमेंसे निकाल कर उसको देदी। कुमार-पालने सोल्हाकको पूच्छा कि सर्वोत्तम गायन कब हो शक्ता है? उसने कहा सूके लकडेको हरा कर देवे

तब । राजा बोला—ऐसा कौन कर सक्ता है? गवैयेने कहा—आपका सेवक मैं। राजाने कहा—अच्छा कर बताओ । गवैयेने तत्काल आबुके जंगलसे विरहकी लकडी मंगाई, उसे मट्टीमें जमाकर मल्हार राग गाकर वरसाद वरसाया और उस लकडेको हरा किया । यह देखकर परदेशी गवैया लज्जातुर हुआ और राजा कुमारपालकी स्तुति करके राजासें योग्य दान लेकर स्वस्थानपर चला गया! राजाने एक दिन सूरिजीसें संगीतका महिमा पूछा, तब सूरीजीने फरमाया राजन्! संसारमें संगीतभी अद्वितीय पदार्थ है!

सुखिनि सुखनिषेको दुःखितानां विनोदः,
श्रवणहृदयहारी मन्मथस्याग्रदूतः ।
नवनवरसकर्ता वल्लभः कामिनीनां,
जयति जगति नादः पंचमस्तूपवेदः ॥ १ ॥

संगीत स्वरमय होता है । स्वरोंके नाम यह हैं, षड्ज १ ऋषभ २ गांधार ३ मध्यम ४ पंचम ५ धैवत

६ और निषाद ७ षडज कंठमेंसें, ऋषभ हृदयमेंसें, गांधार नासिकामेंसें, पंचम छाति, मस्तक और कंठमेंसें, धैवत कपालमेंसें, और निषाद सर्वसंधियोंमेंसें, पैदा होता है। इत्यादि नादके स्वरूपकों सूरिजीके मुखसें सुनकर राजा बडा प्रसन्न हुआ। और सूरिजी महाराजकों सर्वकलाओंमें कुशल मानने लगा।

एक दिन प्रातःकालके समय (७२) सामंत, (३६) राजकुल और अनेक कवि, व्यास, पुरोहित, राजगुरू, मंत्री वगैरह परिवारसहित राजा सभामें बैठा था, इतनेमें सूरिजी महाराजभी पधारे। उनको आते देखकर राजा, मंत्री वगैरह सकल सभासद अपने अपने आसनोंकों छोडकर खडे होयगे, और भावपूर्वक सबने नमस्कार किया। तदनन्तर सूरिमहाराज स्वआसनपर विराजमान हुए उनके बैठ जाने पर, समग्र सभासदभी अपने अपने स्थानपर बैठ गये। राजाने नम्रतापूर्वक कहा, गुरुमहाराज! कोई ऐसा सत्कृत्य बतलाओ कि जिससें पूर्वकालमें हुए हुए

युधिष्ठिर, विक्रम, भोज आदिकी तरह मेरी कीर्तिभी युगांततक कायम रहे। सूरिजीने जबाब दिया कि— "मनुष्यकी कीर्तिके दीर्घ काल रहनेमें दो कारण हैं, एक तो धनसें सर्व जीवोंकों अनृण करके अपना संवत्सर चलाना, और दूसरा कोई देवका उत्तमस्थान बनवाना। राजाने कहा 'साहेब! अपने नामके संवत् चलानेमें तो बहुत धनकी जरुरत है, सो इस वक्त मेरा सामर्थ्य नही है परंतु देवस्थानतो बंधा सक्ता हुं;' यह बात हो रही थी कि देवपुर पाटण (प्रभासपाटण) सें सोमेश्वरमहादेवके पुजारी आये, उन्होने कहा कि पृथ्वीनाथ! सोमेश्वरमहादेवका मंदिर जो कि काष्ठका था समुद्रके पानीसे गिरने लगा है, आप धर्मात्मा उस प्रासादका उद्धार कराके जगत्में अखंड यशकों प्राप्त करें। यह सुनकर राजानें सूरिजीकी सलाह पूछी। तब सूरिजीने कहा धर्मी राजाओंका यह अवश्य कर्तव्यही है। सूरीश्वरने विशेषमें कहा कि शुभ कार्यके आरंभमें कुछ प्रियव-

स्तुका त्याग करना चाहिए, ता कि–वह काम शीघ्र होवे ! राजाने कहा मुझसे बन सके सो कहिये, करनेकों तयार हूं । सूरिजीने कहा सर्वोत्तम प्रतिज्ञातो यह है कि प्रासाद की समाप्ति तक ब्रह्मचर्य धारण करना, यदि वह न बने तो मदिरा मांस तो जरूर छोड देना चाहिए । राजाने गुरुसन्मुख प्रतिज्ञा की कि, कार्यकी समाप्तितक दोनोंही वस्तु में सेवन नहीं करूंगा । दो वर्षके बाद मंदिर तैयार होनेकी खबर आनेपर राजाने कहा मेरी प्रतिज्ञा पूरी हुई । सूरीजीने कहा बेशक मंदिर तैयार हो चुका है, परंतु जहांतक आपने स्वयं जाकर यात्रा नही की वहांतक यह नियम ज़रूर पालन करना चाहिये । राजा यात्राकों तैयार हुआ, इधर कोई ईर्षालु ब्राह्मणने आकर कहा महाराज ! हेमचंद्रने आपकों अपने फंदेमें फसाना चाहा है, इसवास्ते आप की हांमें हां मिलाते हैं, अंदर–खाने यह हमारे धर्मके विरोधी हैं". सूरिजीके चित्तकी परीक्षावास्ते राजाने सूरिजीकों सोमेश्वर आनेकी

प्रार्थना की। तब सूरिजी बोले—इसमें आपकों कह-
नेकी खास जरूरत नहीं हम तयार हैं। जब आपका
प्रयाण होवे हमकों कुछ दिन पहेली खबर दिलावें
हम शत्रुंजयकी यात्रा करके सोमेश्वर पहुंचेंगे, यह
कहकर सूरिजी शत्रुंजयतर्फ विहार कर गये, थोडे
अरसेमें राजानेभी देवपुरपाटणतर्फ प्रयाण किया।
कुच्छ दिनोंमें वहां जा पहुंचे। इधर सूरिजीभी
शत्रुंजय और गिरनारकी यात्रा करके वहां आये। ब्रा-
ह्मणोंने राजासे कहा—महाराज! जैन लोक अपने
तीर्थंकर के विना दूसरे देवकों नमस्कार नहीं करते।
दूसरे दिन राजा सूरिजीकों बोला भगवन्! आप
अगर उचित समझें तो शिवभगवान्कों नमस्कार
करें! सूरिजीने कहा, इसमें क्या हरकत है? सुनिये—

"भवबीजांकुरजनना रागाद्या क्षयमुपागता यस्य।
ब्रह्मा वा विष्णुर्वा हरो जिनो वा नमस्तस्मै ॥१॥
यत्र तत्र समये यथा तथा, योसि सोऽस्य-

भिधया यया तया, वीतदोषकलुषः स
चेद् भवानेक एव भगवन्नमोऽस्तु ते" ॥ २ ॥

इत्यादि वाक्योंसें सूरिजीमहाराजने परमार्थसें वीतरागदेवकी ही स्तुति की! राजा अतिप्रसन्न हुआ। महादेवकी पूजापूर्वक, सोना चांदी मोती वगैरेह चढा करके, राजाने कहा भगवन्! सोमेश्वर-जैसा देव आप जैसा गुरु और मेरे जैसा तत्वजिज्ञासु यह योग पुन्यसें मिला है अब आप कोईभी प्रकारका पक्षपात न करके मुझे यथार्थ देवका स्वरूप समझावें। राजाकी यह प्रार्थना सुनकर सूरिजीने कहा—हे राजन्! शास्त्रसंबंधी वादकों किनारे रखो महादेव साक्षात् आकर तुमकों जो तत्त्व कहे उसको स्वीकार करो। यह कह कर सूरिजी राजाको साथ लेकर मंदिरमें गये। और आराधन करना शुरू किया। मध्यरात्रीके समय गंगा जिसमेंसे वह रही है ऐसी जटाको धारण किये हुए, चंद्रकलायुक्त त्रिनेत्रवाले महादेव, उस सोमेश्वरके लिंगमेंसे प्रकट

हुए! सूरिजीने राजासे कहा कि-यह सामने शिव खडे हैं, आप इनसे तत्त्वका निर्णय करलेवें। महादेवको साक्षात् सामने खडे हुए देखकर राजाने प्रसन्न होकर अष्टांगनमस्कार किया। महादेवने आशीर्वाद देकर राजाकों कहा-हे चौलुक्य! तुझे धन्यवाद है कि तुम तत्त्वके जाननेकी इच्छा रखते हो हे। राजन्! पृथ्वीमें सर्वदेवोंके अवताररूप, परमब्रह्मका ध्यान करनेवाले, बालपणेसें संयमवान्, अपने और दूसरे मतके सिद्धांतकों भली प्रकारसें जाननेवाले यह हेमचंद्राचार्य तुझे तत्त्वका यथार्थ स्वरूप समझावेंगे। ऐसा कहकर शंकर अदृश्य होगये राजाकों बडा आनंद और आश्चर्य हुआ। श्रद्धापूर्वक हाथ जोडकर राजाने सूरिजीको प्रार्थना की कि भगवन्! पृथ्वीतलमें आप सर्वोत्तम महर्षि हैं, सर्वोत्तम सत्यधर्मके उपदेष्टा हैं, और सर्वविद्याविशारद हैं, पहले आपने मुझे जीवितदान देकर मेरे इस लोकका हित किया था, अब धर्मोपदेशद्वारा परलोकका हितभी आपही करें।

हेमचंद्रजीमहाराजने कहा–हे राजन्! अहिंसा—सर्व जीवोंकी रक्षा करना—यह धर्मका मूल है, और मांसभक्षणसें जीवदयारूप धर्मका सर्वथा नाश होता है। सर्व जीवोंको अपने आत्मसमान समझना यह मुख्य धर्म है, और इसीसेही आत्माका पारलौकिक हित होता है। इत्यादि उपदेश सुनकर राजाने हर्ष-पूर्वक देवके समक्ष मांसभक्षणका नियम किया। बाद महोत्सवपूर्वक खुशीयें मनाता हुआ राजा पाटण आया, और गुरुमुखसें उपदेशामृतका पान करने लगा। प्रतिदिन राजसभामें अनेक प्रकारसें वाद-विवाद करनेवाले सर्व मतानुयायी लोकोंके चित्तका सूरिजीने भली प्रकारसे समाधान किया, और कुमारपालके चित्तकोभी धर्मरागमें दृढ रंजित किया। राजाने जैन धर्मकों सर्वोत्तम धर्म समझकर दृढ श्रद्धासें अंगीकार किया और सर्व मतावलंबियोंके समक्ष सर्वके उपकारवास्ते सूरिजीसे देव, गुरु और धर्मका स्वरूप पूछा। सूरिजीने फरमाया कि–जि-

न्होंने रागादि शत्रुओंको जीता है, जो त्रैलोक्यपूज्य हैं, ऐसे सर्वज्ञ परमात्माही देव हो सक्ते हैं। देव सर्वज्ञ होना चाहिये। सर्वज्ञ वह हो सक्ता है जो निर्दोष होवे, सामान्यतया देवमें अज्ञान (१) क्रोध (२) मद (३) माया (४) लोभ (५) मान (६) रति (७) अरति (८) निद्रा (९) शोक (१०) असत्य (११) चोरी (१२) मत्सर (१३) भय (१४) प्राणिवध (१५) प्रेम (१६) क्रीडा (१७) प्रसंगहास (१८) येह (१९) दोष न होने चाहिये। स्त्रीका त्यागी, सदाचारगामी, सर्व जीवोंकी रक्षा करनेवाला, शुद्धमार्गका उपदेशक, वैराग्यवान गुरु ही संसारसमुद्रसें तारनेको समर्थ है। अनेक जीव धर्मकी परीक्षा करते हुये नजर पडते हैं परंतु सर्वज्ञ भगवानका कथन किया हुआ जीवदयारूप धर्मही धर्मकोटिमें दाखल हो सक्ता है।

सूरिजीकी इस देशनासें राजाके मनसें मिथ्यात्वांधकार दूर हुआ, और ज्ञानसूर्यका खूब उदय

हुआ, उसी समय गुरुमहाराजके उपदेशसे सुवर्णमय श्रीशांतिनाथ स्वामिकी मूर्ति तैयार करवाकर प्रतिष्ठा-महोत्सवपूर्वक मंदिरमें स्थापन करवाई।

इधर भरुचशहरमें देवबोधी नाम एक संन्यासी रहता था वह एक दिन स्नान करनेवास्ते नर्मदा नदीपर गया, उनके पहले जिसकों स्वर्णसिद्धि प्राप्त हुई थी और जिसकों सारस्वत मंत्र सिद्ध था ऐसा दीपकाचार्य नामका कोई महात्मा वहां आया हुआ था और अपना मृत्युसमय समीप जाणकर लोगोंकों सोनेका दान दिया करताथा। देवबोधि ने उसकी खूब सेवा की, और उससें सारस्वत मंत्र प्राप्त किया। वहांसे देवबोधि नर्मदा नदीमें गया, और गलेतक पानीमें खडे रहकर सारस्वत मंत्रका (६) लाख जाप किया। परंतु सरस्वतीका दर्शन न होनेसें उसने रोषमें आकर माला नदीमें फैंक दी। वह माला नदीमें न पडकर आकाशमें अधर ठहर रही। इस बनावकों देखकर देवबोधि कुछ विचारमें पडा। तब

देवताने आकाशमें खडे रहकर कहा कि—हे देव-
बोधि ! क्या विचार करता है ? पूर्वजन्ममें तैने (६)
कायाके जीवोंकी हिंसा की है वह हिंसा इस जापसें
दूर हुई है। अब एकलाख और जाप कर जिससें
विद्या सिद्ध होगी। इसबातकों सुनकर देवबोधिने
लाख जापकरके सरस्वतीको प्रत्यक्ष किया। देवीने
प्रसन्न होकरके कहा—आठ अक्षरोंमें तुमारी मरजी-
पूर्वक (दिल चाहेसो) मांगो। देवबोधिने कहा
"भुक्तिमुक्ती सरस्वति !" देवी वरप्रदानकरके स्वस्था-
नपर चली गई। देवबोधि इंद्रजाल, मंत्रशास्त्र, ज्यो-
तिःशास्त्र आदि अनेक कलाओंमें प्रवीण हुआ। सर्व-
जनोंका और विशेषसें ब्राह्मणलोकोंका अत्यंत स-
न्मानपात्र हुआ और अनेक राज्यस्थानोंमेंभी प्रतिष्ठा-
पात्र हुआ। कुमारपालभी प्रथम इसको गुरु मानताथा।
इसे खबर मिली के-मेरा भक्त कुमारपाल जैन होगयाहै
तब केलेके पत्तोंकी काचे सूतके तंतुओंसे बांधी हुई
पालकी जोकि आठआठ वर्षके बालकोंने अपने

खंधोंपर उठाई हुईथी उसमें बैठकर पाटणकी राजसभामें आया। राजाने उसे बहुत सन्मान देकर सुवर्णासनपर बैठाया, और कुशल प्रश्न पूछा। देवपूजाका समय होनेसें देवबोधिको साथमेंही लेकर राजा मंदिरमें गया। वहां पूर्वराजाओंकी बनाईहुई, शंकर विष्णु आदिकी प्रतिमाओं, तथा स्वयं बनवाई हुई श्रीशांतिनाथस्वामि की प्रतिमाकी पूजा करने लगा।

देवबोधि श्रीशांतिनाथ स्वामिकी प्रतिमा (मूर्ति) को देखकर बोला—हे राजन्! तुमकों तीर्थंकर प्रतिमाकी पूजा करनी उचित नहीं है। जैनधर्म वेदविरुद्ध होनेसें अनादरणीय है। वैदिकधर्म सर्व धर्मोंसे पवित्र धर्म है। कुमारपाल बोला—वैदिकधर्म सर्वसें पवित्र कहलाकर भी हिंसासें कलंकित है इसवास्ते मुझे रुचि पैदा नहि करता, और जैनधर्म सर्व जीवोंकी दयाका मुख्य प्रतिपादक होनेसें तथा पूर्वापर अविरोधी होनेसें मुझे अति आनंद देता है। यह सुनकर

देवबोधि बोला कि—राजन् ! तुमको मेरे वचनपर विश्वास नहि हो तो प्रत्यक्ष मूर्तिमंत महेश्वरआदिसें और तुमारे पूर्वपुरुष जो इस वक्त यहां मौजूद हैं उनकों पूछो। यह कह कर अपनी मंत्रशक्तिसें उसनें तीनोही देव और मूलराज आदि (७) राजा प्रत्यक्षकर दिखाये। राजाने आश्चर्यमें आकर उन देवोंको नमस्कार किया। तीनोंही देवोंने ऊंचा हाथ करके राजाकों आशीर्वाद दिया। और कहा कि—हे राजन्—सर्वथा प्रकारसें भ्रांतिकों छोडकर हमारे पर श्रद्धा रखो, और परमयोगीश्वर देवबोधिकों गुरु मानों। ऐसा कहकर देव अदृश्य हुए, और जाते हुए शिक्षा करते गये कि—तुमने कदाचित्‌भी वेदमार्गका त्याग नही करना। इस वृत्तान्तसें राजाका मन देवबोधि पर ललचाया और सर्वजनों को विसर्जन करके स्वयं भोजन करनेकों गया। यह सर्व वृत्तान्त वाग्भट्टमंत्रीने जाकर सूरिजीमहाराजकों सुनाया, उन्होने कहा कुच्छ फिकर मत करो सब ठीक होगा। कल

सुबह तुमने राजाकों हमारे पास ले आना। राजाका मन संशयसें दोलायमान हुआ था। सायंकाल सभामें बैठे हुए वाग्भट्टको राजाने कहा—इसकालमें देवबोधि जैसा कलावान् गुरू कोई नहीं है न जाने अपने गुरु हेमचंद्रजीमेंभी ऐसी कला होगी कि नही? नम्रतासें मंत्री बोला पृथ्वीनाथ! सुबह आप उपाश्रय पधारें और देवबोधिकों भी साथ लावें जो कुछ तत्त्व होगा सो स्पष्ट दिखाई दे जावेगा।

रात्रीका समय हुआ सभा विसर्जन हुई सर्व अपने अपने स्थानपर पहुंचे। प्रातःकाल सूरिजीमहाराजने उपरा उपरी सात पाट रखवाये और उनके उपर स्वयं बैठ कर उपदेश देने लगे राजकुमारपाल राजगुरू पुरोहित और देवबोधि वगैरह सर्व सभासदोंसें सभा चिकार भर गई। इधर सूरिमहाराजने अपने अध्यात्मविद्याके बलसे नाडियोंके रोकनेका और पवनको स्थिर करनेका प्रारंभ किया। पांचही प्रकारके वायुके प्रचारके निरोधद्वारा आसनसें अधर रहकर व्याख्यान

देना शुरू किया । व्याख्यानमें गुरू महाराजनें इस-
प्रकारका उपदेश दिया कि, नरककी पद्वी कों देने-
वाली हिंसाका त्याग करना, असत्य वचन कदापि
न बोलना, चोरीका सर्वथा त्याग करना, विषय-
वासनासें मनको हटाना, सर्व संगसे निवृत्त रहना
यह ही सनातनधर्म है, इसिसे अनेक प्राणी मोक्ष
हुयेहै, होते हैं और होंगे । इत्यादि देशना चलतीथी
इतनेमेंही पूर्वके संकेतानुसार शिष्योंने नीचेसे पाट
खैंचलिये, तोभी सूरिराज अस्खलित वचनधारासें
उपदेश देते रहे यह देखके राजा आदिके मनमें तर्क
पैदा हुआ कि, "यह क्या सिद्ध है? या बुद्ध है? ब्रह्मा
है ? कि ईश्वर है ? अगर ऐंसा न होवे तो इनमें ऐसी
शक्ति कैसे होवे ! देवबोधि तो केलेके पत्रके आधा-
रसें मौनपणे रहा हुआ था, मौनसें पवनका रोकना
बहुत सुगम होता है, परंतु सूरिजीमहाराजकी क्रि-
यातो लोकोत्तरही है । सूरिजीमहाराजने अपने
योगबलसें डेढपहरतक निराधार आकाशमें रहकर

देशना दी। इस चमत्कारसे कुमारपालका मन अतीव प्रसन्न हुआ, और हाथ जोडके बोला, हे भगवन्! सूरिराज! आपके कलाकौशलकी बरोबरी करनेवाला आज जगत् भरमें दूसरा नहि है। अब आप कृपा करके अपने आसनपर बिराजिये। सूरिजीमहाराज आकाशमें नीचे उतरे, और राजाकों बोले "आउ ज़रा हमारी सभातो देखो" ऐसा कहके उपाश्रयमें लेगये और वहां सोनेके आसनोंपर बिराजमान आठ महाप्रातिहार्योंकरके सहित (६४) इंद्रोंकी श्रेणीसें सुशोभित श्रीऋषभदेवादि (२४) तीर्थंकर देखे इस शुभ बनावसें प्रसन्न होकर राजा उन देवाधिदेवोंकी स्तुति करता था कि—इतनेमें वहां आये हुये अपने पूर्वज चुलुकि आदि (२१) राजा उसके देखनेमें आये उनके देखनेसें राजाके मनमें कुछ औरही आनंद हुआ, सूरिजीमहाराजके साथ खडे रहकर ऋषभादि जिनोंकी स्तवना करके सन्मुख बैठा तब प्रभुने फरमाया "हे राजेंद्र! दयामय धर्म

स्वीकार करनेसें तेरा अवश्य कल्याण होगा, दयाधर्म सर्व धर्मोंमें मुख्य धर्म है, सर्व देवोंके अवताररूप यह हेमचंद्र नाम गुरु तुझे पूर्णपुण्योदयसें मिले हैं, इनके वचनकों सदैव आराधन करना" प्रभूकी देशना समाप्त होनेपर कुमारपालके पूर्वपुरुष बोले "हे भूपेंद्र! तेरे जैनधर्म अंगीकार करनेसें हम कृतार्थ और सुखी हुये हैं तेरे इस कल्याणमार्गके स्वीकार करनेसें हमभी प्रसन्न हैं, जैसा लिया है स्थिर चित्तसें श्रद्धापूर्वक वैसा आराधन करना". ऐसा कहकर सर्व अदृश्य होगये, राजा चमत्कार देखकर—बोला हे गुरुमहाराज! इसमें सत्य क्या है? सो कृपा करके कहो. सूरिजी—राजन्! यह सर्व इंद्रजाल है, इसमें तत्व कुछ भी नहीं है, तत्त्व वह है। जो तुमकों पहेले सोमेश्वरने कहा है। देवबोधिके पास एक कला है, हमारे पास सात हैं परंतु वास्तवमें सर्व इंद्रजालकी रचना है.

इस प्रकारके सत्य उपदेशसें राजाका मन धर्ममें

निश्चल हुआ थोडे समय बाद राजाने सूरिजीमहा-
राजको प्रार्थना की कि, हे भगवन्! पहले मैं मि-
थ्यात्वरूप धत्तुरेके आस्वादसे लोहको सुवर्णकी तरह
अतत्त्वकों तत्त्व मानता था, परंतु अब आपकी वाणी-
रूप शर्कराके योगसे सर्व तत्त्वोंकों यथार्थ समझने
लगाहूं, इसवास्ते कृपा करके सम्यक्त्वमूल श्रावकव्रत
मुझे उच्चारण करावें। सूरिजीमहाराजनेभी शासनो-
न्नति और आत्मोन्नति करनेकी तीव्र अभिलाषावाले
राजाकों व्रतारोपण कराने वास्ते शुभ मुहूर्तका निश्चय
किया। निश्चित शुभ दिनके आनेपर राजाने सकल
श्रीसंघको आमंत्रण दिया। श्रीसंघका सत्कार करने-
वाले रत्न, सुवर्ण, वस्त्र और सुगंधी कर्पूरादि चूर्णसे
भरे हुये विशाल थाल तथा अन्यभी जो जो पदार्थ
एकत्र किये हुये थे उनसे संघकी भक्ति करी, और
सर्वत्र अमारी उद्घोषणा कराई। सुगंधी जलसें सर्व
राजमार्गमें छटकाव कराया। अनेक प्रकारके वाजिंत्र
बजवाये। शुद्ध लग्नके आनेपर पापक्षय हार और

चंद्रादित्य कुंडल आदि आभूषण तथा सुंदर वस्त्रोंसे सुशोभित होकर मंत्री सामंतादि सहित राजा उपाश्रयमें आया। हाथीस्कंधसें उतरते हुये राजाकों वाग्भट्टमंत्री आदिने मोति प्रवाल आदिसें वधा लिया। धर्ममें स्थिर करनेवास्ते आचार्य महाराजनेभी सन्मानपूर्वक पास वुलाया और आदरपूर्वक बैठाया। पीछे राजाने पहले पधराई हुई ३२ जिनप्रतिमाओंके आगे तीन प्रदक्षिणा, वंदना, पूजा आदि सकल शुभ क्रिया आनंदपूर्वक समाप्त की। और श्रीहेमचंद्रसूरिगुरुके मुखसें सम्यक्त्वमूलद्वादशव्रत अंगीकार किये। अप्राप्तपूर्वधर्मकी प्राप्तिसें राजाने अतीव हर्ष मनाया, और गुरुमहाराजने समयोचित ग्रहण किये हुए व्रतोंके पालनका उपदेश दिया। अब गुरु महाराजाके उपदेशसें राजाने सर्वत्र दयाधर्मकी प्रवृत्ति कराई, और पाटणकी रयास्तमें ऐसी उद्घोषणा करवा दी की, चार वर्णमेंसे जो कोई अपनेवास्ते अथवा दूसरे के वास्ते कोईभी जीवकों मारेगा वह

राजद्रोहि गिणा जायगा । जो जो लोक हिंसाकरके अपनी आजीविका करते थे उनकों दूसरे कामोंमें लगा करके हिंसासे निवृत्त करदिये। सर्व मनुष्य, पशु, पानी छान करके पीवे ऐसी आज्ञा की। अपने ११ सौ हाथी, ११ लाख घोडे, और ८० हजार गौओंको पानी छान करके पीलानेकी आज्ञा की मेरे राज्यमें कोईभी किसी जीवकों मारे तो मुझे खबर दो ऐसा हुकम दे करके चारों तर्फ अपने नोकरोंको भेजा। एकदिन राजपुरुषोंने आकर राजासे कहा कि-कच्छ-देशमें एक बनियेने एक जूं कों मारकर आपकी आज्ञाका भंग किया है। राजाने अपने नौकरद्वारा उसे बुलाया, और खुब धमकाया, आखीर जूं मार-नेके अपराधमें उसे यह हुकम किया कि तूं तेरी कुल मिलकत खरच करके जिनमंदिर बनवा देवे तो तूं छूट सक्ता है। राजाकी आज्ञासे उसने वैसा किया उस मंदिरका नाम "यूकाविहार" प्रसिद्ध हुआ। इतना मात्रही नहीं बलकि जुआ-मांस-मदिरा-

वेश्या-चोरी-परस्त्री-शिकार-इनसातही व्यसनोंको अपने राज्यसे देशनिकाला दिया। एकदफा नवरात्र (नौराते) के दिनोंमें देवीयोंके पुजारियोंने आकरके कहा कि—महाराज! "कंटेश्वरी" आदि देवीयें बलिदानमें बकरे मांगती है, अगर आप नहीं देवेंगे तो यह आपकों विघ्न करेंगा। राजाने गुरुमहाराजके पास जाकर सर्व हाल सुनाया। गुरुमहाराजने कहा कि—हे राजेंद्र! देवता कदापि कवलाहार नहीं करते, मांसभक्षणकी तो बात ही क्या? देवियोंके नामसें यह पुजारीही जीवोंको मारकर खाजाते हैं। आपने यदि पूजाही करनी है तो जीते बकरे इन देवियोंके आगे चढादो। राजाने वैसाही किया। पशु-सबके सब जीते ही देवियोंके मंदिरोंमें खडे रहे। राजाने पुजारियोंकों खूब धमकाया, और देवियोंकी कपूर, कस्तुरी, नालिकेर आदिसे पूजा की। दशमीके दिन उपवास करके राजा श्रीजिनेश्वरदेवका ध्यान करता हुआ समाधिमें बैठा था। इतनेमें हाथमें

त्रिशूलको धारण करती हुई कंटेश्वरी देवी आकर बोली—हे राजेंद्र ! मैं तेरी कुलदेवी हूं, तेरे पूर्व पुरुष मुझे बलिदान देते आये हैं, अब तूं क्यों निषेध करता है ?

प्राणांतमें भी अपने कुलाचारकों उल्लंघन न करना चाहिये। इस बातको सुनकर राजाने कहा हे जगत्का कल्याण करनेवाली देवी ! सत्यदयामयधर्मका मर्म अब मेरे जाणनेमें आया है, धर्मके तत्व समझे विना अज्ञान अवस्थामें जीव कुछभी करे परंतु समझे पीछे खोटा कर्म कदापि न करना चाहिये। शास्त्रकार फरमाते हैं कि—एक घावसे सौं घाव, एकमरणसें सौ मरण, एक आलसें सौ आल, सहने पडते हैं। शास्त्ररूप चक्षुके होनेपर मैं अधर्मरूप खड्डेमें कैसे पडूं ? इसबातको सुनकर देवी एकदम गुस्से हुई, और उसने राजाके माथेमें त्रिशूल मारा, उससें राजाका सर्व शरीर कुष्टी होगया। शरीरकी यह हालत देखकर राजाके मनमें वैराग्य उत्पन्न हुआ,

परंतु जिनेश्वर देवके धर्म उपरसें विरक्तता नहीं हुई। केवल राजाने मनमें इतनाहीं दृढ विचार किया कि—मेरेही किये हुए कर्मोंका फल मैंने भोगना है। पीछे उदयन मंत्रीको बुलाकर सर्व हकीकत सुनाई, और शरीरकी हालत दिखाई। राजाकी यह अवस्था देखकर मंत्रीके मनमें बडा खेद पैदा हुआ। और "अब क्या करना चाहिये" इस विचार-पर आरूढ हुआ। मंत्रीकों अत्यंत शोकातुर देखकर राजाने कहा—मंत्रिराज! मुझे शरीरकी चिंता नहीं है, परंतु मेरी हालत देखकर लोक धर्मकी निंदा करेंगे इस बातकी पूरी चिंता है। इसवास्ते मेरे श-रीरकी बुरी हालत कीसीकों भी नहीं कहना। मैं रातकों अग्निमें बलकर प्राण छोड दूंगा। राजाके इस अनिष्ट वचनकों सुनकर धैर्य धारणपूर्वक मंत्री बोला हे पृथ्वीनाथ! आप चौलुक्य वंशके मणि पृथ्वीका पालण करते हो तबही यह पृथ्वी सनाथ है। इस-वास्ते जिस तरहसे शरीरकी रक्षा हो ऐसाही करना

उचित है। शरीर होगा तो धर्मभी बनेगा इसवास्ते जिस प्रकारसें देवी प्रसन्न हो वह काम करके धर्मका साधन शरीर कायम रखना चाहिये। मंत्रीके इस वचनको सुनकर राजा गुस्सेमें आकर बोला–हे निःसत्व वणिक्! तूं भक्तोंवाली वृत्ति दिखाकर ऐसे पागलोंवाले वचन क्यों बोलता है?। शरीर तो भव-भवमें मिल सक्ता है, परंतु धर्म वारंवार नहीं मिलता शरीरके जानेपरभी यदि धर्म रहता होतो और क्या चाहिये? इसवास्ते शीघ्र जाकरके चंदनकी चिता तैयार कराओ, और इस बातको केवल तुमारे मन-मेंही रखो। रात्रीकों मैं अपना स्वार्थ सिद्धकर लूंगा। मंत्रीने जबाब दिया कि—महाराज! मैं एकदफा गुरुमहाराजकों पूछूं, गुरु महाराजके उपदेश विना कोई काम करना ठीक नहीं है। यह कहकर मंत्री श्रीहेमचंद्रसूरिजीके पास आया, और राजाका सर्व हाल कहकर प्रार्थना की कि—यदि राजाका अहित हुआ तो शासनकी जो आज तक उन्नति हुई है उससें

सहस्रगुणी अवनतिका संभव है। इस बातको सुन-
कर सूरिजीने फरमाया—तुम जरामात्रभी घाबराओ
नहीं, इस उपद्रवका एक क्षणमें नाश होजावेगा।
जाओ जल्दी उष्ण पानी लाओं। मंत्रीने उष्ण पानी
लाकर गुरुमहाराजकों दिया। गुरुमहाराजने उसे
सूरिमंत्रसें मंत्रित किया, और कहा जाकर यह पानी
राजाकों पिलाओ, और शरीरपर छांटो। मंत्रीके
वैसे करनेपर राजाके शरीरसें सर्व रोग दूर हुआ।
और शरीरकी कांति सुवर्ण जैसी होगई। राजा और
मंत्रीने बडा हर्ष मनाया हर्ष गद्गदसें राजा बोला कि—
धन्वंतरी वैद्यकी तरह जिस गुरुमहाराजका ऐसा प्र-
भाव है उस पूज्यकी महिमा अद्भुत और अगोचर
है। मेरेपर गुरु महाराजका जो उपकार है, उसका
बदला मैं कोटिजन्ममें भी दे नहीं सक्ता। इस प्रका-
रके वार्तालापसें आनंद मनाता हुआ राजा मंत्री,
सामंत, राजकीय वर्ग सहित हाथीपर चढकर गुरु-
महाराजकों वंदना करनेवास्ते गया। वहां धर्मशालामें

प्रवेश करते हुये रुदन करती हुई एक स्त्रीका आवाज उसके सुननेमें आया। आगे जाकर देखा तो वही कंटेश्वरी प्रार्थना करती हुई नजर पडी, और राजाकों हाथ जोडकर बोली हे राजन्! तुमारे गुरुमहाराजने अपने मंत्रके बलसें मुझे यहां बांध रखी है, मैं अत्यंत दुःखिनी हूं, मुझे छुडाओ।

मैं आपकी आज्ञासें आपके १८ ही देशोंमें जीवदयापलाऊंगी। इस प्रकार दीनताकों दिखाती हुई देवीकों, राजाकी प्रार्थनासे सूरिजीमहाराजने छोड दी। उस दिनसें अपनी प्रतिज्ञानुसार देवीभी जीवदया पालती हुई, कुमारपालकी सभाके दरवाज उपर रहने लगी, और भक्तिश्रद्धापूर्वक कलिकाल सर्वज्ञ हेमचंद्रसूरिजीके उपदेशकों सुनपर शासनकी प्रभावना और रक्षा करने लगी। इधर राजानेभी गुरुवंदनरूपकार्यको समाप्त करके हाथ जोडकर प्रार्थनाकी कि, हे भगवन्! जगत्के जीवनरूप आपकी एक जिव्हासें स्तवना करनेको कोई समर्थ नही

है। आपके किये हुए पहलेके उपकारोंका बदला मैं दे नही सक्ता, इतनेमें तो दूसरा ऋण आपकी त-र्फसे मेरे शिरपर चढता जाता है प्रथम आपने मुझे प्राणदान दिया और पीछे धर्मदान दिया। अब दिव्यकष्टसें रक्षण किया। कोई दिन ऐसाभी आय-गा कि—आपका प्रत्युपकार करनेकी शक्तिवाला मैं होऊंगा !

गुरुमहाराजने कहा, हे राजन्! हमारे कथनानु-सार तुमने १८ देशोंमें श्रीजैनधर्मकों फैलाया और दयाधर्मकी प्रवृत्ति कराई इसवास्ते हमारे किये उपकार का बदला हमकों मिलगया है, और ऐसे घोर उप-सर्गसमयमें भी तुमारा चित्त धर्ममें स्थिर रहा, इस-वास्ते तुमकों आजसें "परमार्हत" बिरुद दिया जाता है! इस प्रकारके उत्तम विरुदसें खुशी मनाता हुआ राजा गुरुमहाराजकी धर्मदेशनाका श्रवण करके परमा-नंदमें मग्न हुआ हुआ स्वस्थानपर आया।

इस समय वाणारसी नगरीमें गोविंदचंद्रका लडका जयचंद्र राजा राज्य करता था। यह राजा बडा प्रतापशाली था, इसवास्ते शेषराजाओंको अपना दास समझता था। सातसौ योजनमें इसका राज्य था। ४ हजार हाथी, ६० लाख घोडे, ३९ लाख प्यादे आदि इसकी ऋद्धि, अन्य राजाओंको मनमें भय पैदा किया करती थी। इसकी एक दासी, जिसका नाम गोमती था, वह स्त्री होने परभी अतुलपराक्रमवाली थी इस लिए राजाने उसे अपनी फौजकी मालिकन बनाई थी इस देशमें प्रायः चारही वर्णोंमें मांसाहारका ज्यादा प्रचार होनेसें जीवहिंसा बहुत होती थी। इस जीववधको अटकानेके वास्ते राजा कुमारपालने एक पट तैयार कराया था, जिसमें स्वर्ग और नरक आबेहूब चित्रे हुए थे। उस चित्रपटके मध्यभागमें "श्रीहेमचंद्रसूरि कुमारपालको धर्मोपदेश देते हैं" ऐसा चित्र था। दयाका फल स्वर्ग और हिंसाका फल नरक, यह उस चित्रपटमें भली

प्रकारसें बताया गया था। उस पटके साथ हजार घोडे और बहुत साधन देकर राजाने अपने मंत्रियोंको वणारसी भेजा। उन्होने वहां जाकर बहुत द्रव्यके खरचसें जयचंद्र राजाके राजवर्गीय लोकोंको वश किया, और उनकी मारफत राजाको मिलकर कुमारपालको भेजी हुई भेट रजु की ! जयचंद्रने खुशीसे भेट स्वीकार की और उस मनोहर पटको सभासमक्ष खुलाकर देखा। उसमें सूरिजी और राजाके चित्रोंकों देखकर राजा जयचंद्रने पूछा यह फोटू किसकिसका है ? मंत्री लोकोंने कहा महाराज ! यह साधू महात्मा जो आपके दृष्टिगोचर हो रहे हैं यह राजगुरु हैं और इनका नाम "श्रीहेमचंद्रसूरि है। इनके सामने बैठा हुआ हमारा स्वामी कुमारपालराजा है। इस महाराजाने हेमचंद्रसूरिसें नरक और स्वर्गका फल सुनकर हिंसाका सर्वत्र त्याग कराया है, और सर्वत्र अमारी पटह बजवाया है !, हमारे देशमेंसे निकाली गई हुई जगत्वैरिणी

हिंसा हाल आपके राज्यमें स्वतंत्र विचरती है, उसे देश निकाला दिलाने वास्ते हमारे स्वामी कुमारपालने हमकों आपकी सेवामें भेजा है। मंत्रियोंके इस कथनकों सुनकर जयचंद्रराजा सभासमक्ष बोला कि गुर्जर देशी विवेकियोंमें बृहस्पति कहलाते हैं सो युक्त है ऐसे दयालु राजाओंके होनेपर वह राजधानीयें और देश विशेष शोभते हैं। ऐसे उपायोंकी योजना करके ज़ो परप्राणोंकी रक्षा करते हैं उन राजाओंकों वारंवार धन्यवाद देना घटित है! यह कुमारपाल स्वयं दयालु है, और मैं इसकी प्रेरणासें भी दया न पलाऊं तो मुझें धिकार है। ऐसा कहकर उसने अपने देशमेंसें १८०० जाल और १००० दूसरे हिंसाके साधन मंगवाकर जला दिये, और ढंढेरा फिराया कि, "आजसें हिंसा सर्वथा जलादि गई है। जों इसे सेवन करेगा वह राजद्रोही गिणा जायगा" इसके पीछे जयचंद्रने बदलेमें भेट देकर कुमारपालके मंत्रियोंकों विदाय किया, और उन्होने भी पाटण

आकर सर्व समाचार सभासमक्ष राजाकों निवेदन किया। इस वृत्तान्तकों सुनकर श्रीहेमचंद्रजी महाराजने कुमारपालकी इस प्रकार स्तुति की—

भूयांसो भरतादयः क्षितिधरास्ते धार्मिका जज्ञिरे, नाभून्नो भविता भवत्यपि न वा चौलुक्य! तुल्यस्तव।
भक्त्या कापि धिया कचिद् घनधनस्वर्णादिदत्या कचित्
देशे स्वस्य परस्य च व्यररचजीवावनं यद्भवान्॥१॥

इसप्रकारसे चौलुक्यपति "परमार्हत" कुमारपाल गुरुमहाराजका और सर्वजनोंका प्रसादपात्र होकर अखंड शासन राज्यकों भोगता हुआ अपने शुभजीवनको भली प्रकारसे गुजारने लगा,।

एक समयका जिकर है की सौराष्ट्र देशके समरराजाकों कबजे करनेवास्ते राजाने उदयनमंत्रीको फौज देकर भेजा। मंत्री पाटणसें प्रयाण करके पालीताणे आया।

वहांसे फौजको आगे रवाना करके स्वयं श्रीश-त्रुंजयकी यात्रा वास्ते सिद्धगिरीपर चढा, वहां श्रद्धापूर्वक स्नात्र, पूजा, आरतीप्रमुख कार्य समाप्त करके, चैत्यवंदन करनेवास्ते बाहरके मंडपमें बैठा इतनेमें एक चूहा दीवेकी जलती हुई बत्तीलेकर उस लकडेके बने हुए मंदिरकी दीवारमें जाता हुआ देख पूजारीने दौडकर उससें बत्ती खोसली, और उसे वहांसे निकाल दिया। इस दृश्यको देखकर मंत्रीकी मनोवृत्ति स्थिर न रही, और मनमें विचार करने लगा कि, 'धिक्कार है हमकों जो राजाके अपार व्यापारमें तत्पर हुए हुए इतना काम (चैत्यका उद्धार) भी नहीं कर सक्ते। जिन्होने राज्यव्यापा-पारमेसें कुछभी सुकृत नही उपार्जन किया उन्होने धूल धोकर जन्म गमाया है!! और मैं जब पुण्ययोगसें इस पवित्र स्थानपर आया हूं तो मुझे तो यह ही उचित है कि इस महान् तीर्थके उद्धारवास्ते कुच्छ प्रयत्न करना। ऐसा विचार करके उसनें प्रभुसमक्ष

नियम लिया कि जहांतक मैं इस तीर्थका उद्धार न कराऊं! वहांतक ब्रह्मचर्य पालना १ एक वक्त भोजन करना, २ जमीनपर सोना, ३ और तांबूल न खाना ४। इस प्रकार प्रतिज्ञा करके मंत्री नीचे उतरकर अपनी फौजमें गया। शत्रुके साथ युद्धमें मंत्रीकी फौजनें हार खाइ। परंतु मंत्रीस्वयं बड़ा साहसी और वीर था। वह अकेलाही शत्रुके साथ लडने लगा। अल्पही समयमें अपने अतुल बलसे शत्रुकों पकड लिया और उसके प्राणोंकों यमराजाके स्वाधीन कर उसके पुत्रकों राज्यगादीपर बैठाया और सर्वत्र अपने स्वामी कुमारपालकी आज्ञा प्रवर्ताई। वैरीके हाथसें लगे हुए शस्त्रोंसे मंत्रीभी घायल था, पडावमें आकर बेहोश हो मूर्छा खाकर गिर पडा। थोडे अरसेमें कुछ शुद्धि आनेसें मंत्रीने ऐसा रुदन किया कि पास बैठे हुए सब लोगोंके दिल घबरागये। पूछनेपर मंत्रीने कहा मुझे मरनेके भयसें रोना नहीं आता है किंतु मेरे मनमें ४ शल्य हैं, वे मुझे दुःख देते हैं।

पार्श्ववर्तियोनें पूछा वे बातें आप हमसे कहना मुनासिब समझें तो कहें। मंत्रीने कहा, एक तो मेरी इच्छा यह है कि अंबडकों दंडनायक बनाना, १ दूसरा श्री शत्रुंजय पर्वतपर पत्थरका मंदिर बनवाना २ तीसरा श्रीगिरनार पर्वतपर पाउडीयां बंधानी ३ और चतुर्थ मरतीवक्त साधुमुनिराजसें सर्वपापोंकी आलोचना करानी ४ ये कार्य न होनेसें मैं इस दीनदशाकों प्राप्त होरहाहूं। प्रधान मंत्रीलोक बोले आपके धारे हुए प्रथमके ३ काम तो आपका सुपुत्र बाहड करेगा, इस विषयमें हम जुम्मेवारी उठाते हैं। और आराधनावास्ते साधु मुनिराजकी तालायश करते हैं। यह कहकर वह सब बाहर आये और एक राजपुरुषकों साधुका वेष पहनाकर कुछ थोडी साधु कि क्रिया सीखाकर मंत्रीके पास भेजा।

उस कृत्रिम (बनावटी) मुनिने आकर मंत्रीकों उंचेस्वरसे धर्मलाभ दिया। मंत्रीनेभी उस साधुकों साक्षात् गौतमावतार मानकर वंदन किया, और

उसके समक्ष सर्वजीवोंको खमाया, सर्वपापोंकी निंदा और सर्व पुण्यकार्योंकी अनुमोदना की सम्यक्त्वकी शुद्धिपूर्वक शुभभावनारूप रथपर बैठे हुए उदयन महामंत्रीने स्वर्गमें स्थान कीया।

इधर मुनिवेषको धारण करनेवाले उस बनावटी मुनिने मनमें विचार किया कि, अहो मुनिवेषका कितना माहात्म्य है? की जिसके प्रभावसे मैं पामर, उदयनमंत्रीका वंदनीक और पूजनीक हुआ। अब मुझे योग्य यह है कि इस वेषके अनुकूल कर्म करके आत्माको सद्गतिका भाजन बनाऊँ। इस भावनाको मनमें दृढ करके वह गिरनारपर्वत उपर गया और वहांपर साठ उपवास करके स्वर्गसुखोंका भोगी हुआ। पीछे सामंतोने पाटण आकरके चौलुक्यपति कुमारपालको वैरीकी लक्ष्मी भेट की। और उदयन मंत्रीका संपूर्ण वृत्तान्त सुनाया राजाने इस वक्त बहुतही अफसोस मनाया। बाहड और अंबडको जब पिताके मरणकी खबर पडी तो उन्हे

अपार शोक हुआ। कई एक दिनतक भोजन और राजकार्य भी नही किया। राजाकों साथ लेकर सामंत लोक मंत्रीके घर गये और जा करके बाहड और अंबडको बोले यदि तुम खरे पितृभक्त हो तो, तुमारे पिता श्रीजीने लिये हुए तीर्थोद्धाररूप अभिग्रहको पूर्ण करो और स्वर्गस्थ पिताकों ऋणमुक्त बनाओ। इस बातको सुनकर बाहड मंत्रीने अपने भाई अंबडको सेनापतिकी पद्वी दिलाई, और आप राजाकी आज्ञा लेकर गिरनार पर्वतपर गया। वहां कितना एक अरसा ठहरकर ६३ लाख रु० के खरचसें पग रस्ता बंधाया। इसमें बहुतसा कार्य अंबिकादेवीकी सहायतासे भी हुआ था बाद श्रीशत्रुंजय तीर्थकी तलाटीनीचे पडांव डाल कर स्वदेशी परदेशी अनेक कारीगरोकों बुलाया। इस समय आसपासके ग्रामोंके अन्य शाहुकारभी तीर्थोद्धारकी बात सुनकर पुन्य कार्योंमें अपनी लक्ष्मीकों लगाने वास्ते वहां आये और हाथ जोडकर नम्रतापूर्वक बोले

हे पुन्यात्मन्! मंत्रीराज! यद्यपि तुम अकेलेही इस महातीर्थका उद्धार करसक्तेहो तथापि हमारी प्रार्थना है कि, हमको भी इस पुन्य कार्यमें शामिल करके लाभके भागी बनाओ। यह कहकर उन शाहुकारोंने अपनी अपनी शक्तिअनुसार रुपैया दिया। मंत्रीने भी उन सबके नाम टीप(दफ्तर)में दाखल किये। एक गरीब श्रावक जिसका नाम 'भीम' था उसके पास केवल सात दाम थे उसने वह देकर, कहा—हे मंत्रीराज! मैं गरीब हुं परंतु पुन्यके काममें भाग लेना चाहता हूं। मंत्रीने खुशीसें उसका नाम सबसे उपर लिखा। कई लोकोंने मुंह वांका भी किया, परंतु मंत्रीने उनकों समझाया कि, ख्याल करो, तुमारे पास जितना धन था उसमेंसे कोईने दशमा, कोईने वीशमा, और कोईने चालीशमा अंश धर्ममें खर्च किया है, परंतु इस बिचारेके पास जो कुछ था वह सब इसने धर्ममें लगा दिया है; इस वास्ते तुमारे से और मेरेसे इस भाग्यशालीकी श्रद्धा ज्यादा प्रशस्य

है। इस बातको सुनकर सर्व लोक प्रसन्न हुए और उस श्रावकका सन्मान करने लगे। एक दिन गौ बांधनेवास्ते खीलेकी जमीन खोदते हुए उस श्रावकको ४ हजार सोनामहोरोंसे भरा हुआ चरु मिला। उसे देखकर उसने विचार किया की आज मेरा पुन्योदय जागा है जिससें मुझे ४ हजार सोनामोहरें मिली हैं, अब यह रुपया भी धर्ममें ही लगाया जावे तो अच्छा है। इसमें जब घरवालीकी सम्मति पूछी तो उसनेभी खुशीसे स्वीकार किया। भीम धन लेकर मंत्रीश्वरके पास आया और सर्व समाचार सुनाकर कहाकि यह धन आप तीर्थोद्धारमें खर्च करें। मंत्रीने कहा भाई यह द्रव्य तुम तुमारे घर निर्वाहवास्ते रखो। भीम बोला नहीं साहेब! यह पराया धन है मैं इसे नहीं रखसक्ता। इतनेमें तीर्थका अधिष्ठायक कपर्दियक्ष प्रत्यक्ष होकर बोला हे भीम! तैने धर्ममें श्रद्धा रखी इस वास्ते तेरी धर्मबुद्धिसें खुश होकर मैंने यह धन तुझे दिया है, तूं

खुशीसे इसका परिभोग कर। यह सुनकर खुशियां मनाता और धर्मकी अनुमोदना करता हुआ भीम घर पहुंचा। इधर शुभ मुहूर्तके आनेपर मंत्रीने काष्ठ-मय चैत्यको उधेड कर नीवमें तैलादिक डाला और मंदिर बंधाना शुरु किया। दो वर्षमें मंदिर तैयार हुआ। एक आदमीने आकर वधामणीदी तब उसको मंत्रीने सोनेकी ३२ जीभें दी। अन्य समय दूसरे आदमीने आकर डरते डरते कहा, मंत्रीराज! प्रासाद (मंदिर) फटगया! इस बातकों सुनकर मंत्रीने उसे दोगुणा दान दिया। यह देखकर लोकोंने पूछा साहेब! यह क्या? मंत्रीने कहा, हमारे जीते जीते यह मंदिर फटगया सो अच्छा हुआ क्यों कि हमको फिर उद्धार करा सक्ते हैं और करावेंगे भी। यह कहकर मंत्रीने मिस्तरी लोगोंकों बुलाकर मंदिरके फटनेका कारण पूछा, तो उन्होने कहा कि हे मंत्रीराज! प्रदक्षिणामें पवन भरजाताहै वह बाहिर नही निकल सक्ता, यदि प्रदक्षिणा नही बनाई जावे

तो आपके वंशकी वृद्धि होती अटकती है। लिखा है कि, प्रदक्षिणा विनाका देवालय बनवानेवालेका वंश नहीं वधता। इस बातको सुनकर बाहड मंत्री बोला, जगत्में वंश किसिका स्थिर रहाहै ? वंशतो भवोभवमें मिलता है, मुझे तो धर्मकी जरुरत है संतानकी नहीं। संतानसे तो केवल इस लोकका सुख है, और तीर्थोद्धारसे तो भरतादि महाधर्मात्माओंकी पंक्तिमें दाखल होकर मनुष्य स्वर्गमें अपनी कीर्तिका स्तंभ स्थिर करता है। यह कहकर मंत्रीने फिर काम चलानेकी आज्ञा की। थोडेसमयमें मंदिर फिरसे तैयार होगया। मंदिरके इस उद्धारमें २ क्रोड ९७ लाख रुपया खरच हुआ, पीछे श्रीहेमचंद्रसूरिजीको तथा श्रीसंघको बुलाकर बडे महोत्सवपूर्वक विक्रमसंवत १२११ के साल प्रतिष्ठा करवाई। सुवर्णदंड तथा सुवर्णकलश चढाया।

उसवक्त मंत्रीने देवपूजा वास्ते २४ गाम २४ बगीचे भेट कीये। और बाहडपूर नामका नगर आ-

बाद किया। उसमें श्रीपार्श्वनाथकी प्रतिमासे अलंकृत "त्रिभुवनपालविहार" नामका मंदिर बनवाया। बाहड मंत्रीके कराये हुये इस सुकृतसें प्रसन्न होकर श्रीहेमचंद्र सूरिजी बोले हे मंत्रीश्वर! सर्व जगत् धर्मके आधारपर रहा हुआ है। धर्मका आश्रय महान् तीर्थ है। तीर्थ, अरिहंतसें कहाजाता है। अरिहंत, हाल प्रतिमारूपहै, उनका निवासस्थान चैत्य है। उसका उद्धार करनेसें निःसंदेह तुमने सर्व जगत्का उद्धार किया है। इस प्रकारके स्तुति वाक्योंको सुनता हुआ बाहडमंत्री पाटण आ पहुंचा। मंत्रीश्वरके सुकृत्योंका वृत्तान्त सुनकर राजाकुमारपालको अत्यंत आनंद हुआ। एकदिन सूरवीर सुभटशिरोमणि अंबड मंत्रीने अपने पिताके नामकों सदैव कायम रखनेवास्ते, उनके पुण्यार्थ भरुचमें "समलीविहार" मंदिर बनवाना शुरू-किया। दैवयोगसें नीवकें खाडेमें कारीगर लोक गिरगये। मंत्रीश्वरकों बडा खेद हुआ। उसनेभी अपनी स्त्रीऔर पुत्र सहित उसी खड्डेमें झंपापात

किया, परंतु पुन्योदयसें इतने उंचेसें पडनेपर भी चोट नही लगी। पीछे उसके निःसीमसत्वसें संतुष्ट हुई हुई कोई देवी वहां मंत्रीश्वरकों प्रत्यक्ष हुई। मंत्रीने आश्चर्य और आनंदसे नम्रतापूर्वक उसे पूछा कि, हे देवि! तूं कौन है? देवी—हेवीर! मैं इसक्षेत्रकी अधिष्ठात्री देवीहूं। मैंनेही तेरी हिम्मत और श्रद्धा देखनेकों यह सर्व चेष्टा कीथी। तैंने सर्वथा शोक न करना। यह सब कारीगर हयात हैं। कामबंद न करना! यह कहकर देवी अदृश्य होगई। और मंत्रीश्वरनें कारीगरोंको बाहिर निकालकर देवी-की यथोचित पुष्प पक्वान्न आदि बलिदानसें पूजा की। मंदिरकी इमारत शुरू कराई और थोडेही अरसेमें १८ हाथ उंचा श्रीमुनिसुव्रतस्वामीका मंदिर तैयार करवाया उसमें चील, मुनि, और वडका वृक्षभी यथातथ्यरूपसें बनवाया। संवत १२२० के साल यह सर्व कार्य समाप्त हुआ। बाद श्रीहेमचंद्राचार्य तथा कुमारपाल आदि

(१) इसका जिकर सुदर्शनचरित्रमें देखो।

सकलसंघको पाटणसें प्रतिष्ठा महोत्सवपर बुलाकर बडे आडंबरसे उस मंदिरमें श्रीमुनिसुव्रत स्वामीकी प्रतिष्ठा कराई और हर्षोत्कर्षके आवेशसें शिखर-उपर, मल्लिकार्जुनके खजानेमेंसें मिले हुये, ३२ सुवर्णकलश, दंड और ध्वज पटविधि अनु-सार चढाये। नृत्यपूर्वक सुवर्ण और रत्नोंकी वृष्टि की। इस प्रसंगमें मंत्रीश्वरके अपूर्व उल्लासको देखकर अनेक कविलोकोंने प्रशंसा की। इन सत्कृत्योंको देखकर श्रीहेमचंद्राचार्य भी अत्यंत प्रसन्न हुए। उनके मुहमेंसें यह वाक्य निकल गया कि,

किं कृतेन न यत्र त्वं, यत्र त्वं किमसौ कलिः?।
कलौ चेद्भवतो जन्म, कलिरस्तु कृतेन किं? ॥ १ ॥

इस शुभप्रसंगकी समाप्ति हुए थोडेही दिन व्यतीत हुएथे कि, किसी शासनकी प्रत्यनीक देवीके प्रकोपसें मंत्री एकदम मूर्छित होगया। इस बनावकी जब सूरिजीमहाराजको खबर मिली, तो उसवक्त यशश्चंद्रनामक शिष्यको साथ लेकर, सायंकालको

पाटणसें निकलकर, एकक्षणमात्रमें आकाश रास्ते उडकर, भरुचके नजीक आपहुंचे। वहां सैंधवी देवीकों वश करनेवास्ते सूरिशेखरने कायोत्सर्ग किया और यशश्चंद्रने अक्षत प्रक्षेप करके मुशलप्रहार किया। पहले प्रहारसें उस देवीके मकान कांप ऊठे। दूसरे प्रहारसें देवीकी मूर्ति स्थानभ्रष्ट हुई। और सूरीश्वरके पाओंमें पडकर दीनता दिखाने लगी और बोली हे स्वामिन्! हे योगीश्वर! वज्र जैसे कठिणप्रहारसे हमारा रक्षण करो। आप परम दयालु हैं हमारा अपराध क्षमा करें। इसतरह निर्दोष विद्याके बलसें सैंधवी देवी, जिनमें अग्रेश्वरी थी उन सर्वके दोषकों गुरुमहाराजने निवारण किया मंत्रीका शरीर सर्वथा स्वस्थ हुआ। और सूरिजी श्रीमुनिसुव्रत स्वामीके मंदिरमें जाकर उल्लासपूर्वक इसप्रकार प्रभुकी स्तवना करने लगे—

संसारार्णवसेतवः शिवपथःप्रस्थानदीपांकुरा

विश्वालंबनयष्टयः परमतव्यामोहकेतुद्रुमाः।

किंवास्माकं (?) मनोमतंगजदृढालानैकलीलाजुष-
स्त्रायंतां नखरश्मयश्चरणयोः श्रीसुव्रतस्वामिनः॥१॥
इत्यादि मनोहर काव्योंसें जिनेंद्रकी उपासना करके, और आम्रभटको जलसिंचन द्वारा सचेतन करके सूरिराज स्वशिष्यकों साथ लेकर पीछे आकाशरास्ते उडकर क्षणमात्रमें पाटण आ पहुंचे।

एक समय चौलुक्यपतिने सपाद लक्षके राजाको आज्ञा की कि—पूजासमयमें पहरने वास्ते उत्तरासन-वस्त्र हमको भेजा करो, क्यों कि ये वस्त्र तुमारे वहां बनते हैं। उसने इस बातकों कथंचित्‌भी स्वीकार न किया। उलटी कुमारपालकी हांसी की। इससे राजाको बडा क्रोध आया, और उसे वश करने वास्ते उदयन मंत्रीके तीसरे पुत्र चाहडकों फौज देकर भेजा। यह मंत्रीपुत्र बडा दानेश्वरी था, इसने जब पाटणसें प्रयाण किया तो रास्तेमें बहुत याचक एकठे हुए देख खजानचीसें एक लाख रुपया मांगा। राजाकी मनाई होनेसें उसने रुपया

नहीं दिया। इससे चाहडको गुस्सा आया और खजानचीकों चाबुक मारकर लश्करसे निकाल दिया। पीछे मांगनेवालोंकों खूब दान देकर खुश किया। और एक एक सांढणीपर दो दो सवार बैठकर चौदसौ सांडणी और २८ सौ सुभटोंको लेकर अविच्छिन्न प्रयाणोंसें 'बिंबेरा' नगर, जो शत्रुकी राजधानी थी, उसके बाहेर आकर पडाव डाला। उस दिन नगरमे सातसौ लडकियोंके विवाह थे इस लिये रातकों बाहर ही रहे। सुबह नगरकों घेराडाल कर शहरकों सर किया। उसमें उनकों सात क्रोड अशरफीयें और ११ हजार घोडियां मिली मंत्री-पुत्रने उस नगरके किलेकों उडा दिया और सब जगह अपने स्वामी कुमारपालकी आज्ञा फैलाई। राज्याधिकारी सब नये दाखल किये बाद सातसौ चतुर सालवियोंकों[1] साथ लेकर, मंत्रीपुत्र चाहड-

---

(१) कपडा बुननेवालोंकी एक जाति जो कि आज भी पाटणमें मौजूद है।

पाटण आया और हर्षपूर्वक सभामें आकर राजाको नमस्कार किया। राजाने उसे बहादूर और स्वामी भक्त जाणकर बडा सन्मान दिया। परंतु उसकी अति दानदेनेकी प्रकृतिको याद करके कहा तुमारेमें सब गुणोंके होनेपरभी सूक्ष्म विचारकी खामी है! नहिं तो जो काम तुम कर सक्तेहो वह मैं या मेरा कोईभी आदमी नही कर सक्ता। चाहड इस बातकों सुनकर जरा हस कर बोला महाराज! आपने ठीकही कहा है आप मेरी तरह खरच करनेकों समर्थ नही, क्यों कि मेरे सिरपर तो आपहैं, आपके बलसें मन माना खरच करता हूं। परंतु आप किसके बलसे करे? राजा इसकी वचनचातुरीसें प्रसन्न हुआ, और मंत्रीपुत्रको राजघरहट्ट" का खिताब देकर विदाय किया! इसका चौथा भाई सोल्लाकभी बडा हुश्यार और राजभक्त था, इस वास्ते राजाने उसे "सामंत मंडलीसत्रागार"का खिताब दियाथा।

कोईएक समय श्रीहेमाचार्यजी महाराजने कुमारपालको उपदेश किया कि, पूर्वकालमें राजगृहनगरका राजा श्रेणिक जो कि भगवान् महावीरके सर्व श्रावकोंमें प्रधान था, वह निरंतर सोनेके १०८जवोंसें परमेश्वरकी पूजा किया करता था। ऐसा कहनेसें उस श्रद्धाशाली राजाने तीर्थंकरनाम कर्म उपार्जन कियाथा। द्वारिकाधिपति श्रीकृष्ण वासुदेवने अनेक मुनियोंसहित बावीशमें तीर्थंकर श्रीनेमीनाथजीकों वंदन करके क्षायिक समकित तथा तीर्थंकर गोत्र उपार्जन किया था। और सातमी नरकके दलिये खपाकर तीसरी तक पहुंचाये थे। श्रेयांस, सुदर्शन, ऋषभदेवप्रभु तथा भरतचक्रवर्ति इन्होंने दान, शील, तप, और भावनाका अभ्यास करके तथा कामदेव श्रावकने धर्ममे पूर्ण श्रद्धा रखकरके स्वकार्य सिद्ध कियाहै। हे विचारशील चौलुक्य! तुमभी उन पुरुषोंका अनुकरण करके अरिहंत प्रभुकी पूजा, चारित्रपात्र गुरुओंकी उपासना, और, दानादिधर्मका अभ्यास करके

स्वकार्यको शीघ्र साधो। यह मनुष्यभव वारंवार प्राप्त होना बहुत मुश्किल है।

निर्मलबुद्धि—कुमारपालने अमृतके समान गुरुउपदेशसें प्रभुकी पूजा, गुरुमहाराजकी भक्ति और स्वधर्मी वात्सल्य आदि शासनोन्नतिकारक कार्य विशेषतया करने शुरु किये। कोई एक समय जिनपूजनमें सावधान हुआ राजा अनेक प्रकारके फूलोंसे अंगपूजा करके, आरतीसमय, प्रभुसामने खडा था। उससमय परमभक्त उस राजाको अत्यंत सुंदर रची हुई पूजा देखकर भी यथार्थ आनंद न हुआ क्योंकि उसमें पुष्पोंकी न्यूनता थी। इससें वह विचार करने लगा कि चंद्रमंडल जैसा मंदिर बनवाया परंतु सर्व ऋतुसंबंधि फूलोंके विना मेरे चित्तका उत्साह पूरा न हुआ। अहो सर्व सामग्री कोई पुन्यवानकोंही मिल सक्ति है मुझ भाग्यहीनको सर्व अनुकूल सामग्री कहां?

इस तरह राजाकी ऐसी एकांत भक्तिको देखकरके शासनदेवीने आकाशमें खडे होकर कहा है चौलु-

क्यपति ! तूं जरा मात्रभी अफसोस न कर। तेरी श्रद्धाको अभंग रखनेवास्ते नंदनवनके समान बगीचा तैयार कियाजावेगा। यह कहकर देवी अदृश्य होगई। और कुमारपालने बाहर आकर देखा तो देववन जैसा सुंदर मनोहर बगीचा नजर आया। इस बगीचेके चारों तर्फ देवता पहरा देते थे, उसमें समय समय उल्लासको प्राप्त होते हुए सर्व ऋतुओंके फूल दृष्टिगोचर होतेथे। इससें कुमारपालकी इच्छा सफल हुई और अत्यंत आनंदसे जिनार्चा कर स्वजन्मको कृतार्थ मानने लगा। श्रीजिनपतिकी भक्तिका इसप्रकार साक्षात् फल देखकर देवबोधि आदि अन्यमतावलंबी धर्मगुरुओंनेभी श्रीजैनशासनकी प्रशंसा की। और इस बातको अच्छीतरह स्वीकार किया कि, इहलौकिक तथा पारलौकिक सुखोंको देनेवाला श्रीजैनधर्मही सर्वधर्मोंमें प्रधान है।

अन्यदा श्रीहेमसूरिमहाराजने व्याख्यानद्वारा यह शिक्षा फरमाईकि, हे राजन्! जो प्राणी धर्म करता है

वहही अगाध संसारसमुद्रको तरताहै, और उस धर्मके दो भेद हैं उसमेंसें पहला क्षांती, आर्जव आदि भेदोंसें दश प्रकारका है। और उसके अधिकारी सर्व विरति, ब्रह्मचारी साधु हैं। दूसरा धर्म १२ व्रतरूप है, इसके अधिकारी गृहस्थ हैं। यह दोनोंही धर्म मुक्तिके साधन हैं, और इनकी निर्मलता सम्यक्त्वपर है। सम्यक्त्व श्रद्धाकाही अपरनाम है। वह श्रद्धाभी कदाग्रहरूप नहीं परंतु, 'सत्यको सत्य, और असत्यको असत्य' समझना इसरूप होनी चाहिये। सम्यक्त्वके प्राप्त होनेपर जीवका इरादा शुद्ध रहता है। इसवास्ते सम्यक्त्वधारी जीव नरकगतिमें नहीं जाता, मनुष्यगति, देवगति सम्यक्त्वधारीको कुछभी मुश्किल नही हैं। यावत् निर्वाण गमनमेंभी सम्यक्त्व ही आद्यकारण है। जैनशासनमें श्रद्धापूर्वक कीहुई क्रियाही यथार्थ फलकों देनेवाली बतलाई है।

सम्यक्त्वकी निर्मलतासेही व्रतग्रहण करनेका परिणाम होताहै। वह व्रत श्रावकके १२ हैं। जिसमेंसें

प्रथमव्रतका नाम 'अहिंसाव्रत' है। इसी व्रतके पाल-नेवास्ते शेष सर्व व्रतोंकी पालना है। स्वदया और परदयामें सर्व धर्मकार्योंका समावेश होता है।

जीवदया यह अद्वितीय और उत्कृष्ट धर्म है।

हरएक धर्मार्थीकों यत्नपूर्वक जीवदया पालनी चाहिये। दयालु मनुष्य त्रस जीवकी संकल्प (इरादे) सें, और स्थावरोंकी निरर्थक हिंसा करनेका त्याग जरूर करे।

अतिथि वगैरहकेवास्ते जो मूढ प्राणी स्मृति आदिके बलसें जीवोंका वध करते हैं, वेह थोडे दिनोंमें दुर्गतिके पराहुणे होनेवाले हैं। एक तर्फ असंख्य धन देकरके कराये हुए यज्ञ, और दूसरी तर्फ भयभीत प्राणियोंका रक्षण; इन दोनेमेंसें प्राणी-रक्षाका फलही अधिक है। सर्व वेद, सर्व यज्ञ, सर्व तीर्थाभिषेकभी उस फलको नहीं देसक्ते जो कुछ जीवदया दे सक्ती है। "मारूं" ऐसा उच्चार करने परभी जन्मभरका पुन्य नाश होता है। शस्त्र ग्रहण

करनेसें तीन भवका पुन्य नष्ट होता है। दूसरेके शरीरपर घाव करनेसें सौ भवका पुन्य नाश होता है। माताके आग्रहसें आटेके कुकडेकी हिंसा करनेवाला यशोधर राजा दुरंत दुःखकों प्राप्त हुआ है। इसवास्ते कल्याणकी इच्छावाले प्राणीकों चाहिये कि दावानलसमान हिंसाका सदा त्याग करे। और अनंत सुखके देनेवाली दयाका सर्वादरसें पालन करे॥

(दूसराव्रत, सत्यवचन)

इसभवमें और परभवमें अपमान और अविश्वास रूप फल समझ करके धर्मप्रियको असत्य वचनका त्याग करना चाहिये। एकतर्फ असत्य भाषणका पाप और दूसरीतर्फ अन्यपापाचार; इन दोनोंमें असत्यका पाप ज्यादा दुःखदाई है। अन्यशास्त्रोंमेंभी लिखा है कि, एकतर्फ १००० अश्वमेध और एकतर्फ सत्यव्रत; इनमें सत्यव्रतका ज्यादा फल शास्त्रकार फरमाते हैं। सिर्फ एकदिन असत्य भाषण करनेसे वसुराजा सातमी नरकका अतिथि हुआ था।

सत्य बोलना और हितकारी बोलना परंतु असत्य कदापि न बोलना। शास्त्रकारोंका फरमान है कि परिणाममें सुंदर ऐसा कटुक शब्द बेशक बोलो, परंतु परिणाममें दुःखदाई और स्वपरका घातक ऐसा प्रियभी न बोलो। निष्कारण कठोर वचन, चुगलखोरीका वचन, रागद्वेषकी वृद्धिका कारणभूतवचन, आत्मस्तुति परनिंदारूप वचन, इन सर्वका त्याग करके सत्य और सरल वचन बोलनेकी सदा आदत (टेव) रखनी उचित है।

(अदत्तादानविरमणव्रत ३)

जिसकी, बुद्धि परधन हरणेकी होती है उसकों प्रतिभव दूसरेकी नोकरी उठानी पडती है। चोर आदमी इस जन्ममें अविश्वास अनादर और भवान्तरमें दारिद्र दुर्गतिके दुःखोंका भोक्ता होता है। परद्रव्यके चुरानेवालेके दान, शील, तप, और भाव सर्व निरर्थक होते हैं। चोरीमें मारनेसेंभी ज्यादा पाप है

क्यों कि मारनेसे तो एक मरताहै, और चोरीसे, धनके साथ संबंध रखनेवाले समुदायका नाश होनेका भी संभव है। चोरीका त्याग करनेसें रोहिणीया चोर देवार्द्धिकों प्राप्त हुआ। इस दृष्टांतसें धर्माभिलाषीको सदाकाल स्ववस्तुसे इतरको देखकर गृद्धिभाव न करना चाहिये।

कुलीन पुरुष प्राणांतमें भी परधन हरण और परस्त्रीगमन नही करते हैं। धान्यका व्यापारी जैसे दुष्कालको, व्यभिचारणी पतिके घातको, वैद्य धनाढ्यरोगीको, नारद लडाईको, दोषग्राही परछिद्रको और डाकन दूसरेके छलकों देखते और चाहते हैं, वैसेही राजालोग धनवानका अपुत्रीया मरजानाही चाहते हैं।

(परस्त्रीका त्याग और स्वस्त्रीसंतोष ४)

धर्म्मार्थीको चाहिये कि परस्त्रीका त्याग करे। जगत्में अपकीर्ति, कुलका क्षय और दुर्गतिमें गमन यह सब फल परस्त्रीगमनके हैं। अपनी, पराइ, विवाही

और कुंवारी यह ४ ही प्रकारकी स्त्रीमेंसे, अपनी स्त्रीसे अतिरिक्त सर्व स्त्री, धर्मप्रियको माता बैन समान समझनी चाहिये। जो गृहस्थी स्वदारसंतोषी होकर परस्त्रीत्यागी रहता है वह सदा ब्रह्मचारीकी गिनतीमें है। लौकिकोक्तिभी है कि, "एकाहारी सदाव्रती। एकनारी सदा यतिः" धर्मशास्त्रोंका फरमान है कि,

सतीनां गुणवदान्यानां, साधूनां ब्रह्मचारिणां।
महिमानमिव द्रष्टुं, रविरायाति नित्यशः॥ १॥

जो धर्मशील पुरुष मनकरकेभी परस्त्रीको नहि चाहते हैं उन्हीके प्रभावसे पृथ्वी लोकको धारण करती खडी है। परस्त्रीसंगकी इच्छामात्रसे ही रावण चौथी नरकका अतिथि हुआ है इसवास्ते भवभ्रमणकी भीतिवाले विद्वान्को योग्य है कि भीष्मपितामहवाली वृत्तिकों धारण करके सदा ब्रह्मचर्य पाले, अगर ऐसा न कर सके तो केवल स्वस्त्रीमेंही संतोष माने॥

[अपरिमित परिग्रहका त्याग ५ और इच्छाका परिमाण ।]

जिसका मन धनउपर दृढतर लगा है वह प्राणी-कृत्याकृत्य, पुन्यपापको सर्वथा भूल जाता है और यह तो प्रत्यक्ष है कि कोटिउपायसेंभी संचय किया हुआ धन स्वमनको परितोषका देनेवाला नहीं है। संपादन, रक्षण और नाश ये तीनोंही अवस्था धनकी क्लेशके करनेवाली हैं। संसारका मूल आरंभ है और उसका मूल परिग्रह है। जिसके अंतःकरणमें लोभ अधिक होताहै, वह आरंभभी ज्यादा ही करताहै और ज्यादा आरंभ यह दुर्गतिका हेतु है। एतावता शास्त्रकारका उपदेश यहही है कि ज्यों बने त्यों सांसारिक भावोंसे इच्छाको रोकना अगर हजारसे स्वकार्यका निर्वाह होता है तो लक्षके वास्ते क्यों भटकना? असंतोषी प्राणीको त्रैलोकीका राज्य मिलनेपर भी संतोष नही होता तृष्णातप्तमनवालेका कदम कदममें अपमान

होता है, तृष्णाके प्रवाहसे खेंचाया हुआ बिचारा मम्मणशेठ क्रोडो कष्टोंसे उपार्जन किये हुए क्रोडो-रुपयोंके धनको छोडकर नरकमें चलागया। इस-वास्ते सुखार्थी प्राणीको हमेशा चाहिये कि इच्छाके पराधीन न होवे और उसे स्वाधीन करके शाश्वत सुखको प्राप्त करे।

(दिग् व्रतका स्वरूप और अधिक दिशामें जानेका त्याग। ६)

दशदिशाओंमें गमन करनेकी मर्यादा करनी, इस व्रतको दिग्व्रत कहते हैं। प्रमादी जीव सर्व दिशाओंमें होते हुये पापका कारण होता है। लोभसें पराभवको प्राप्त हुआ मनुष्य तीनोंही जगत्में गमन करनेकी इच्छा करता है।

इस वास्ते धर्मार्थीको ऐसा नियम होना चाहिये कि "मैं व्यापारनिमित्त इतने योजनसें ज्यादा नही

जाउंगा" और चउमासेमें भूमि त्रसाकुल होनेसें सर्वथा धर्मकार्यके विना गमनागमन न करना चाहिये। कहा है कि,

"दयार्थं सर्वजीवानां, वर्षास्वेकत्र संवसेत्"

पूर्व कालमें श्रीनेमिनाथ स्वामिके उपदेशसें कृष्ण वासुदेवने चउमासेमें द्वारिका नगरीके बाहिर जानेका पचक्खान कियाथा।

(७ मां भोगोपभोग व्रत)

जो वस्तु एकदफा काम आती है वह भोग, और दूसरी उपभोग। भोगमें भोजन कुसुम फल दुग्धादि गिने जाते हैं। उपभोगमें स्त्री वस्त्रादि इनका समावेश होता है। शक्तिअनुसार जो नियम कायम करना सो भोगोपभोग व्रत है।

दयालु मनुष्यको उचित है कि २२ अभक्ष और ३२ अनंत कायका त्याग करें और शेष उचित वस्तुओंका परिमाण करें।

(अनर्थदंडका त्याग ८)

आर्त और रौद्रध्यान । हिंसाके करनेवाले शस्त्रादि दूसरेकों देना, पापके कामका उपदेश करना घी, तेल, पानी, दुध आदि के वर्तनोंको खुल्ले रखने, यह विना ही अर्थ (प्रयोजन) के पापाचरण है। इस लिये यह अनर्थ दंड कहा जाता है, इस कामका न करना यह धर्मी श्रावकका आठमां व्रत है।

(९ मा सामायिक व्रत)

मन, वचन और कायाके अशुभ व्यापारोका त्याग और पापरहित व्यापारका सेवन करना, दो घडीपर्यंत समतामें रहना इसका नाम सामायिक है। आगमका फरमाना है कि सर्व पापके कार्योंका त्याग करनेवाला, ३ गुप्तिकों धारण करनेवाला, छकायकी रक्षा करनेवाला, और शुद्ध उपयोगमें वर्त्तनेवाला जीव सामायिकस्थ गिणा जाता है।

(देशावकाशिक नामा १० मां व्रत)

छठे दिग् व्रतमें जो परिमाण किया हुआ है उसमेंसे दिनमें और रात्रिमें जो कमती करना, जैसे कि दिग् व्रतमें सारी उमर वास्ते ऐसा नियम लिया है कि, १०० योजनसें[1] ज्यादा न जाऊंगा, तो आज सौ योजन जानेकी मरजी न होवे तथा केवल १० ही योजनेसें प्रयोजन सरता होवे तो केवल १० योजन खुले रखकर नवसो नव्वे योजनका आजके दिनवास्ते त्याग करे। "धर्मके वास्ते जहां जाना होवे बेशक जासकूं ऐसी धारणा रखे"।

(पौषधोपवास नामा ११ मां व्रत)

अष्टमी, चतुर्दशी आदि पर्वदिनोंमें, अथवा जिस दिन अपनी भावना होवे उस दिन आहारका, शरीरकी शोभाका, मैथुन (स्त्रीसेवन) का और पापके व्यापारोंका, त्याग करना, इसे शास्त्रकार

---

१ चारकोसको योजन कहते हैं

पौषध कहते हैं। इस व्रतमें जितना समय जाता है विद्वान् उसे चारित्रका काल कहते हैं।

(अतिथिसंविभाग नामा १२ मा व्रत)

जो महात्मा सर्व तिथि और पर्वोंका त्याग करके दीक्षाका स्वीकार करते हैं वे अतिथि कहे जाते हैं, और शेष भिक्षुक अभ्यागत कहलाते हैं।

अतिथियोंको शुद्ध अन्न पाणीका देना वह अतिथिसंविभागव्रत कहा जाता है। साधुमुनीराजका योगहोनेपर गृहस्थीकों उचित है कि उनकों श्रद्धा, सत्कार पूर्वक अन्न देकरके पीछे स्वयं खावे। साधुके अभावमें समानधर्मीकी भक्ति करे।

हे राजन्! जो मोक्षार्थी भव्य प्राणी इन द्वादशव्रतोंका सेवन और पालण करता है सो अवश्यमेव संसारको तर जाता है, उक्त प्रकारसें गुरुमहाराजके मुखसें धर्मके मर्मकों सुनकर चौलुक्य मणि श्री कुमारपालमहाराजने सम्यक्त्वमूल द्वादशव्रतोंकों,

अंगीकार किया। परम दयालु राजाने कर्णाटक १ गुजरात २ कोकण राष्ट्रकीर ४ जालंधर ५ सपाद लक्ष ६ मेवाड ७ द्वीप ८ और भीर आदि अपनी मातहद (सत्ता) के १८ देशोंमें अमर पटह वजवायाथा काशी वगैरह १४ देशोंमें दान विनय बल और मैत्रीसें जीव दयाका पालण करायाथा, 'छाणेविना पाणी कोई न पीवे, जुं और कुंथु जैसे छोटे जानवर-कोंभी कोई न मारे.' ऐसा सक्त हुकम कियाथा। राज्यादिककी अधिष्ठाइकाकोंभी बलीदानमें मांसका निषेध वगैरह दयाके कार्योंसें यह राजा श्रेणिका-दिसेंभी ज्यादा उपयोगी हुआथा। इस विषयमें अत्यंत प्रसन्न होकर सूरिजीने इस तरह राजाकी स्तुति कीथी, छखंडका स्वामी भरत चक्रीभी जो कामकरनेमें असमर्थ था वोह काम इस धर्मात्माने कर दिखायाथा, धर्मशील परमार्हत भूपति महान् कष्ट आनेपरभी असत्य नहीं बोलताथा, तीसरे व्रतकी रक्षामें परधनकी चोरी तो क्या परंतु अपु-

त्रका धनभी नही लेताथा, एक समय सभामें विराजमानराजाके पास नगरके ४ शाहुकार आये, प्रणामपूर्वक उनके बैठने पर उनकी आकृति शोकातुर मालूम होनेसें राजाने पूछा क्युं शेठजी उदास क्युं? शाहुकार हाथ जोडकर—साहेब आपके राज्यमें उपद्रवका तो नामभी सुना नहीं जाता परंतु भावी बलवान है आपके नगरके अलंकारभूत स्वर्णकोटिध्वज कुबेरदत्त शेठका अकस्मात् परदेशमें मृत्यु हुआ सुनाहै, उसकी औलाद (संतान) नहीं है इस लिये प्रार्थना है कि आप श्रीजी उसके धनको ग्रहण करें तो उसकी पाश्चात्त्य क्रिया की जावे। राजा-आश्चर्यपूर्वक उसकी मिलकत कितनी है? शाहुकार-साहेब बहुत है, यह सुनकर दयालु राजा मनमें विचारने लगा कि, क्रोडों कष्ट उठाकर एकठा किया हुआ धन जो अपुत्रीयेके मरनेपर स्त्रीकों यां उसके मातापिताकों आधारभूत होना चाहिये निर्दय होकरके उसका हरण करना राजाकी कितनी बेइन-

साफी है ? उस विचारसें राजाने कहा मेरे यह धन लेनेका नियम है, तथापि—उसके घरकी हालत देखनेकों आताहुं, पालकीमें बैठ कर राजा कुबेरदत्तके घर आया उसके मकानोंकों देखकर मनमें अतीव आश्चर्य हुआ, सब प्रदेशोंकों देखता हुआ राजा मकानके एक भव्य प्रदेशमें पहुंचा, वोह प्रदेश घर चैत्यालय (पूजास्थान था वहां परमेश्वरकी सुंदर प्रतिमाके दर्शन कर राजा बाहर आताथा कि बारा व्रतोंकी परिमाण पुस्तक (टीप) उसकी नजर पडी, जिसमें पंचमव्रतके वास्ते शाहुकार कुबेरदत्तने ऐसा लिखा हुआथा कि "वैराग्यसें तरंगित मनवाला मैं कुबेरदत्त श्रीगुरुमहाराजके चरणकमलोंमें गृहस्थधर्मके योग्य १२ व्रत अंगीकार करताहुं आजसें लेकर कोई त्रस जीवकी इरादेसे निष्कारण हिंसा न करूंगा झूठ न बोलुंगा चोरी न करूंगा परस्त्रीगमन न करूंगा मांस मदिरा माखण मधु नहीं खाऊंगा रात्रीभोजन नही करूंगा पांचवे

व्रतमें ६ क्रोड सोना मोहर ८०० तोला मोति १० अमूल्यमणी २००० खांडी धान्य २००० घडे घी तेल १०००० घोडे १००० हाथी ! ८०००० गाय ५०० हल ५०० दुकान ५०० मकान ५०० जहाज ५०० गाडा इतनी जायादात मेरे बापदादाकी कमाई हुई मेरे घरमें मौजूदहै । आजसें व्यापारमें जो लाभ होवे सो सब शुभ रास्ते खरच करूंगा, इस तरहके कुबेरदत्तके परिमाणपत्रकों वाचकर राजाने आश्चर्यपूर्वक कुबेरदत्तकी प्रशंसा करी । आगे बढकर देखा तो २ स्त्रियें रुदन करती हुई नजर पडी पूछनेसें मालूम हुआ कि इनमें यह कुबेरदत्तकी माता है इसका नाम "गुणश्री" है दूसरी उसकी स्त्री है इसका नाम "कमलश्री" है राजाने उनकों दलासा देकर पूछा कि बहिन ! यह समाचार तुमकों किसने सुनाया ? गुणश्रीने कहा महाराज ! वामदेव नामा कुबेरदत्तका मित्र है उसकी जुबानी हमें यह समाचार मिलाहै, राजाने उसीवक्त वामदेवको

बुलाया और सारा समाचार पूछा, वामदेवने कहा साहेब! हम सब लोग कुबेरदत्तके साथ ५००—५०० आदमीयोंसे भरेहुए ५०० जहाज लेकर देशांतर गयेथे, वहां व्यापार करनेसें १४ क्रोड सोनैयोंका लाभ हुआ, पीछे लोटते हुए हमारे वाहन चक्रमें पडगये, इससें पहले और भी कोई शाहुकारके ५०० वाहन वहां फसे हुएथे इस बनावसें हम सबकों अत्यंत खेद पैदा हुआ परंतु उपाय कुछ भी हाथ न आनेसें सबके सब लाचार हो गये और जीनेकी आशा सर्वथा छोड बैठे, इतनेमें कोई एक नैमित्तिक नावामें बैठकर वहां आया और आकर हमसें बोला सुनो मैं तुमकों बचनेका उपाय बताता हुं, सबलोग ज़रा स्वस्थ हुए कुबेरदत्तने सविनय पूछा परोपकारी शेखर! आप कौन हैं? कहांसें आये हैं? और हमारी जान बचानेका आपके पास क्या उपाय है? नैमित्तिकने कहा "यहांसें नजीक पंचशृंग द्वीप है मैं वहांका रहीश हुं सत्यसागर नामा हमारे राजाने

पोपट (तोते) के मुंहसें तुमारे कष्टके वृत्तान्तको सुना और मुझे तुमारे उद्धार वास्ते यहां आनेकी आज्ञा करी है अब तुमारे बचनेका रास्ता (उपाय) यह है कि यह जो सामने पर्वत नजर आता है इसमें एक दरवाजा है उस रास्ते होकर जिनचैत्यमें जाओ वहांजाकर नगारा बजाओ उससे वहां बैठे हुए भारंड पक्षी उडेंगे और उनकी पांखोंके वायुसें तुमारे जहाज चलेंगें" हे राजशेखर! उस निमित्त-ज्ञके कथनानुसार कुबेरदत्तने स्वयं वहां जाकर वैसा किया जहाज फौरन चलकर किनारेपर आलगे इस-पर मैं अनुमान करता हुं कि कुबेरदत्त वहांसें जीवता नही निकला होगा क्युं कि साधन विना ऐसे अगा-धसागरमेंसें कैसे निकला जावे? इस बातकों सुनकर राजा जब पीछे लोटने लगा तो कुबेरदत्तके मुनी-मोंने २० कोटी सुनैयै ८ कोटी रुपया हजार तोला रत्न लाकर दिये, परंतु राजाने उन्हे तृणसमान समझ-कर छोड दिया और गुणश्री आदिको आश्वासन

देकर कहा तुम निश्चिंत रहो कुबेरदत्त अवश्य जीता आवेगा, यह कहकर राजा उनके घरसें बाहेर निकलने लगा कि उसी वक्त नवीन स्त्रीके साथ विमानमें बैठकर आकाश रास्तेसें आते हुए कुबेरदत्तकों देखा! कुबेरदत्तने भी नीचे उतरकर राजाकों और माताकों नमस्कार किया। राजा प्रसन्न मुखसें बोला अहो! कुबेरदत्त तो यह आया! कुबेरदत्त हाथ जोडकर राजाके सामने खडा रहा राजा—शेठजी बडी खुशीका समय है आप सुखे २ घर आये। भला उस मंदिरमें आपने कैसे गुजारी? कुबेरदत्त–महाराज! वहां घूमते हुए मैंने एक शून्यनगर और राजमहेल देखा, जब मैं उसके अंदर गया तो वहां एक सुंदर कन्या बैठीथी उसने मुझे स्नेहसें बुलाया, और आदरसे बैठाया, मैंने उसे पूछा सुंदरि! तुं कौन हैं? और यह नगर कौनसा है? उसने जबाब दिया कि यह 'पातालतिलक' नाम नगर है, इसमें 'पातालकेतु' विद्याधर राजा राज्य करताथा, उसकी 'पाताल-

सुंदरी' राणीकी कुक्षीसें पैदा हुई 'पातालचंद्रिका' नामकी मैं पुत्रीहुं। मेरा पिता मांसाहारीहै एक दिन रांधा हुआ मांस बिल्लीनें खराब (जुठा) करदिया और दूसरा मांस न मिलनेसें रसोईयेने मरे हुए बालकका मांस तयार करके उसे खिलायाथा उस दिनसें मेरा पिता उस मनुष्यमांसका लोभी हुआ हुआ प्रजाके मनुष्योंका अन्त करने लगा। आज यह नगर सर्वथा शून्य हो गया है ! मनुष्यमांसका व्यसनी मेरा पिता अब यहां स्वार्थ सिद्ध न होनेसें अन्यत्र फिरता हैं ! आप जाणते हैं कि व्यसनासक्त मनुष्य सर्वस्वकाभी नाशकर देता है ! पातालतिलका मुझसें यह वृत्तान्त सुनातीथी कि उसी वक्त विद्या-धर वहां आपहुंचा, उसने खुश होकर अपनी लडकी मुझसें विवाहदी, मैंने थोडा अरसा वहां रहकर उसे प्रतिबोध किया और "पंचेंद्रिवध करनेसें मनुष्य नरकगामी होकर अनंत दुःखोंका भागी होताहै" ऐसा समझाकर उस महापापसें बचाया, मुझे अपना

जमाई और धर्मदाता समझकर विद्याधर स्वकीय विमानमें बैठाकर यहां छोड गयाहै! और यह "पातालतिलका" जो कि आपके सामने खडी है उसी विद्याधरकी लडकी है! इस अद्भुत वृत्तान्तकों सुनकर चकित हुआ हुआ राजा बोला हे कुबेरदत्त! तुमने दूसरोंके प्राणोंकी रक्षा वास्ते अपने प्राणोंकों तृणसमान समझा १ कल्याणीस्त्री प्राप्तकरी २ मांस भक्षी राजाकों धर्मी बनाया ३ और क्षेम कुशलसें घर आये ४ इससें संसारमें क्या क्या लाभ नहीं प्राप्त किया? धन्य है तुमारे जैसे पुन्यात्माओंकों!। इस प्रकार कुबेरदत्तकी प्रशंसा करता हुआ राजा स्वस्थानपर पहुंचा। कुबेरदत्तभी राजमहेलतक राजाके साथ गया, आज्ञा होनेसें स्वस्थानपर आकर आनंदसें जीवन गुजारने लगा। कुमारपालने राज्य प्राप्तिसें पहेलेही सूरिजी महाराजसें "परनारीसहोदर" व्रत लिया हुआथा, १२ व्रत ग्रहणके पहले राजाकी अनेक राणीयोंथी परंतु व्रत ग्रहण पीछे एक

भोपल देवीही विद्यमानथी, शेष सर्व अल्पायुः होनेसें कालकर गईथी, राजाकी विषयवासना अल्प होनेसें इससेंही संतोष मनाताथा, और वर्षाकाल (चउ-मासेके ४ मास) सर्वथा त्रिविध ब्रह्मचर्य पालताथा, कितनेक काल पीछे भोपल देवीका भी देहांत हो जानेसें राजाने सर्वथा यावज्जीव ब्रह्मचर्य धारण कियाथा। पांचमें व्रतमें ६ क्रोड सोनैया ९ क्रोड रुपया १००० रत्न ५ लाख घोडा १०००० उंट १००० हाथी ८० हजार गौ ५०० घर ५०० वखारें ५०० गाडा इतना सामान्य परिग्रह रखाथा, सैन्यमें ११०० हाथी ५०००० रथ ११००००० घोडे १८००००० पयादा इससें ज्यादाका नियम कियाथा। छठे व्रतमें चउमासेकी मौसममें पाटणके कोटकी बाहिर न जाना, और शहरमें भी देवगुरुके वंदन पूजन विना व्यर्थ न फिरना, ऐसी प्रतिज्ञा की हुईथी, राजाके इस नियम की खबर सर्वत्र फैल गईथी, इससें गजनीका बाद-

शाह "शिकंदर" चउमासे की मौसममें लडाई करनेकों आया। उसका इरादा यह था कि, राजा चउमासेंमें फौज लेकर सामने नहीं आवेगा और मेरा दाव लगेगा। राजाने जब इस समाचारकों सुना तो उसे बडी चिंता हुई, थोडेसे अपने परिवारकों साथ लेकर गुरुमहाराजके पास गया, और सारी बात सुनाई, गुरुमहाराजने कहा तुम फिकर न करो धर्म खुदही तुमारा रक्षण करेगा, ऐसा कहकर गुरुमहाराजने राजाकों धर्ममें स्थिर करने वास्ते पद्मा-सन लगाकर कोई देवताका आराधन करना शुरु किया, दो घडी हुई कि आकाशसें उतरता हुआ पलंग राजाके दृष्टिगोचर हुआ आश्चर्यमग्न होकर राजाने पूछा महाराज! यह पलंग किसका है? इसमें कौन सूता है? इतनेहीमें वोह पलंग राजाके पास आगया, गुरुमहाराजने कहा इस पलंगमें तुमारा वैरी 'तुर्काधिपति' सुताहै, हमने मंत्र शक्तिसें इसकों यहां मंगवाया है। इधर बादशाह तुर्काधिपतिकी भी

आंख खुली तो कुमारपाल और हेमचंद्रजीके पास अपना पलंग देखा, आश्चर्यमें आकर सोचने लगा यह कौनसी जगह है ? यह राजा कौन है ? पाटपर यह महंत कौन बैठा है ? इस विचारमें पडे हुए बादशाहकों सूरिजीने कहा क्या देखते हो ? यह सर्वशक्तिमान् कुमारपाल भूपाल है। इसके पुन्यके प्रभावसें देवता तुमकों तुमारी फौजमेंसें उठाकर यहां लाया है ! अब अगर अपना भला चाहते हो तो इस भाग्यशाली महाराजका शरण ल्यो, यह सुनकर बादशाहने पलंगसें नीचे उतरकर राजा और गुरुमहाराजकों नमस्कार किया और हाथ जोडकर अर्ज की कि, एक दफाकी मेरी भूल माफ करो, फिर ऐसा न करूंगा, राजाने कहा जो हुआ सो हुआ परंतु यदि तुम अपने संपूर्ण राज्यमें प्रतिवर्ष ६ महीने जीवदया पलाना मनजूर करो तो तुमारा छुटका हो सक्ता है, अन्यथा नहीं, इसमें तुमको भी पुन्य होगा इस बातकों सिकंदरबादशाहने खुशीसें

स्वीकार कीया, तब राजा उसे अपने महलोमें लेगया, और खातरपूर्वक भोजन आच्छादन देकर विदाय कीया, उस दिनसें सिकंदरने अपने राज्यमें प्रतिवर्ष ६ मास दया पलाणी शुरु करी इस बनावकों देख-कर लोक खुशीसें बोले.

ईदृग् जगद्गुरुः शक्तिभुक्तिमुक्तिप्रदायकः ।
ईदृग् दृढव्रतो राजा, श्राद्धः काले कलौ कुतः ? ॥१॥

सातमें व्रतमें कुमारपालराजर्षीने २२ अभक्ष और ३२ अनंतकायका सर्वथा त्याग किया हूआथा । तपके पहले दिन तथा पिछले दिनकों वर्जेकर शेष दिनोमें एकाशना करनेका भी दृढ नियम रखा हुआथा, अनर्थदंड नाम आठमें व्रतमें सातही व्यसनों का सर्वत्र त्याग कराया था, स्वयं तो राजा खुदही ऐसे पाप नहीं करताथा, विकथा आदि अनर्थकों न सेवन करके राजा देवगुरुकी कथाओंमें वक्त गुजारा करताथा ९ में व्रतमें प्रतिदिन २ सामायक करनेका नियम रखाथा, प्रातःकालके

सामायकमें योगशास्त्रके १२ प्रकाश और वीतराग स्तवके २० प्रकाशोंका स्मरण किया करताथा देशावकाशिक भी उपयोगपूर्वक त्रिकरण शुद्धिसें करताथा, ११ में व्रतमें राजा सर्वपर्वोमें उपवास करताथा, उपवासके दिनरात्रीकों सर्वथा निद्रा न लेकरके धर्मकथामें ही सारी रात गुजारताथा, बहुत समय कायोत्सर्गसें खडे रहकर और वैसा न बने तब दाभके आसनपर बैठकर प्राणायामकी क्रियामें रात्री व्यतीत किया करताथा, १२ व्रतमें अपने राज्यमें रहनेवाले श्रावकोंसें ७२ लाख रुपये का कर (टेकस) जो कि सर्वसाधारणथा राजाने वोह म्वाफ कर दियाथा, और आभडशेठकों हुकुम कियाथा कि जो श्रावक गरीब हालतसे तुमारे पास आवे उसे १००० सोनेमोहर देनी, वर्ष पीछे जितना रुपया होवे खजानेसें लेजाना, एक वर्षके बाद जब हिसाब मंगवाया तो क्रोड रुपया हुआ राजाने शेठकों रु० देने वास्ते खजानचीकों आज्ञा करी परंतु उसने रुपया लेनेसें इन-

कार क्रिया राजाने पूछा तो शेठ बोला मैं भी स्वधर्मी वात्सल्यका लाभ लेना चाहाताहुं राजाने कहा ऐसा करनेपर मेरा १२ मां व्रत कलंकित होता है इस वास्ते यह लाभ मैं कोइकों नहीं देसक्ता सुनकर शेठने रुपया स्वीकार लिया। एक दिन गुरुमहाराजने दानका उपदेश देते हुए फरमाया कि, "सर्व दानोंमें अन्न दान प्रधान है तीर्थंकर देव भी अन्नदाताके सामने हाथ लांबा करते हैं" अनुकंपामें पात्रापात्र देखनेकी जरुरत नहीं है, परंतु सुपात्रदान देनेमें पात्रकी परीक्षा अवश्य करनी चाहिये, उत्तमपात्र साधु है, मध्यमपात्र अनुव्रती है, और सर्वजघन्य पात्र केवल सम्यक्त्वधारी है, सुपात्र और अनुकंपा यह दोनोंही प्रकारसें दिया हुआ अन्नपाणी महाफल वास्ते होता है, इत्यादि उपदेशकों सुनकर राजाने स्वधर्मी वात्सल्य और गरीबोंकें दुःखोंकों दूर करने वास्ते एक विशाल दानशाला बंधाई, उसकी देखरेखका अखत्यार शेठ नेमिनागके सुपुत्र अभयकुमार श्रीमा-

लीकों दिया, राजा उपवासके पारणेके दिन त्रिभुवन-पाल विहारमें स्नात्रके प्रसंगपर आये हुए स्वधर्मी लोगोंके साथ मिलकर भोजन किया करताथा, कोई भी भूखाप्यासा खाली न जावे इस वास्ते भोजनके समय दरवाजे खुल्ले रखवाये जातेथे, इसी तरहसे बारमा व्रत पालते हुए राजाने समानधर्मी लोगोंकी पूर्णबहुमानसें भक्ति की, स्वयं सर्वादरसें इस व्रतकों पालते हुए राजाने दानादिद्वारा सहस्रों अन्यधर्मावलंबियोंकों भी जैन धर्मके अनुरागी बनाया संक्षेपमें कहजावे तो उसने कलिदुष्टको जीत कर सत्युगकी जागृति करी। एक समय गुरु महाराजने कहा कि हे राजाधिराज! जीनमंदिर १ जिनप्रतिमा २ जिनागम ३ साधु ४ साध्वी ५ श्रावक ६ श्राविका ७ इस प्रकारसें तीर्थंकरोनें ७ क्षेत्रोंका वर्णन किया है, जिनमंदिरके बनवानेसें सम्यक्त्वकी शुद्धि होती है जिनप्रतिमाके दर्शनसें शय्यंभवसूरि आर्द्रकुमार आदि अनेक जीवोंने

बोधिबीज प्राप्त किया है, प्रभुके शास्त्रके सुननेसें रोहणिये चोर दृढप्रहारी अर्जुनमाली जैसे पापियोंकाभी कल्याण हुआ है, साधु साध्वीकी सेवा करनेसें अनंत जीव संसारसे तरगये हैं, कहा है कि साधूनां दर्शनं पुण्यं, तीर्थभूता हि साधवः। तीर्थं फलति कालेन, सद्यः साधुसमागमः ॥१॥ श्रावक श्राविकारूप क्षेत्रोंका पालन तीर्थंकर देवके उपदेशसें भरत भूपतिने किया है, इस वास्ते हे राजन्! कल्पवृक्ष जैसे नंदनवनमें वृद्धिंगत होता है. और शुभ फलोंका जनक होता हैं—वैसे इन क्षेत्रोंमें किया हुआ पुन्यकार्य वृद्धिंगत होकर अक्षय फलकों देनेवाला होता है। इस प्रकार गुरुमहाराजके उपदेशकों सुनकर परमार्हतकुमारपालनें पाटण में २५ हाथ उंचा ७२ जिनालययुक्त "त्रिभुवनपाल" नामसें विहार (मंदिर) बनवाया, और उसमें १२५ अंगुल उंची श्रीनेमिनाथ स्वामीकी प्रतिमा पधराई, देशाटण करते हुए राजाके प्रमादसें १ चूहेकी हिंसा हुईथी उसके प्रायश्चित्तमें

दयालु भवभीरु राजानें "उंदरविहार" नामसें चैत्य बनाया.

एक समय राजा घेवरोंका भोजनकर रहाथा, उस वस्तुको खाते हुये प्रथमावस्थामें भक्षण किया हुआ अभक्ष याद आया, मनमें विचार हुआ कि जैसे घेवरोंका कट्क २ शब्द होता है वैसा मिथ्या-दृष्टि अवस्थामें जब मैं मांस खाताथा तब उसका शब्द हुआ करताथा, इस खराब इरादेसें राजाका चित्त उस भोजनसें हटगया और खोटे अध्यवसायके कारणभूत मलीन मनकी निंदा करने लगा, अब इस पापकी शुद्धिके वास्ते सूरिजी महाराजके पास जाकर प्रार्थना की कि स्वामिन्! अज्ञानतासें परिणाम मलिनतारूप इस पापके नाशका उपाय फरमाओ, गुरुने कहा "पत्थरसें दांत तोड दो" गुरुवचनका विश्वासी राजा जब वैसा करने लगा तो गुरुने उसका हाथ पकडलिया, और कहा बस! तुमारा पाप दूर हुआ तो भी धर्मानुरागी राजाने ३२ मंदिर

श्रेणी बंध बंधाये जिनमें २४ वर्तमान तीर्थंकर ६ विरहमालतीर्थंकर रोहिणीसमवसरण अशोकवृक्ष और गुरुपादुकाकी स्थापना करी.

एक समय चौलुक्यपति कुमारपाल सपरिवार गुरु-महाराजकों बंदना करनेवास्ते गया तब श्रीगुरुमहाराज श्रीअजिनाथ स्वामीकी स्तुति करते थे, राजाने मारवा-डपर चढाई करी तब रास्तेमें "तारंगा" पर्वत देखाथा उसका महिमा गुरुमहाराजको पूछा गुरुने फरमाया राजन्! यह पर्वत परम पवित्र है, यहां अनंत मुनि सिद्ध पदकों प्राप्त हुए हैं, इसवास्ते इस तीर्थका महिमा शत्रुंजय महातीर्थ जैसा है, राजाने इस बातकों सुन-कर तारंगापर्वत उपर २६ हाथ उंचा प्रासाद कराया और उसमें १०१ अंगुल प्रमाण श्रीअजितनाथ स्वामीकी प्रतिमा पधराई, खंभातमें श्रीहेमचंद्रसूरि-जीकी दीक्षाके स्थानपर विशालमंदिर बनवाया, और उसमें रत्नमई वीर प्रभुकी प्रतिमा और सुवर्ण-मयी गुरुमहाराजकी पादुका पधराई, एकसमय राजा

गुरुवंदनकों जा रहाथा, रास्तेमें एक विशाल चैत्य (मंदिर) बनता हुआ देखकर अंदर गया. वहांपर बाहड मंत्री (जो कि इस मंदिरको बनवाता था) राजाके सन्मुख आया, और उसने साथ होकर राजाकों संपूर्ण चैत्य दिखाया, राजा इस मंदिरकी अलौकिक शोभाकों देखकर प्रसन्न मनसें वहां थोडी देर बैठा, इतनेमें नेपालके नरेश तर्फसें श्रीपार्श्वनाथकी चंद्रकांतमयी २१ अंगुलप्रमाण प्रतिमा भेट आई इस चमत्कारी प्रतिमाकों देखकर राजाने बाहड मंत्रीको कहा—मंत्रीराज! आप यदि यह प्रासाद मुझे दे दो तो मैं इस प्रतिमाकों इस दिव्यप्रासादमें पधराउं, इस विषयके वार्तालापकों सुनकर लोकोंनें एक जुवानसें कहा कि "अहो जैन धर्मकी बलिहारी है कि जिसमें राजा भी मंत्रीसें धर्मकी प्रार्थना करता है"!!

जिनागमका आराधन करनेमें तत्पर राजशेखर कुमारपालने २१ ज्ञानभंडार करवाये थे इस भूपतिकों ६३ शलाकापुरुषचरित्र सुननेकी इच्छा होनेसें

गुरुमहाराजने ३६ हजार श्लोक प्रमाण नया ग्रंथ रच्या, राजाने उसकों सोनें चांदीके अक्षरोंसे लिखाया, तयार होजानेसें पट्टहाथीपर पधराकर छत्र चामिरादि ठाटमाठसे महोत्सवपूर्वक धर्मशालामें ल्याकर रखा, वहां सामंत मंत्री आदि मंडलसहित राजाने सुवर्णरत्न और वस्त्रादिसें पूजा करके श्रीगुरु महाराजके मुखसें हर्षपूर्वक आद्योपान्त सुना, इसी प्रकारसें ११ अंग और १२ उपांगकीभी एक एक प्रति सुवर्णादिके अक्षरोंसें लिखाई और गुरुमहाराजके मुखसें सुनी, योगशास्त्र और वीतराग स्तवके ३२ प्रकाश सुवर्ण अक्षरोंसें हस्तपुस्तकरूप लिखाए, और प्रतिदिन मौनपणे उनके स्पर्ण करनेका नियम रखा, गुरुमहाजके बनाये हुए सर्व पुस्तकोंकों लिखानेका नियम धारण किया और ७०० लेखकोंकों बुलाकर काम शुरु कराया। एक समय गुरु महाराजको वंदन करके कुमारपाल लेखकोंके पास गया, और उनको कागजों उपर लिखते हुए देख-

कर गुरुमहाराजसें पूछा कि यह लोग कागजों पर क्युं लिखते हैं? गुरुमहाराज बोले अबी कुछ ताड पत्रोंकी न्यूनता है.

यह सुनकर दुःखपूर्वक राजाने विचार किया कि अहो! गुरुमहाराज हमपर इतना उपकार करके ग्रंथ नये रचते हैं और मैं उनके लिखाने के साधनभी एकठे नहीं करसक्ता !! मेरी श्रद्धा क्या कामकी इस विचारमें आरूढ होकर राजानें गुरु महाराजसें प्रार्थना करी कि "महाराज मुझे उपवासका पचक्खाण कराइये.

गुरुमहाराजने पूछा आज उपवास क्युं? राजा बोला जब ताडपत्र पूरे होंगे तब ही मैं भोजन करूंगा, राजाकी इस प्रतिज्ञाकों सुनकर गुरुमहाराज और सामंत मंत्री आदि बोले राजन्! ताडपत्रोंका स्थान यहांसें बहुत दूर है आपकी यह प्रतिज्ञा कैसे पार पडेगी? ऐसा कहनेपरभी राजाने जोरावरी उपवास करलिया.

अनंतर राजा अपने वनमें आया वहांपर खर ताडके वृक्ष थे उनकी चंदन बराससे पूजा की, और श्रद्धापूर्वक बोला कि "यदि मेरा सन्मान श्रीजैन-धर्मपर परिपूर्ण है तो तुम खर ताडोंके पत्र सुकोमल हो जाओ" यह कहकर राजा स्वस्थानपर पहुंचा और वोह रात्री केवल धर्म ध्यान करकेही निकाली धर्म प्रिय राजाके प्रभावसे शासन देवीने उन सर्व वृक्षोंके पत्तोंको कोमल कर दिया! इस बनावकी खबर राजानें सुनी तब बडी खुशी मनाई, ताडपत्र मंगवाकर गुरुमहाराजकों भेट किये, गुरुमहाराजने आश्चर्यपूर्वक पूछा राजन्! यह क्या?

राजाने सभासमक्ष सर्व वृत्तान्त कह सुनाया, सुनकर सर्व जनोंने आनंद मनाया, और उसवक्त गुरुमहाराजनेभी राजाकी और जैनधर्मकी स्तुति की, और प्रसन्नतापूर्वक आशीर्वाद दिया कि, "तुमारे जैसे धर्मानुरागी पृथ्वीमें शाश्वत रहो" गुरु-महाराजके दिये आशीर्वाद तथा शिक्षा बचनोंकों

हर्षके प्रकर्षसें स्वीकार कर जिनशासनके अपूर्व वैभवको सुनते हुए राजाने घर आकर आनंदपूर्वक पारणा किया, एकदिन सूरजी महाराज देशना देते थे उसवक्त वहां आये हुए परदेशी श्रावकोंकों सुवर्णके फूलोंसें गुरुचरणोंकी पूजा करते हुए देख राजाने पूछा तुम कौन हो? और कहांसे आये हो? वोह बोले हम परदेशी श्रावक हैं पूर्वकालमें श्रीमहावीर स्वामीके उपदेशसें श्रेणीक[1] जो कुछ कर नहीं सका सो जीवदयारूप पुन्यकार्य जिसके उपदेशसें करनेको आप भाग्यशाली हुए हैं उस गुरुमहाराजके चरणरजसें आत्माकों और दर्शनसें नेत्रोंको पवित्र करनेके लिये यहां आये हैं, इस बातकों सुनकर राजाने प्रसन्नतापूर्वक उन स्वधर्मी जनोंकी सेवा की और अभिग्रह किया कि निरंतर मैंनेभी गुरुमहाराजकी पूजा स्वर्णकमलोंसें करनी, एक समय राजानें गुरुमहाराजसें श्रीशत्रुंजयका माहात्म्य सुना और यात्राका

१ मगधका राजा।

ढंढेरा फिराकर, स्वयं संघपतिका पट्टधारण किया, उस संघमें जानेवास्ते कुमारपालके सामंत वाग्भट्टादी मंत्री राजमान्य नगरशेठका पुत्र आभट षट्भाषाचक्रवर्ती श्रीदेवपाल कवी और दानेश्वरीलोगोंमें अग्रेसरी सिद्धपाल और भंडारी कपर्दि पाटणपुरका राणा प्रल्हाद ९९ लाखकी पुंजीवाला छाडा शेठ कुमारपालका भाणेज[1] प्रतापमल्ल १८ सौ शाहुकार श्रीहेमाचार्यादि मुनि और दूररेभी सर्व दर्शनवाले गृहस्थ तथा धर्मगुरु अन्यान्य गाम नगरोंके क्रोडों लोग तयार हुए ११ लाख घोडे ११ सौ हाथी और १८ लाख पयादोंकों साथ लेनेका हुकम होनेसें वोह सब तयार हुए, और याचक लोगोंकी टोलीयोंभी एकठी हुई, इसप्रकारसें अद्वैत यात्रा महोत्सव चलता था इतनेमें जैनधर्मके धोरी राजाने स्वाभाविक रीतीसें यात्राका विधि पूछा तब गुरुमहाराज बोले कि समकितधारी, १ पादचारी, २ सचित्तपरिहारी,

---

१ भाणज ।

३ ब्रह्मचारी, ४ भूमिसंथारी, ५ और एकल[1] आहारी, ६ यह छ री, कों शुद्धरीतीसें पालण करके यात्राकरनी यह मुख्य विधि है, मेरुसमान निश्चलचित्तवाले राजाने छ री पालते हुए यात्रा करनेकी धारना की, रास्तमें खुल्ले पाओंसें चलते हुए राजाकों देखकर गुरु महाराजने कहा हे राजेंद्र ! खुल्ले पाओंसें चलते हुए आपकों क्लेश होगा, इसवास्ते योग्य साधनकी योजना करो तो ठीक है, राजा नम्रतापूर्वक बोला हे भगवन् ! पूर्वकालमें परवश होकर पाओंसें थोडा रखडाहुं ? मुझे कर्मकी निर्जराका कारणभूत तीर्थाभिमुखगमन जरामात्रभी क्लेश नहीं देता बलकि अधिकाधिक उत्साह देता है, इसप्रकारसें गुरुमहाराजकों संतुष्ट करके महाराज कुमारपालने गुरुमहाराजके साथही गमन करना शुरु किया, समुदाय ज्यादा होनेसें बालवृद्धसर्वकों अनुकूल पडे इसवास्ते ५-५ कोसके पडांव रखे गये, प्रतिग्राम जिनचैत्योंमें महामहोत्सव कराये जाते थे,

---

१ एकदफा भोजन करना ।

स्वधर्मी लोगसंघकी और संघपतिकी भक्तिमें तत्पर थे, सत्वशाली राजा सर्वसंघालुओंके भोजन करलेनेपर दीन दुःखियोंकी खबर पूछकर सबसें पीछे भोजनकिया करता था.

इस लोकोत्तर उत्साहसें सर्वजीवोंकों आश्चर्य पैदा करता हुआ संघपति कुमारपाल सूरिजी महाराजकी जन्मभूमि 'धंधुका' गाममें आ पहुंचा, वहां अपने बनवाए हुए 'झोलिकाविहार' चैत्यमें स्नात्र ध्वजारोपणादि शुभ कार्य करवाये, और वहांसे अविच्छिन्न प्रयाणोंसें "वल्लभीपुर"[1] की सीमामें जाकर मुकाम किया वल्लभीपुरके पासमें दो पहाडियां सामने सामने थीं[2] उनके मध्यमें गुरुमहाराजने सवेरका पडिकमना किया राजाने उन दोनों पहाडियोंपर मंदिर बनवाकर ऋषभदेव स्वामी और वीर प्रभूकी प्रतिमासें स्थापन करवाई, वहांसें अगाडी चलते हुए "श्रीशत्रुंजय"

---

१ काठियावाडमें पालीताणसें १६ कोसके फांसले पर 'वला' नामसें मशहूर. २ जो आजतकभी मौजूद हैं।

पर्वतके दर्शन हुए तब संघपतिने सकल संघके साथ गिरिराजकों पंचांगप्रणाम किया, और सोनेके फूलोंसें वधाया, नैवेद्य चढाया, चंदनादिसें अष्टमंगल लिखे, राजपुत्री 'लिलु' प्रमुख और सामंतोंकी स्त्री और लडकियोंनें आनंदपूर्वक गिरिराजकों नमन किया और, अक्षत मौक्तिकोंसें वधाया उस दिन राजा आदि अनेक धर्मात्माओंने उपवास किये। वहांसें चलकर तीसरे दिन पालीताणे पहुंचे, अगले दिन प्रातःकाल परम आनंदपूर्वक तलेटीजाकर गिरिराजकों चैत्यवंदन किया, और गुरुमहाराजकों जमने (दाहिणे)पासे रखकर राजाधिराज कुमारपालने परमपवित्र तीर्थाधिराजपर चढना शुरू किया, रास्तेमें हरएक वृक्ष तथा देवायतनकी पूजा करता हुआ राजशेखर मरुदेवी टूंकमें आया वहांसे श्रीशांतिनाथ स्वामीकी और कपर्दि यक्षकी पूजा करके पहली पोलमें आपहुंचा, वहांपर सर्व याचकोंकों विविध प्रकारका दान देकर श्रीयुगादीश्वर प्रभुके प्रासादके

द्वारपर जाकर उस अग्रद्वारकों सवासेर मोतियोंसे व-
धाया, पीछे देवाधिदेवकी प्रदक्षिणाके समय लोकोत्तर
रम्यतासें प्रसन्न होकर "राजा वाग्भट्ट" मंत्रीकों बोला
हे मंत्रीश्वर ! आपका पराक्रम अद्भुत है, आप खरे
खर महापुरुषोंके मान योग्य हैं, सर्व जगत्के आधार-
भूत इस तीर्थका उद्धार करके आपहीने पृथ्वीका
'रत्नगर्भा' यह नाम सत्य कर दिखाया है, आप
कृपा करके आगे हो जाइए, और मुझे यात्रामें सहाय
दीजिये, मंत्रीश्वरने राजाके प्रशंसायुक्त वचनकों
सुनकर मस्तक नमाया और छडीदारकी तरह राजा-
का हाथ पकडकर सब स्थानोंके दर्शन करवाये
इस प्रसंगमें राजानें गुरुमहाराजकों प्रभुकी स्तवना
बोलनेकी प्रार्थना की राजाकी प्रार्थना और आत्मो-
ल्लाससें गुरुमहाराजने सर्वजनसमक्ष श्रावकोत्तम
'धनपाल' की बनाई हुई 'जयजंतुकप्प' इत्यादि
ऋषभपंचाशिकाके काव्योंद्वारा परमात्माकी स्तुति
करी, उसे सुनकर राजाप्रमुखने विज्ञप्ति की कि

भगवन्! आप तो स्वयं 'कलिकालसर्वज्ञ' विरुदकों धारण करते हैं तो फिर गृहस्थकी बनाई हुई स्तुतिद्वारा स्तवनकरनेका क्या प्रयोजन?

गुरुने कहा जैसी सद्भक्ति और सद्गुणरचना इस स्तुतिमें गुंथन की है, ऐसी हमारेसेंभी नही की जाति। वहांसे रायण नीचे आये तब गुरुमहाराजने फरमाया कि यह वोह वृक्ष है—जिसके समीप ऋषभदेवस्वामी ९९ पूर्ववक्त समवसरे हैं, इसवास्ते यह वृक्ष सर्वदेव दानव मनुष्य विद्याधरोंकों वंदन पूजन करने योग्य है, इसके नीचे इन्द्रमहाराजकी बनाई हुई यह प्रभुकी चरणपादुका है इस माहात्म्य-सूचक उपदेशकों सुनकर राजाने रायण तथा पादुकाकी मोतियोंसें पूजा करी, इस प्रकारसें तीन प्रदक्षिणा समाप्त करके राजाप्रमुख श्रीआदीश्वर प्रभुके सन्मुख आये, प्रभुके दर्शनसें राजाके मनमें इतना आनंद हुआ कि, जो तीन भुवनके राज्यसें भी दुर्लभ था प्रभुके मुखकमल पर नेत्रोंकों स्थिर

करके क्षणमात्र हर्षाश्रुधाराकों वर्षाता हुआ. राजा निश्चल खडा रहा, तदनंतर गंभीर वाचासें अत्यंत भक्तिगर्भित पद्योंद्वारा परमेश्वरकी स्तवना करने लगा "तथाहि—

य: परमात्मा परमज्योतिः परमः परमेष्ठिनाम् ।
आदित्यवर्णं तमसः परस्तादामनन्ति यं ॥ १ ॥
सर्वे येनोदमूल्यंत, समूला क्लेशपादपाः ।
मूर्ध्ना यस्मै नमस्यंति, सुरासुरनरेश्वराः ॥ २ ॥
प्रावर्तत यतो विद्या, पुरुषार्थप्रसाधिका ।
यस्य ज्ञानं भवद्भावि-भूतभावाऽवभासकृत् ॥ ३ ॥
यस्मिन्विज्ञानमानंदं, ब्रह्म चैकात्मतां गतं ।
स श्रद्धेयः स च ध्येयः, प्रपद्ये शरणं च तं ॥ ४ ॥
तेन स्यां नाथवांस्तस्मै स्पृहये यं समाहितः ।
ततः कृतार्थो भूयासं, भवेयं तस्य किंकरः ॥ ५ ॥
तत्र स्तोत्रेण कुर्यां च, पवित्रां स्वां सरस्वतीं ।
इदं हि भवकांतारे, जन्मिनां जन्मनः फलं ॥ ६ ॥
काऽहं पशोरपि पशुर्वीतरागस्तवः क च ? ।

उत्तितीर्षुररण्यानीं, पद्भ्यां पंगुरिवास्म्यतः ॥७॥
तथापि श्रद्धामुग्धोहं, नोपालभ्यः स्खलन्नपि।
विशृंखलापि वाग्वृत्तिः, श्रद्दधानस्य शोभते ॥८॥
श्रीहेमचंद्रप्रभवाद्वीतरागस्तवादितः।
कुमारपालभूपालः, प्राप्नोतु फलमीप्सितं ॥ ९ ॥

बाद अंदर आकर प्रभुके नव अंगोंपर नवलाखकी कीमतके नव रत्न भेट किये और पूजा करके स्वकीयात्माकों त्रिभुवनपूज्य बनाया, चैत्यवंदन और स्तवनासें धर्मात्मा राजाने संसारमात्रमें दुर्लभ अपूर्व आनंद मनाया, पीछे अठाई महोत्सव कराकर सुवर्णका दंड और ध्वज चढाया।

मंदिरमें पूर्वके राजाओंने चढाई हुई वस्तुओंकों देखकर राजाकों यह भी दृढ निश्चय हुआ कि इस तीर्थकी पहले राजामहाराजाभी पूजा करते आये हैं, इंद्रमाल पहेरने का समय आया तब उसकी उ- छरामणी (बोली नजराना) में वाग्भट्ट मंत्री ४ लाख

रुपया बोला राजा ८ लाख, मंत्री १६ लाख, राजा ३२ लाख, इस प्रकार इंद्रमालका घी बोला जाताथा।

इतनेमें एक श्रावक जो कि गुप्तदान किया करताथा उसने एकदम आकर सवा क्रोडकी उद्घोषणा की, राजानें कहा इस भाग्यशालीकों आगे लाओ, भूपतिकी आज्ञासें और आह्वानसें वोह महुवा गामका रहनेवाला जगडुशाह साधारण वेशसें आगे आकर बैठा, उसके वेशसें राजाकों शंका पडी इस लिये राजाने कहा पहले द्रव्यका निश्चय करके बोली छोडनी, यह सुनकर जगडुशाह बोला साहेब तीर्थ और धर्म सर्वसाधारण हैं, इस वास्ते यहां हरएक लाभ ले सक्ता है, और जो बोलेगा अपनी शक्ति अनुसारही बोलेगा, यह कहकर सवाक्रोड रुपयेके रत्नोंकों आगे रखदिया, देखकर राजानें खुशी मनाई, और कहा आप हमारे सर्वके मुख्य संघवी हैं, इस वास्ते आप खुशीसें तीर्थमाला लेकर कृतार्थ बनियें, यह कहकर राजानें जगडुशाहकों तीर्थमाला दी।

इसने वोह माला तीर्थभूत अपनी माताकों पहना दी इस शुभ प्रसंगपर और भी अनेकधर्मी धनपतियोंने तीर्थमालाएँ ली, और पवित्र तीर्थपर न्यायोपार्जित लक्ष्मीकों कृतार्थ किया। राजानें इस प्रसंगपर याचकोंको दान दिया, एक कवीनें आकर सूरिजीमहाराजकी चमत्कारी वाक्योंसें स्तवना की, राजाकों बडा आनंद पैदा हुआ कवीकों नव लाख रुपया बक्षीस किया, इस प्रकार शासनोन्नति करते हुए राजानें धीमे धीमे गिरिराजसें नीचे उतरकर पालीताणेमें स्थान किया. केइदिन वहां रहकर गुरुमहाराजकों साथ लेकर गिरनार तर्फ प्रयाण किया. वहांपरभी अनेक धर्मकार्योंसें शासन की अपूर्व प्रभावना की. दूसरे दिन प्रातःकाल गुरुमहाराजके साथ जब राजा गिरनार पर्वतपर चढता है इतनेमें वोह पर्वत कांपा, राजाने मनमें डरकर पर्वतके कंपनेका कारण पूछा तब गुरुमहाराज बोले वृद्ध पुरुषोंका ऐसा कथन है कि, इस पर्वत उपर २ भाग्यशाली साथ नहीं

चढ सक्के, अगर चढें तो उपद्रव होता है, इसवास्ते अपने दोनो साथ नहीं चढें, यह कहकर सूरिजी महाराजने राजाकों आगे जानेकी प्रेरणा करी. राजाने कहा साहेब! मेरे आगे जाने में विनयका भंग होता है, इसवास्ते आप श्रीजी आगे पधारो, यह सुनकर गुरुमहाराज आगे पधारे और राजा सकल संघकों साथ लेकर पीछे चढा, और वहां आनंदपूर्वक लाखों रुपया खरच कर पूजाका प्रारंभ किया. पूजा कार्यकों समाप्त करके राजाने गुरुमहाराजकों पूछा—हे ज्ञानसागर! यह प्रतिमा किसने कब बनवाई है? गुरुमहाराजने गइचउवीसीके सागर तीर्थंकरके समयसें लेकर सारा हाल सुनाया। अनेक प्रकारके उत्सव करके धर्मप्रियराजानें आत्माकों कृतार्थ किया, बहुत दिनतक वहां रहे और पूजा प्रभावना स्वाधर्मीवात्सल्यसें शासनोन्नति करी, यहांभी मालाके समय उसी पुन्यात्मा "जगडुशाह"ने सवाक्रोड, माणिक्य देकर इंद्रमाला ली

और इंद्रपद्वी धारण की, राजाने तीर्थसंबंधि सर्व कार्य समाप्त करके परमेश्वरके सामने खडे होकर प्रार्थना करी कि हे देवाधिदेव! मुझे केवल तुमाराही शरण है।
तुम मुझपर सदा प्रसन्न रहकर तुमारे स्वरूपकी प्राप्ति दो, हे परमात्मन्! तुमारे गुण अनन्त हैं—इस वास्ते मैं पामर किस प्रकार तुमारी स्तुति करसक्ता हूं?
